हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11

खेल

## इंडिया वर्से इंग्लैंड : 10वां इंटरनेशनल शतक लगाकर गिल ने तोड़ा शहवाग और युवाराज...



Page 10

देश

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवहन विभाग और परिवहन निगम के 122 अभ्यर्थियों को प्रदान

कृष्ण पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080

• औरंगाबाद • सोमवार • 05 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 57 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

### सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 58, 100 | ₹75,500 |



### आज का इतिहास

- **2007 :** भारतीय मूल की सुनीता विलियम्स अन्तरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला बनीं।
- **2010 :** भारतीय निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने नीदरलैंड इंटरनेशनल शूटिंग चैपियनशिप में 600 में से 596 अंक हासिल कर स्वर्ण जीता।

### न्यूज बाइट्स

#### राज्य में 318 प्रखंड उद्यान पदाधिकारियों की होगी भर्ती, बीपीएससी को रिक्तियां भेजीं

**पटना (नि.सं.)।** राज्य के सभी प्रखंडों में उद्यान पदाधिकारी होंगे। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी के रिक्त पदों को भरने की कार्रवाई तेज हो गई है। 318 प्रखंडों में जल्द ही उद्यान पदाधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की चयन प्रक्रिया पूरी करने के लिए कृषि विभाग ने रिक्ति सामान्य प्रशासन के माध्यम से बीपीएससी को भेज दी है। उद्यान पदाधिकारियों की कमी से उद्यान से जुड़ी योजनाएं प्रभावित होती हैं। अभी 40 प्रखंडों में नियमित उद्यान पदाधिकारी हैं। 148 प्रखंडों में संविदा पर उद्यान पदाधिकारी हैं। 318 प्रखंड उद्यान पदाधिकारी की नियुक्ति होने के बाद सभी प्रखंडों में उद्यान पदाधिकारी के पद भरे जाएंगे।

#### विदेश मंत्रालय में मजूमदार बने सचिव (पूर्व), कपूर सचिव (पश्चिम) नियुक्त

**नई दिल्ली (ए.)।** विदेश मंत्रालय में भारतीय विदेश सेवा के अधिकारी जयदीप मजूमदार को सचिव (पूर्व) और पवन कपूर को सचिव (पश्चिम) नियुक्त किया गया है। वर्ष 1989 बैच के आईएफएस अधिकारी श्री मजूमदार वर्तमान में ऑस्ट्रिया की राजधानी वियना स्थित भारतीय राजदूत हैं। वहीं, वर्ष 1990 बैच के आईएफएस अधिकारी पवन कपूर वर्तमान में रूस में भारत के राजदूत हैं। श्री मजूमदार के स्थान पर श्री शंभु कुमारन को ऑस्ट्रिया में भारतीय राजदूत बनाया गया है।

#### सरकारी स्कूल अब प्राइवेट से भी होगा आगे

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छठी से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों को कंप्यूटर की विशेष शिक्षा प्रदान की जाएगी। इसके लिए राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद (एससीईआरटी) पाठ्यक्रम तैयार कर रहा है। विद्यार्थियों को स्कूल के बाद कंप्यूटर में उच्च शिक्षा हासिल करने में अधिक परेशानी न हो, इसे देखते हुए पाठ्यक्रम में प्रोग्रामिंग व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआइ) के तहत आने वाले ब्लाक चेन व चैट-जीपीटी के बारे में पढ़ाया जाएगा। कक्षा छह के विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग की मूलभूत जानकारी दी जाएगी। साथ ही कक्षा के अनुसार और विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी। एससीईआरटी की ओर से कंप्यूटर विषय के लिए अलग-अलग वीडियो कंटेंट भी तैयार किए जा रहे हैं। नए सत्र से इन विषयों को पाठ्यक्रम में जोड़ा जाएगा। एससीईआरटी के निदेशक सज्जन आर. ने बताया कि बच्चों को कंप्यूटर विषय में विशेष शिक्षा प्रदान करने का मुख्य उद्देश्य उन्हें मौजूदा दौर की नई तकनीकों से अवगत कराना है। अलग-अलग कक्षाओं के अनुसार विभिन्न विषयों और उनके स्तर का मूल्यांकन कर शिक्षकों की टीम अंतिम सूची जारी करेगी।

### असम के दो दिवसीय दौरे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई विकास परियोजनाओं का किया उद्घाटन

# कामाख्या मंदिर कॉरिडोर, 11600 करोड़ की सौगात

**एजेंसी** | गुवाहाटी (असम)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के पूर्वोत्तर दौरे पर हैं। पीएम मोदी का यह दौरा लोकसभा चुनाव से पहले हो रहा है। असम के दो दिवसीय दौरे पर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राज्य में 11,600 करोड़ रुपये की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन किया। एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, पीएम मोदी ने असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा शर्मा के साथ एक रोड शो किया, जिसके बाद उन्होंने परियोजनाओं का अनावरण किया। पीएम मोदी की यात्रा लोकसभा चुनाव से पहले हो रही है, जो पूर्वोत्तर में भाजपा की पहुंच की रूपरेखा तैयार कर सकती है। आने वाले लोकसभा चुनाव में एनडीए 2019 के रिजल्ट को और बेहतर करने की कोशिश करेगी। 2019 के लोकसभा चुनाव में एनडीए ने जहां 14 लोकसभा सीटों में से नौ सीटें हासिल की थी।

पीएम मोदी की पूर्वोत्तर यात्रा महत्वपूर्ण है क्योंकि यह क्षेत्र की विकास संबंधी जरूरतों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर करती है। विकासात्मक परियोजनाओं के उद्घाटन से यात्राओं में भी आसानी होगी जिससे असम में लोगों की लाइफ स्टाइल में बदलाव आएगा।



#### रखी कामाख्या मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला

पीएम मोदी का मुख्य फोकस तीर्थ स्थलों पर आने वाले लोगों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करना है। इस प्रयास में एक और कदम उठाते हुए पीएम मोदी ने 498 करोड़ रुपये की लागत वाले कामाख्या मंदिर कॉरिडोर की आधारशिला रखी। इस कॉरिडोर को प्रधानमंत्री विकास पहल उत्तर पूर्वी क्षेत्र (पीएम-डिवाइन) योजना द्वारा मंजूरी दी गई थी। राज्य में खेल के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए मोदी ने चंद्रपुर में एक अंतरराष्ट्रीय मानक के खेल स्टेडियम और नेहरू स्टेडियम को फीफा मानक फुटबॉल स्टेडियम के रूप में उन्नत करने सहित परियोजनाओं का उद्घाटन किया।

#### कई परियोजनाओं की सौगात

पीएम मोदी ने 3,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई सड़क उन्नयन परियोजनाओं की आधारशिला भी रखी, जिसके तहत दक्षिण एशिया उपक्षेत्रीय आर्थिक सहयोग (एसएएसईसी) कॉरिडोर कनेक्टिविटी के हिस्से के रूप में 38 पुलों सहित 43 सड़कों को उन्नत किया जाएगा। इसके साथ ही, उन्होंने दो 4-लेन परियोजनाओं - डोलाबारी से जामुगुरी और बिश्वनाथ चारियाली से गोहपुर का भी उद्घाटन किया। उन्होंने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के बुनियादी ढांचे और करीमगंज में एक मेडिकल कॉलेज के विकास की आधारशिला रखी। कार्यक्रम के बाद मोदी का रविवार दोपहर नई दिल्ली लौटने का कार्यक्रम है।

#### पीएम नरेन्द्र मोदी ने रैली में बजट का किया जिक्र

गुवाहाटी में रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि इस बजट में एक बहुत बड़ी योजना की घोषणा हुई है। बीते 10 वर्षों तक हमने हर घर तक बिजली पहुंचाने का अभियान चलाया, अब हम बिजली का बिल जीरो करने के लिए काम कर रहे हैं। यही नहीं बजट में सरकार ने रूफटॉप सोलर की योजना का ऐलान किया है। इस योजना के तहत शुरुआत में सरकार 1 करोड़ परिवारों को रूफटॉप सोलर लगाने में मदद करेगी। इससे उनका बिल भी जीरो होगा, साथ ही सामान्य परिवार अपने घर पर बिजली पैदा कर उसे बेचकर कमाई भी करेगा।

# सक्षमता परीक्षा के खिलाफ टीचर, जाएंगे हाईकोर्ट

- 3.5 लाख नियोजित शिक्षकों को टेस्ट देना अनिवार्य, नौकरी बचाने के लिए एक बार पास होना जरूरी

**निज संवाददाता** | पटना



बिहार में नियोजित शिक्षकों के सक्षमता परीक्षा पास करने की अनिवार्यता पर बवाल मच गया है। नियोजित शिक्षक हाईकोर्ट जाने की तैयारी में हैं। प्रदेश के साढ़े तीन लाख नियोजित शिक्षक सड़क पर फिर उतर सकते हैं। शिक्षा विभाग के अपर प्रमुख सचिव केके पाठक ने नियोजित शिक्षकों के लिए शनिवार को एक नया आदेश जारी किया गया था। इसमें यह कहा गया है कि अगर नियोजित शिक्षक तीन बार ली जाने वाली सक्षमता परीक्षा में नहीं बैठते हैं, तो इन्हें अपने नौकरी से हाथ धोना पड़ेगा। नौकरी बची रहे इसके लिए एक बार पास होना जरूरी है।

केके पाठक के इस आदेश के बाद शिक्षक संघ ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया है। शिक्षक संघ के नेता राजू सिंह का कहा कहना है कि शिक्षा विभाग का यह फैसला शिक्षक नियोजन नियमावली के उलट है। राजू सिंह ने कहा कि विभाग और सरकार के इस आदेश को हम लोग हाईकोर्ट में चुनौती देंगे।

#### एक फरवरी को आदेश आया

बता दें कि बिहार में नियोजित शिक्षकों की संख्या करीब साढ़े तीन लाख है। दो दिन पहले यानी एक फरवरी को सक्षमता परीक्षा को लेकर एक कमेटी का गठन किया गया था। इसका अध्यक्ष केके पाठक को बनाया गया है। इस कमेटी में बीएसईबी के अध्यक्ष आनंद किशोर, सज्जन आर.(निदेशक, राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद), कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव (निदेशक, प्राथमिक/माध्यमिक शिक्षा) शामिल होंगे।

#### कमेटी का क्या काम होगा?

सक्षमता परीक्षा में फेल होने वाले या एग्जाम में शामिल नहीं होने वाले उन अभ्यर्थियों को लेकर कमेटी विचार करेगी। विचार करने के बाद कमेटी हफ्ते भर में अपनी अनुशंसा राज्य सरकार को सौंपेगी। शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक की ओर इस संबंध में आदेश जारी कर दिया गया है। राजू सिंह ने आगे कहा कि शिक्षा विभाग नियोजित शिक्षकों को अलग-अलग तरीके से प्रताड़ित करने का काम कर रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यह कहा था कि नियोजित शिक्षकों से मामूली परीक्षा ली जाएगी। उन्हें राज्य कर्मी का दर्जा दे दिया जाएगा, लेकिन शिक्षा विभाग ने जिस तरह टीचर नियुक्ति भर्ती की परीक्षा बीपीएससी के जरिए कराया था, उसी तरह की परीक्षा नियोजित शिक्षकों के लिए भी की जा रही है।

# सीएम ने निर्माणाधीन बापू टावर का लिया जायजा, अधिकारियों को दिए निर्देश

**निज संवाददाता** | पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को गर्दनीबाग में निर्माणाधीन बापू टावर का निर्माण कार्य का जायजा लिया और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बापू टावर के पांचवें, तीसरे एवं पहले तल पर जाकर-जाकर निर्माण कार्य को देखा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण से जुड़ी जानकारी दी। मौके पर मौजूद भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य से संबंधित विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है और इसे फिनीशिंग टच दिया जा रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने के लिए कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें, ओरियंटेशन हॉल एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव को निर्देश देते हुये कहा कि बापू टावर का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण करायें। इसका निर्माण जल्द पूर्ण होने से बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी जान सकेगी। बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, उनके विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से लगाव, बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित करें, ताकि आमजन यहां आकर उसे देख और समझ सके। उन्होंने निर्देश दिया है कि बापू टावर का पूरा परिसर ग्रीन एरिया रहे, परिसर बेहतर और व्यवस्थित दिखे। जब बापू टावर बनकर तैयार हो जायेगा तो बहुत अच्छा दृश्य दिखेगा और लोग यहां आकर बापू के बारे में जानकारियां प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा है कि उनकी इच्छा है कि जल्द से जल्द बापू टावर का निर्माण कार्य पूर्ण हो। इस दौरान मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव डॉ० चन्द्रशेखर सिंह, पटना डीएम शीर्षत कपिल अशोक, एसएसपी राजीव मिश्रा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



# आपके स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर में होगी नई सुविधा

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में स्मार्ट बिजली प्रीपेड मीटर की लोकप्रियता बढ़ रही है। लाखों उपभोक्ताओं के मकान दुकान में स्मार्ट मीटर लगा दिए गए हैं। लेकिन नेटवर्क की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ता है। नेटवर्क की समस्या से कनेक्शन नहीं हो रहे स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटर उपभोक्ताओं के लिए राहत भरी खबर है। कंपनी ने मीटर में पुश बटन लगाने का निर्णय लिया है। पुश बटन से उपभोक्ता 48 घंटे तक बिजली की सुविधा पा सकेंगे। दरअसल राज्य में 26 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर लग चुके हैं। स्मार्ट मीटर में नेटवर्किंग की समस्या लगातार आ रही है। मीटर में पैसा होने के बावजूद बिजली गुल हो जा रही है। कंपनी के समक्ष यह लगातार शिकायत मिल रही है कि मीटर में पैसा है लेकिन बिजली गुल हो जा रही है। इसके अलावा कंपनी के पास यह भी शिकायत आ रही है कि मीटर में पैसा खत्म होने पर जब रिचार्ज कर रहे हैं तो कई घंटे तक बिजली बहाल नहीं हो पा रही है। इससे निपटने के लिए ही कंपनी ने मीटर लगाने वाली एजेंसियों को पुश बटन लगाने का निर्देश दिया है। बटन पुश कर उपभोक्ता को 48 घंटे तक बिजली जाने का सामना नहीं करना पड़ेगा।

#### स्मार्ट मीटर में ब्लू टूथ की भी होगी सुविधा



स्मार्ट मीटर में ब्लू टूथ की भी सुविधा दी जा रही है। नेटवर्क में समस्या आने पर उपभोक्ता स्मार्ट मीटर को अपने ब्लू टूथ से जोड़कर चालू कर सकेंगे। ब्लू टूथ के माध्यम से उपभोक्ता अपने स्मार्ट मीटर को चालू कर सकते हैं। हालांकि इसका काम अभी शुरू हुआ है। उपभोक्ताओं को कुछ दिनों तक इंतजार करना पड़ेगा।

# बिहार में आज बारिश और ठनका को लेकर मौसम विभाग का येलो अलर

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में आज वज्रपात और मेघगर्जन के साथ छिटपुट बारिश होने के आसार हैं। इस बाबत 26 जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार रविवार रात से ही आसमान में बादल छाने लगेंगे। रविवार को इस मौसम का सबसे शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ हिमालय में प्रवेश किया। इसके प्रभाव से ही वज्रपात और मेघगर्जन के साथ छिटपुट बारिश होने के आसार हैं। वहीं पश्चिमी विक्षोभ हिमालय से सोमवार को आगे बढ़ जाएगा। इससे सर्द हवा बिहार में प्रवेश करने का पुर्वानुमान है। इसके प्रभाव से तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की कमी आएगी। लोगों को फिर से कनकनी का एहसास होगा।

रविवार को पटना सहित प्रदेश के 11 शहरों के अधिकतम तापमान में गिरावट आई है। वहीं पटना सहित 17 शहरों के न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी और 14 में गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को पटना के अधिकतम तापमान में 1.4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आई। वहीं न्यूनतम तापमान स्थिर रहा। पटना का अधिकतम तापमान 24.9 और न्यूनतम 12.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

#### इन जिलों में है बारिश का येलो अलर्ट



मौसम विभाग ने पटना, पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, बेगूसराय, अरवल, जहानाबाद, नालंदा, शेखपुरा, लखीसराय, कैमूर, रोहतास, औरंगाबाद, गया और नवादा में वज्रपात और मेघगर्जन के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

# अपमान सहकर भी करेंगे बिहार का विकास : मंत्री श्रवण कुमार

**निज संवाददाता** | पटना



जदयू के सीनियर नेता और कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार नई सरकार में तीन विभाग संभालेंगे। सीएम नीतीश के करीबी श्रवण कुमार के पास ग्रामीण विकास, समाज कल्याण और खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग की जिम्मेदारी दी गई है। सोन वर्षा वाणी ने मंत्री श्रवण कुमार से खास बातचीत की है। नीतीश कुमार बिहार के सबसे कद्दावर नेता हैं। नीतीश कुमार की सोच विकास और तरक्की की है। बिहार की तरक्की और विकास तभी हो सकता है, जब आपस में भाईचारा हो। सभी साथ में रहें। डबल इंजन की सरकार से बिहार को हर क्षेत्र में आर्थिक मजबूती मिलेगी। इन्हीं पॉइंट को मजबूती के साथ जनता के सामने रखेंगे। हर अपमान सहकर बिहार का विकास करेंगे। बिहार की जनता से जो वादा किया है, उसे पूरा करेंगे। जनता से किए वादे को पूरा करने में भारत सरकार का सहयोग मिलेगा।

# आज से टीवी पर फिर शुरू होगी रामायण

**नई दिल्ली(ए.)।** दूरदर्शन के डीडी नेशनल चैनल पर पांच फरवरी से दोपहर 12 बजे और शाम पांच बजे रामायण सीरियल का प्रसारण फिर से शुरू होगा। सीरियल रामायण हर किसी का फेवरेट रहा है, 90 के दशक के बच्चों का बचपन ही इस सीरियल को देखते हुए बीता है, दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले इस शो की दीवानगी आज भी उसी तरह है जैसे उस जमाने में हुआ करती थी, हर धर्म के लोगों ने इस सीरियल को खूब प्यार दिया है, वहीं अब अयोध्या में राममंदिर निर्माण पर रामायण सीरियल की मांग बढ़ गयी।

### सरकार बना नही है रणनीति

# बिहार में खत्म होगा भू-माफिया का आतंक

**निज संवाददाता** | पटना

बिहार में भूमि विवाद के कारण हो रही हिंसक घटनाएं हो रही हैं। मारपीट, गोलीबारी और हत्या की बात आम हो गई है। इस पर नियंत्रण के लिए प्रशासन भू-माफियाओं की हिस्ट्री शीट तैयार करेगा। जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, एक जमीन को कई लोगों को बेचने वाले, जमीन पर धारा- 144 लागू होने के बाद भी निर्माण कार्य करने वाले लोगों की पहचान के लिए प्रशासन हिस्ट्री सीट तैयार करेगा। भू-माफियाओं की हर थाने और अंचलों में सूची होगी ताकि उस एरिया में जमीन से जुड़े विवाद या घटना के बाद ऐसे लोगों को चिह्नित किया जा सके। पटना के डीएम शीर्षत कपिल अशोक और एसएसपी राजीव मिश्रा ने दानापुर अनुमंडल में विधि व्यवस्था की समीक्षा की। डीएम-एसएसपी ने कहा कि भू-माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं होगी। जो अधिकारी भू-माफिया के साथ लिप्त या कार्रवाई में नरम पाए जाएंगे उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम और एसएसपी ने कहा कि भूमि विवाद के मामलों को प्राथमिकता दें। दानापुर अनुमंडल क्षेत्र में काफी तेजी से विकास हुआ है। जमीन की कीमत अधिक होने से विवाद भी बढ़ा है। इसे हर हाल में रोकना होगा। एसडीएम और डीएसपी अपने स्तर से निगरानी करें। वरीय अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दें, ताकि उसे लेकर ठोस कार्रवाई की जा सके। भूमि विवाद के समाधान के लिए शनिवार को थाना स्तर पर जो बैठक हो रही है उसमें अंचलाधिकारी से मिलकर मामले का निपटारा करें। डीएम ने कहा कि केवल बैठक करने से नहीं होगा। कार्य में पारदर्शिता भी लानी होगी। शनिवार को थानास्तर पर होने वाली बैठकों का व्यवहारिक तौर पर परिणाम क्या रहा है इसकी समीक्षा भी की जाएगी।



#### भूमि विवाद के 164 मामले का हुआ निपटारा

दानापुर के एसडीएम प्रदीप सिंह ने डीएम को बताया कि जनवरी माह में भूमि विवाद के कुल 164 मामलों का निपटारा किया गया है। जो लंबित है उसे जल्द निपटारा कर दिया जाएगा। भूमि विवाद के मामलों को तेजी से निपटारा किया जा रहा है।

#### अवैध शराब को लेकर नियमित छापेमारी के निर्देश

डीएम और एसएसपी ने ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए निरोधात्मक कार्रवाई भी करें। इसके अलावा शस्त्रत् सत्यापन एवं जिन इलाकों में पैसे को खर्च कर मतदाताओं को प्रभावित करने की आशंका है वहां विशेष नजर रखें। उसे व्यय की दृष्टि से संवेदनशील मानें। उत्पाद विभाग और पुलिस के अधिकारी अवैध शराब को लेकर नियमित छापामारी करें। जब्त शराब को 48 घंटे के अंदर नष्ट करें। शराब की तस्करी में कार्रवाई की 15 दिन पर समीक्षा होगी।



बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
ई-पेपर
www.sonvarshavani.com sonvarshavani.com/epaper


## संक्षिप्त समाचार

### ओखरिया में सांसद ने किया योजना का उद्घाटन



**कौआकोल**। नवादा के सांसद सह रालोजपा नेता चंदन सिंह रविवार को अपने एक दिवसीय दौरे के अंतर्गत कौआकोल प्रखण्ड के ओखरिया गांव पहुंचे। जहाँ उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के तहत निर्माण कराए गए एक कार्य का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मैंने अपने संसदीय कार्यकाल के दौरान जाति,धर्म से ऊपर उठकर बगैर भेदभाव किए सभी विधानसभा में संसदीय मद से कार्य करने का काम किया हूँ। उन्होंने पीएम मोदी के विकास कार्यों की फेहरिस्त गिनाते हुए कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित है। मौके पर कौआकोल पूर्वी जिला पार्षद सह भाजपा नेता अजित यादव,अभिमन्यु सिंह,दिलीप चंद्रवंशी,विक्रम कुमार,रजनीश कुमार,रोहित,रंजीत चंद्रवंशी,भूषण यादव,महेश सिंह, भोला पासवान आदि मौजूद थे। इस कार्यक्रम के बाद सांसद चन्दन सिंह प्रखण्ड के गुड़ीघाट गांव स्थित रालोजद नेता इंद्रदेव कुशवाहा के घर पहुंचकर उनके माता के निधन के बाद उन्हें श्रद्धांजलि दी।

### थानाध्यक्ष समेत 17 पुलिस पदाधिकारियों को मिली नई जिम्मेदारी

**नवादा**। जिले के रिक्त पुलिस अंचल व थानों में थानाध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गयी है। इससे संबंधित आदेश पुलिस अधीक्षक कार्यालय से जारी किया गया है। इसके साथ ही सभी रिक्त थानों में पुलिस केन्द्र में पदस्थापन की प्रतीक्षा में बैठे पुलिस पदाधिकारी को पदस्थापन कर दिया गया है। पुलिस कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार पुलिस केन्द्र में रहे पुलिस इंस्पेक्टर अब्दुल गफ्फार को रजौली पुलिस इंस्पेक्टर, सुरेश राम को पकरीबरांवा पुलिस इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अविनाश कुमार को नगर थानाध्यक्ष, रुपेश कुमार सिंहा को वारिसलीगंज व राजेश कुमार को रजौली थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। अनिल कुमार सिंह को हिसुआ, पंकज कुमार सैनी को अकबरपुर, विकास यादव को थाली, रंजन चौधरी को परनाडाबर, राजगृह प्रसाद को नारदीगंज, उमाशंकर सिंह को नरहट, प्रशांत कुमार को काशीचक व वसंत कुमार को रोह थानाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। इसी प्रकार प्रभात कुमार शरण को पुलिस कार्यालय, मृत्युंजय कुमार को अपर थानाध्यक्ष यातायात व संजीत सिंह को अपर थानाध्यक्ष साईबर थाना की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। इससे संबंधित आदेश जारी किया गया है।

### गढहारा में अति शीघ्र उपलब्ध होगी मूलभूत सुविधा

**बेगूसराय**। गढ़हारा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा उपलब्ध कराने एवं समुचित विकास के संबंध में स्थानीय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से अमित ठाकुर, ने मुलाकात कर उपयुक्त समस्याओं से अवगत कराया। मुख्य मांगों में गढ़हारा रेलवे स्टेशन पर कमला गंगा इंटरसिटी ट्रेन का ठहराव पुनः सुनिश्चित कराने , स्टेशन पर बंद सप्लाई पानी को चालू करने , बिजली आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त करने, यात्री सेठ का विस्तार करने समेत अन्य सुविधाओं को बहाल करवाने की मांग की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन देकर कहा था की जल्द ही समस्या का समाधान किया जाएगा उपर्युक्त संबंध में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्वनी वैष्णव जी को पत्राचार के माध्यम से गढ़हारा रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधा बहाल करने के लिए कहा, इससे क्षेत्रवासियों में उम्मीद जगी है। वही इस मुहिम से जुड़े युवा समाजसेवी अमित ठाकुर, सचिन मेहता जितेंद्र कुमार आर्य समाज गढ़हारा के प्रधान मुक्तेश्वर वर्मा युवा समाजसेवी विष्णु कुमार, गोविंद आर्य नवीन कुमार सिंह सहित दर्जनों युवाओं ने बेगूसराय के लोकप्रिय सांसद सह केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह के इस पहल की सराहना की हैं।

### डीएसपी चंदन हमेशा अपने काम के प्रति गंभीर रहते थेः अमित

**बेगूसराय**। रविवार को भाजपा के जिला मंत्री व जिला परिषद सदस्य आमित कुमार देव बखरी डीएसपी आवास पहुच कर डीएसपी चंदन कुमार को विदाई दी।इस दौरान उन्हें चादर पहना तथा बुकें देकर सम्मानित किया।डीएसपी चंदन कुमार का बखरी से स्थानातरण मुंगेर जिले के खड़गपुर मे हो गया है। इस दौरान अमित देव ने कहां कि चंदन कुमार के कार्यकाल को पूरा 100 अंक देते हैं। उनके कार्यकाल में बहुत सी जटिल समस्याओं के समाधान में उनका काफी अच्छा योगदान रहा।वो हमेशा अपने काम के प्रति गंभीर रहते थे। उनको किसी भी घटना की जानकारी मिलने पर वे तुरंत धटना स्थल पर पहुंच जाते थे। इधर डीएसपी भावुक होते हुए कहा कि पुलिस की नौकरी में स्थानातरण एक स्वाभाविक प्रक्रिया है परंतु मेरे कार्यकाल में मुझे उच्च अधिकारियों का बहुत सहयोग मिला विशेष कर एसपी साहब का। हमेशा हमें छोटे भाई की तरह दिशा निर्देश देकर मदद करते थे। थाना प्रभारियों ने भी हमेशा सहयोग रखा जिसके कारण हमारा क्षेत्र काफी शातिपूर्ण भी रहा।

### समाजसेवी हेमन्त कुमार द्वारा यमुना भगत स्टेडियम में कम्बल वितरण

**बेगुसराय**। समाजसेवी हेमन्त कुमार द्वारा तेघड़ा प्रखंड के विभिन पंचायतों में गरीबों के बीच कम्बल वितरण अनवरत शुरू इसी कड़ी में तेघड़ा प्रखंड मुखिया संघ के पूर्व अध्यक्ष सह बेगूसराय जिले के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं राज वाटर पार्क गौरा बरौनी एवं मुजफ्फरपुर के संस्थापक श्री हेमंत कुमार शर्मा जी के सौजन्य से पंचायत बरौनी 1 यमुना भगत स्टेडियम एवं बरौनी 2 घाटकिंडी दुर्गा स्थान के प्रांगण में हजारों जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया एवं हेमंत कुमार शर्मा जी के द्वारा इन दोनों पंचायत में 11-11 लड़की की सामूहिक विवाह करवाने की घोषणा किया गया।। इसके पूर्व आलापुर पकठौल,चिल्हाय पंचायत में 25, 25 गरीब परिवार की बच्चियों की सामूहिक विवाह की घोषणा कर चुके है। बताते चले हेमन्त कुमार द्वारा प्रत्येक वर्ष ठंड के मौसम में कम्बल वितरण वर्षो से किया जा रहा है।फुटबॉल कोच श्री मुन्ना जी के द्वारा समाजसेवी हेमंत कुमार शर्मा जी को पाग और चादर देकर सम्मानित किया गया।। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि नेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता भाग लिए बरौनी एक पंचायत के पूर्व उप मुखिया कन्हैया कुमार सामाजिक कार्यकर्ता शांडिल्य साहिल पंचायत समिति सदस्य पंकज जी, बरौनी 1 के सरपंच जी, दिलावर जी, गौरव जी, मोना, पंकज जी,गुड्डू जी मौजूद थे।

### नवादा में नसबंदी व बंध्याकरण का विशेष कैंप

**नवादा**। मिशन परिवार विकास अभियान 5 से 24 फरवरी के सफल आयोजन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पकरीबरावां में अंतर विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक की गई, जिसमें उप प्रमुख, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक, जीविका, आईसीडीएस, विकास मित्र कोऑर्डिनेटर बीसीएम, प्रखंड लेखापाल, शिक्षा, पीरावल फाउंडेशन एवं पोपुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडये सहित अन्य ने भाग लिया। पांच से 24 फरवरी तक मिशन परिवार विकास अभियान अंतर्गत परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा 12 से 24 फरवरी तक को सफल बनाने के लिए योजना बनाई गई। सभी से अपील की गई कि वे क्षेत्र में लाभार्थियों को जागरूक करें और पुरुष नसबंदी और महिला बंध्याकरण के लिए लाभार्थियों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजें। पोपुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया प्रतिनिधि नवीन कुमार पांडे द्वारा बैठक का संचालन करते हुए परिवार नियोजन में अब तक की उपलब्धि एवं अस्थाई साधनों और स्थाई साधनों के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि पांच से 11 फरवरी तक दंपति संपर्क पखवाड़ा, सारथी रथ द्वारा जागरूकता अभियान एवं रैली का आयोजन एवं 12 से 24 फरवरी तक परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा एवं 21 फरवरी को परिवार नियोजन दिवस मनाने की जानकारी दी।

**मॉडर्न चिल्ड्रन स्कूल ,मॉडर्न पब्लिक स्कूल, मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल नारदीगंज का संयुक्त वार्षिक उत्सव मे रंगारंग कार्यक्रम**

# वार्षिकोत्सव में मॉडर्न नारदीगंज के बच्चों ने जमाया रंग

निज संवाददाता। नारदीगंज




मॉडर्न शैक्षणिक समूह के अंतर्गत संचालित तीन विद्यालयों नारदीगंज स्थित 'मॉडर्न इंटरनेशनल स्कूल,' तथा नवादा स्थित 'मॉडर्न चिल्ड्रेन स्कूल, एवं 'मॉडर्न पब्लिक स्कूल,' के संयुक्त वार्षिकोत्सव का भव्य आयोजन कल 'मॉडर्न इंग्लिश स्कूल' कुंती नगर के हरे भरे और विशाल प्रांगन में किया गया जिसमें छोटे से लेकर बड़े बच्चों नें एक से बढ़कर प्रस्तुति देकर मौजूद हजारों अतिथियों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि मॉडर्न शैक्षणिक समूह के चेयरमैन, जाने माने शिक्षाविद एवं समाजसेवी डॉ.अनुज कुमार, उनके गुरु रहे नारदीगंज उच्च विद्यालय के पूर्व शिक्षक श्री श्रीकांत बाबू, नारदीगंज जिला परिषद सदस्य श्री देवा चौहान, नारदीगंज के प्रखंड प्रमुख श्री विनोद कुमार, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य गोपाल चरण दास, सुखदेव कुमार, अरुण कुमार, सुनील कुमार एवं उप प्राचार्य मिथिलेश विजय, सुजय कुमार, ए.के.एस, वीणा वर्णवाल आदि ने संयुक्त रुप से द्वीप प्रज्वलित कर किया जिसके बाद आरूषी और उसके ग्रूप ने स्वागत गीत से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। निशांत नैतिक एवं साथियों ने 'मेरा रंग दे बसंती चोला' गाकर जहां देशप्रेम की झलक दिखाई वहीं समर, अर्नव आदि बच्चों नें 'राम सिया राम' की धुन पर नृत्य प्रस्तुत कर माहौल को राममय कर दिया। नन्हें मुन्ने बच्चों के सामुहिक नृत्य 'तेरी उंगली पकड़ कर चला' ने उपस्थित सभी अभिभावकों का मन मोह लिया। उपस्थित सैकड़ों लोगों की मांग पर सोशल मीडिया पर तेजी से लोकप्रिय हो रहे गीत 'आज नवादा नगरिया निहाल सखिया' को अपनी सुरीली आवाज़ में प्रस्तुत कर अनुराधा एवं राधा नें सबका दिल जीत लिया। इसके बाद तीनों शाखाओं के बाल कलाकारों नें सुर और संगीत की ऐसी छटा बिखेरी जिसपर दर्शक मंत्रमुग्ध हो अंत तक झूमते रहे और देर तक तालियाँ बजती रहीं। इस दौरान मंच संचालन विद्यालय के प्रतिभावान विद्यार्थियों ऋषभ, रिशु, अर्णव, क्षितिज, तान्या, मीशा, चेष्टा, सुहानी एवं निशू के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समापन प्राचार्य गोपाल चरण दास के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों ए.के.एस, सोनू कुमार, धर्म प्रकाश, राकेश रौशन, समीर सौरभ, सीमा कुमारी, पायल, अनुपमा, लक्की, सुजाता, सुलभता, अनमोल, अनुमेहा, वंदना एवं अंजना दीक्षित आदि एवं संगीत शिक्षकों पुरुषोत्तम कुमार, पवन सिन्हा एवं अनिल विश्वकर्मा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर मॉडर्न ग्रूप के सभी विद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्य, शिक्षक उपस्थित रहे।

## अशोक महतो का उनके समर्थकों ने किया जोरदार स्वागत



निज संवाददाता। नवादा

अशोक महतो उर्फ साधु जी का जिले के हसुआ शहर में उनके समर्थकों नें आगमन पर जोरदार स्वागत किया। बता दें कि अशोक महतो ऊर्फ साधु जी पिछले 17 वर्षों से जेल में बंद थे। जेल की सजा पूरी काटने के बाद सरकार के द्वारा उन्हें रिहा किया गया। जेल से रिहाई के बाद वे अपने समर्थकों के बीच लगातार जाकर उनके कुशल क्षेम ले रहे हैं। नवादा सहित नालंदा एवं शेखपुरा जिला में उनकी काफी लोकप्रियता है। इन तीनों जिलों में उनके चाहने वालों की काफी संख्या है। वे अपने समर्थकों के भावनाओं का ख्याल करते हुए जेल से रिहाई के बाद हर दिन कहीं ना कहीं जाकर अपने समर्थकों का हाल-चाल ले रहे हैं। इसी कड़ी में हसुआ आगमन पर विश्व शांति चौक पर पैक्स अध्यक्ष रामप्रवेश कुशवाहा के अगुआई में जोरदार स्वागत किया गया। इस दौरान मुसाफिर कुशवाहा,दिनेश कुमार, सुभाष कुमार सुमन, अंकित कुमार, सम्राट सुजीत कुशवाहा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता एवं समर्थक उपस्थित रहे।

## टोटो पलटने से श्राद्ध कार्यक्रम से लौट रहे एक ही परिवार के 6 लोग घायल



निज संवाददाता। रजौली

थाना क्षेत्र में बगैर लाइसेंस के टोटो चालकों की भरमार हो गई है।कई टोटो चालक तो नाबालिग भी हैं।जिसके कारण आये दिन सड़क दुर्घटनाएं होते रहती है।रविवार के दिन में सिमरकोल मोड़ के समीप श्राद्ध कार्यक्रम से लौट रहे एक ही परिवार के 6 लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए।घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से ईलाज हेतु अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।अस्पताल में ड्यूटी में रहे चिकित्सक डॉ नीरज कुमार ने सभी घायलों का प्राथमिक इलाज कर जरूरी दवाइयां दी।घायलों में गैरिबा गांव निवासी भोला राजवंशी की पत्नी प्रांजली देवी,एकचटवा गांव निवासी रामपाल राजवंशी की पत्नी ममता देवी,पालो राजमवंशी,प्रमोद राजवंशी,शारदा देवी एवं दो बच्चे थे।घायलों ने कहा कि वे सभी गया जिले के नगमा गांव से श्राद्ध कार्यक्रम में सम्मिलित होकर वापस अपने गांव जा रहे थे।इसी बीच सिमरकोल मोड़ के समीप टोटो का संतुलन अचानक बिगड़ गया और टोटो पलट गई।जिसमें सवार सभी लोग घायल हो गए।बताते चलें कि एक तरफ रिक्शा से सवारी ढ़ोना प्रचलन से बाहर हो गया है।वहीं दूसरी ओर नौसिखिए द्वारा टोटो का परिचालन धड़ल्ले से बेरोकटोक जारी है।वहीं बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों की मानें तो पुलिस व प्रशासन द्वारा नौसिखिए टोटो चालकों पर थोड़ी कड़ाई बरतनी जरूरी है।ताकि भविष्य में टोटो से सम्भावित दुर्घटनाओं में कमी आये।

# बिहार के विकास एवं बेहतर भविष्य क़ो लेकर नीतीश को लगाया गले- सैयद शाहनवाज हुसैन

निज संवाददाता। नवादा




बिहार में ठहरी हुई विकास को गति देने व गिरते हुए विधि व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए हमने एक बार पुनः आपसी मतभेदों को दरकिनार करते हुए नीतीश कुमार को गले लगाया है। अब नीतीश कुमार को भी यह एहसास हो गया है कि अगर बिहार में विकास करना है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली एनडीए गठबंधन ही बेहतर विकल्प साबित हो सकता है। उक्त बातें पूर्व मंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सैयद शाहनवाज हुसैन नें पार्टी के तरफ से आयोजित कार्यक्रम लोकसभा प्रवास के तहत चलो गांव की ओर में गया से नालंदा जाते वक्त हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह के आवास पर पत्रकारों एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि भगवान शिव ने भी जगत के कल्याण को लेकर विष पिया था ठीक उसी तरह बिहार के कल्याण को लेकर भाजपा हाई कमान ने भी विष पिया है।जननायक एवं आडवाणी जी को भारत रत्न देना गर्व की बात हैः- पिछले दिनों केंद्र सरकार के द्वारा जननायक कर्पूरी ठाकुर एवं भाजपा के लौह पुरुष कहे जाने वाले लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न सम्मान देकर भाजपा के करोड़ों कार्यकर्त्ताओं की भावनाओं का केंद्र सरकार ने ख्याल रखा है। पार्टी का हर एक कार्यकर्ता इन दोनों महापुरुषों को भारत रत्न से नवाजे जाने को लेकर काफी उत्साहित है। जिस तरह से जननायक ने अति पिछड़ों के हक के लिए संघर्ष किया ठीक उसी तरह हम सबों के मार्गदर्शक आडवाणी जी ने भी हिंदुस्तान के हिंदुओं के भावनाओं को देखते हुए राम मंदिर के लिए संघर्ष किया और उसी के परिणाम स्वरूप आज अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर का निर्माण हो पाया है। बिहार केसरी के आदर्शों पर चलते हुए हमने नवादा में उद्योग स्थापित करने का मार्ग किया प्रसस्तः- - अपने संबोधन में उन्होंने बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री रहे बिहार केसरी श्री कृष्ण सिंह का नाम लेते हुए कहा कि बिहार में उन्होंने कई उद्योग लगवाया था उनके बाद आज तक किसी मुख्यमंत्री ने बिहार के अंदर एक भी उद्योग नहीं लगवाया। लेकिन पिछले नीतीश मंत्रिमंडल में शामिल उद्योग मंत्री के रूप में मैंने नवादा जिला के वारसलीगंज में वर्षों से बंद पड़े चीनी मिल के जगह सीमेंट उद्योग लगाने का मार्ग प्रशस्त किया। मैंनें विकट परिस्थिति में भी 80% जमीन का कीमत घटाकर वारसलीगंज में सीमेंट फैक्ट्री लगाने का कार्य प्रारंभ करवाया। और बहुत जल्द ही वहाँ सीमेंट फैक्ट्री चालू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जब मैंने मंत्रिमंडल का कार्यभार संभाला तो लोग कहते थे कि मंत्रिमंडल का बजट 1400 करोड रुपए का है फिर भी मैंने प्रयास करके नए-नए उद्योग लगाने के लिए 2000 करोड रुपए का वितरण अपने कार्यकाल में करवाया। बताने दें कि सैयद शाहनवाज हुसैन भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के मंत्रिमंडल में सबसे युवा मंत्री थे। वे किशनगंज एवं भागलपुर से सांसद रह चुके हैं वर्तमान में वे बिहार बिहार विधान परिषद के सदस्य एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं। मौके पर जिला भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रभारी एवं विक्रम विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रहे अतुल जी, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इमरान खान पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, वीरेंद्र सिंह, पार्टी के महामंत्री रामानुज कुमार, व्यापार मंडल के अध्यक्ष लक्ष्मी कांत ऊर्फ बिगन सिंह, अशोक चौधरी, पवन कुमार गुप्ता, चंदन कुमार, मनीष कुमार, एवं हिसुआ विधानसभा के भाजपा मंडल के सारे अध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल के नए ब्रांच का शुभारम्भ

निज संवाददाता। नवादा




जिले के हसुआ प्रखंड क्षेत्र के फुलवरीया स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग 82 बाईपास के समीप डीपीएस स्कूल के नये ब्रांच का उद्घाटन जहानाबाद के विधायक सुदय यादव,हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी रीतेश कुमार, अपर थानाध्यक्ष हिमांशु पप्पु ,नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी एवं दिल्ली पब्लिक स्कूल के निदेशक शशिभूषण प्रसाद ने दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया। इस दौरान जहानाबाद के विधायक सुदय यादव एवं हिसुआ के पूर्व विधायक अनिल सिंह ने अपने-अपने संबोधन में नौनिहालों को देश का भविष्य बताया और उन्हें सुरक्षित हाथ में देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के वर्तमान समय में एक गुणवत्ता देने वाला विद्यालय कि आवश्यकता है क्योंकि विद्यालय ही एक वो स्थान जहां अभिभावक अपने बच्चों का भविष्य निर्माण को भेजता है। वहीं डीपीएस स्कूल के निदेशक शशिभूषण प्रसाद ने बताया कि इस स्कूल में बच्चों को शिक्षा के साथ सुरक्षा एवं उनके विकास पर जोर दिया जाएगा। यहां बच्चों को घर जैसा वातावरण मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारे आसपास कई स्कूल हैं पर इसकी खासियत यह है कि यहां बच्चों को ग्रूमिंग क्लास कराया जाएगा, जिसकी व्यवस्था भी तत्काल किया जाएगा। प्राचार्य संजीत कुमार रॉय ने बताया कि स्कूल में बच्चों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक विकास पर भी जोर दिया जाएगा ताकि बच्चे हर तरीके से आगे बढ़ सके और ग्रो कर सके। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी रितेश कुमार, नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी, उपाध्यक्ष टिंकू चौधरी नें भी उपस्थित लोगों को संबोधित किया। विद्यालय के नए ब्रांच के उद्घाटन के मौके पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के विभिन्न वर्गों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जिन्हें उपस्थित अतिथियों के द्वारा पुरस्कार दे कर सम्मानित किया गया। मौके पर वार्ड पार्षद उदय बाला, पूर्व मुखिया रामप्रवेश यादव, पूर्व जिला परिषद सदस्य जितेंद्र कुमार जीतू सहित हज़ारों के संख्या में अभिभावक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

## सब्जी के फसल का हुआ प्रदर्शन कार्यक्रम

निज संवाददाता। बेगूसराय

बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस पंचायत में गोभी का बीज अजित सीड्स ब्रांडेड के द्वारा किसानों के बीच वितरण किया गया था । जिससे सब्जी की उन्नत तकनीक से खेती का फसल का प्रदर्शन हुआ। बताते चलें कि बरौनी प्रखंड के पिपरा देवस के किसानों में उन्नत खेती करने की शक्ति है । खेती के लिए उपयुक्त मिट्टी भी है और किसानों को उन्नत तकनीक से खेती करने का हुनर भी है।नउक्त बातो को साबित करके दिखाया गया है।किसान अपनी आमदनी बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के फसलों का उत्पादन करते है ,उसी कड़ी मे सब्जी खेती को लेकर संजीत कुमार उर्फ मंडल जी नामक एक किसान ने उन्नत किस्म की प्रजाति के फूलगोभी की बीज अजित सीड्स का खरीद कर अपने एक एकर खेत में लगाया था।फलतः बम्फर पैदाबार हुआ। जिससे स्थानीय सभी किसानों में खुशी की लहर है।उक्त कार्यक्रम में रीजनल मैनेजर आनन्द राजा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री का सपना है कि, किसानों के आय को दुगुनी करने का सफल प्रयास करना चाहिए ।ऐसी स्थिति में सब्जीखेती में अधिक उपज और गुणवत्ता वाले सीड्स के उपयोगीता महत्वपूर्ण होता है ।किसान इंटरनेट के सहारे फसल मंडी में फसलो के मूल्यों का एम एस पी मूल्य को जान कर अपना अधिक मुनाफा कमा सकता है।

## करणी सेना के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष सुमित परमार को किया गया सम्मानित

निज संवाददाता। बेगूसराय

रविवार को पूरानी दूर्गा स्थान के निकट स्थित के.के ज्वेलर्स के सभागार में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेवा के नव मनोनीत जिला अध्यक्ष सुमित परमार को सम्मानित किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष सुमित परमार ने कहा कि यह संगठन शुरू से ही अन्याय और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने का काम करती आ रही है। जाति से ऊपर उठकर यह संगठन समाज के वंचितों एवं गरीबों के लिए संघर्ष करती रही है।वही बाइट कंप्यूटर्स बेगूसराय के निदेशक संजय कुमार सिंह ने कहा कि क्षत्रिय शब्द छत्र से बना है।जिसका अर्थ होता है सभी जाति के लोगों उचित सम्मान या सुरक्षा प्रदान करना। क्षत्रिय समाज प्राचीन काल से ही सभी समाज एवं वर्ग के लोगों को साथ लेकर चला रहा है। दूसरी और समाजसेवी निर्मला चौरसिया ने जिलाध्यक्ष से अपील करते हुए कही कि सभी महापुरुषों की जयंती एवं पुण्यतिथि इस संगठन के द्वारा मनाना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता विकास वर्मा ने कहा की करणी सेना सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेती है। अब हमारे जिले में भी इस संगठन का कार्यक्रम देखने को मिलेगा। स्वर्ण व्यवसायी कन्हैया लाल साह ने कहा कि हमारा देश वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप और दानवीर योद्धा भामाशाह को एक समान रूप से पूजता आया है। और इस परंपरा को आज के युवाओं को बरकरार रखना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता अभिषेक पासवान ने कहा कि अन्याय के खिलाफ करणी सेना हमेशा से आवाज उठाती रही है।

# एडीएम ने किया जांच चौकी का निरीक्षण, अधिकारियों के दिए आवश्यक दिशा निर्देश

निज संवाददाता। रजौली



एडीएम चंद्रशेखर आजाद ने रविवार को शराबबंदी पर पूर्ण रुप से नकेल कसने को लेकर रजौली समेकित जांच चौकी एवं बिहार झारखंड के सीमांत एरिया के आसपास से शराब की तस्करी में प्रयोग होने वाले रास्तों का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उत्पाद एसआई सन्नी कुमार मौजूद रहे।औचक निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य झारखंड के रास्ते बिहार में शराब प्रवेश पर मुख्य रूप से निषेध लगाना था।एडीएम चंद्रशेखर आजाद ने समेकित जांच चौकी पर लगने वाली जाम एवं छोटी-बड़ी यात्री वाहन के अलावे बड़े-बड़े मालवाहक वाहनों से शराब की अवैध ढुलाई पर प्रतिबंध को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम ने जांच चौकी पर कर्मियों की उपस्थिति पंजी एवं वाहनों के प्रवेश पर होने वाली इंट्री पंजी को देखने के बाद आवश्यक दिशा निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि झारखंड से बिहार आने वाली वाहनों पर विशेष निगाह रखनी है।जो भी झारखंड की ओर से वाहन आएं उसे बगैर जांच के प्रवेश ना करने दें।ऐसा भी हो रहा है कि पुलिस प्रशासन या अन्य प्रकार के लोगों युक्त बोर्ड लगाकर बिहार में शराब की तस्करी करने वाले लोग सक्रिय हैं।इस बात को लेकर पदाधिकारी से लेकर जांच करने वाले पुलिस कर्मियों को भी विशेष दिशा निर्देश दिए।जांच चौकी पर निरंतर वाहनों की जांच के लिए उत्पाद विभाग तथा परिवहन विभाग के अधिकारियों अलावे गृहरक्षक बल भी मौजूद हैं।एडीएम ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी है।जिसे सफल बनाने में सहयोग करें।उन्होंने कहा कि किसी भी वाहन से अनावश्यक रूप से आपत्तिजनक सामग्री ले जाने वाले लोगों पर सख्ती से कार्रवाई की जाती है।एडीएम ने रजौली जांच चौकी तथा बिहार-झारखंड के सीमांत एरिया के अलावे फुलवरिया जलाशय के रास्ते शराब की आवागमन के बारे में जानकारी अधिकारियों से ली।

एसपी ने तत्काल योगदान करने का दिया निर्देश

# एसपी ने 14 थानाध्यक्ष समेत 18 इंस्पेक्टर का किया ट्रांसफर

निज संवाददाता



**नोखा (रोहतास)।** रोहतास जिला के एसपी विनीत कुमार ने शनिवार की देर शाम अधिसूचना जारी कर जिले में 14 नए थानाध्यक्ष समेत डेहरी पुलिस लाइन में योगदान देने वाले 18 पुलिस इंस्पेक्टरों का पदस्थापन किया है। जारी अधिसूचना के अनुसार महिला थाना का थानाध्यक्ष राखी कुमारी और एससी-एसटी थाना डेहरी का थानाध्यक्ष गुड्डू कुमार सरदार को बनाया गया है। दिनेश कुमार मालाकार को नोखा थानाध्यक्ष बनाया गया। पुनि फुलदेव चौधरी को काराकाट थानाध्यक्ष बनाया गया। पुनिशिवेन्द्र कुमार को डेहरी नगर थानाध्यक्ष बनाया गया।पुनि रंजन कुमार को चेनारी थानाध्यक्ष व शशिभूषण कुमार को राजपुर थानाध्यक्ष बनाया गया। सुहैल अहमद को नौहट्टा थानाध्यक्ष बनाया गया। चंद्रमौली वर्मा को दरिगांव ओपी अध्यक्ष बनाया गया। पुनि राहुल को नटवार थानाध्यक्ष बनाया गया। मनीष कुमार को इंद्रपुरी ओपी अध्यक्ष बनाया गया। पुनि रंजीत कुमार सिन्हा को कोचस थानाध्यक्ष बनाया गया। ज्योति कुमार को रोहतास का थानाध्यक्ष बनाया गया।पुनि राजीव रंजन राय को सासाराम नगर थानाध्यक्ष बनाया गया। प्रमोद कुमार को तिलौथू थानाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं 18 पुलिस इंस्पेक्टरों पुनि शेर सिंह यादव को बिक्रमगंज अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया।पुनि कुणाल कृष्ण को नासरीगंज अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया। बलजीत कुमार को अमझोर अंचल का पुलिस निरीक्षक बनाया गया।पुनि निकुंज भूषण को सासाराम मुफस्सिल अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया। पुनि रविभूषण कुमार को डेहरी अंचल का अंचल पुलिस निरीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा 12 पुलिस इंस्पेक्टर किशोर कुमार, नौशाद आलम, सुनील कुमार, ललन कुमार, दयानंद प्रसाद, पूनम कुमारी, चंदन कुमार झा, रंजन रजक, रितेश कुमार सिंह, अजीत कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद और शंभू भगत को नई जिम्मेवारी सौपी गई है। नव पदस्थापित इंस्पेक्टर स्तर के पदाधिकारी को अपराध अनुसंधान इकाई, मध निषेध कोषांग, अपराध प्रवाचक, जीआर शाखा व साइबर थाना अनुसंधान कार्य का प्रभारी बनाया गया है।

## मोबाइल झपटमार गिरोह का दो सदस्य गिरफ्तार

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर के बेलांव थाना क्षेत्र में 2 फरवरी की सुबह 9:30 बजे एक व्यक्ति की बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार 3 अपराधियों द्वारा मोबाइल और पैसा छीन लिया गया था। इस मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पीड़ित के बताए हुए निशानदेही के आधार पर पीछा करते हुए पुलिस ने करमचट थाना क्षेत्र के मडैचा गांव के पास एक घर में छापेमारी कर दो अपराधियों को धर दबोचा है। उनके पास से 2 कीपैड मोबाइल, एक बाइक, और दो हजार रुपए जब्त हुआ है। गिरफ्तार अपराधियों में जीऊत बिंद का बेटा भीम कुमार और रविंद्र सिंह का बेटा मोहित सिंह उर्फ झबर सिंह शामिल है। जबकि तीसरा आरोपी धनु कुमार यादव फरार हो गया है। उसके लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि 2 फरवरी को विकास कुमार द्वारा सुबह साढ़े 9 बजे पुलिस को सूचना दी गई थी। उसका मोबाइल और पैसा बाइक सवार तीन की संख्या में रहे अपराधियों द्वारा छीनकर भाग गया है। पुलिस को जानकारी मिलते ही वह तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर पीड़ित के बताए लोकेशन पर पीछा करते हुए मड़ैचा गांव के पास एक घर में छापेमारी करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। नके पास से दो मोबाइल, रुपए और बिना नंबर प्लेट की अपाचे बाइक जब्त हुई। तीसरा आरोपी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। तीसरा आरोपी धनु कुमार अभी हाल ही में बाइक चोरी के मामले में जेल से छूटकर 10 दिन पहले बाहर आया था। लोगों का आपराधिक इतिहास पुलिस खंगाल रही है।

# दलित बस्ती में आग लगने से एक दर्जन से अधिक कच्चे मकान जलकर राख

निज संवाददाता



**नोखा (रोहतास)।** रोहतास के नोखा प्रखण्ड के बरांव पंचायत के बिसुनपुरा के मुसहर टोला में रविवार को आग लग गई। कच्चे घर और फूस की छत होने के कारण आग तेजी से फैली और देखते ही देखते एक दर्जन से अधिक घरों को अपने चपेट में ले लिया। आग लगने के किसी के हताहत होने की खबर नहीं हैं क्योंकि सभी तुरंत घर छोड़ बाहर निकल गए। लेकिन अगलगी से घर और उसमें रखे सामान, कपड़े, नकदी, पैसे सब जल गए। जुटे ग्रामीणों ने खुद अपने प्रयास से आग पर काबू पाया और मुखिया को सूचना दी। मौके पर पहुंचे मुखिया प्रतिनिधि बब्लू गुप्ता ने बताया कि अगलगी में एक दर्जन से अधिक मकान जल गए। बताया कि शिवमुनि मुसहर, नारद मुसहर, फुलसारो कुंअर, छोटू मुसहर, जितेंद्र मुसहर, ललिता मुसहर, कांति मुसहर, राजेश मुसहर, अरूण मुसहर, चंदन मुसहर, पिंटू मुसहर, हीरामन मुसहर, वकील मुसहर एवं जितेंद्र मुसहर, का मकान जला है।

आगलगी में इन परिवारों का सारा समान भी जल गया है। पीड़ित परिवारों की महिलाओं का रो-रो कर बुरा हाल है। घर, सामान, कपड़ा, पैसा सब जल गया है। मुखिया ने कहा कि संभवतः शॉर्ट सर्किट से आग लगी है। फायर ब्रिगेड को भी सूचना दी गई, लेकिन उनके पहुंचने के पहले ही आग पर काबू पा लिया गया है। मुखिया द्वारा सीओ को सूचना दी गई। सूचना पर नोखा अंचल की राजस्व पदाधिकारी अनुपमा कुमारी पहुंची और राहत कार्य शुरू कराया। नोखा सीओ सुमन कुमार ने बताया कि वो खुद मौके पर जा रहे हैं, पीड़ित परिवारों के को अस्थाई आसरा के लिए प्लास्टिक और ठंड से बचने के लिए कंबल तत्काल बांटा जाएगा।

## पांच सूत्री मांग को लेकर रसोइया संघ ने बैठक का किया आयोजन



निज संवाददाता

**जहानाबाद।** जहानाबाद में 5 सूत्री मांग को लेकर रसोईया संघ ने एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का आयोजन जिले के गांधी मैदान में किया गया। जहां सभा का नेततृत्व रसोईया संघ की अध्यक्ष गुड़िया देवी ने किया। उन्होंने बताया कि सरकार से 5 सूत्री की मांग हम लोग लगातार कर रहे हैं। जिसमें पहली मांग यह है की रसोईया का मानदेय 10000 किया जाए, दूसरी की 12 महीने का भुगतान किया जाए, तीसरी अनुकंपा का लाभ दिया जाए, चौथी की साल में 16 दिन अवकाश दिया जाए, और आखिरी महिलाओं को मातृत्व अवकाश भी दिया जाए। इन्ही सब मांगों को सरकार से पूरी कराने की मांग की जा रही है। लेकिन सरकार हम लोगों की मांग पर कोई विचार नहीं कर रही है। इसी को लेकर हम लोगों ने 5 तारीख से अनिश्चितकालीन हड़ताल करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि जब तक सरकार हमारी मांगों को पूरा नहीं करेगी तब तक हम लोग हड़ताल पर डटे रहेंगे। इस बैठक में बड़ी संख्या में रसोईया ने इस बैठक में भाग लिया। उन लोगों ने कहा कि हड़ताल के कारण सभी विद्यालय में मध्यान भोजन बंद हो जाएगा। जिससे दोपहर में मिलने वाला बच्चों का भोजन प्रभावित होगा। लेकिन सारी जवाब देही सरकार की होगी। उन्होंने कहा कि हम लोगों को 1650 मानदेय दिया जाता है।

## कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**काको (जहानाबाद)।** जहानाबाद के काको प्रखंड के जैतीपुर बारा जलालपुर गांव में कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। वहीं इस कार्यक्रम का उद्घाटन पूर्व मंत्री सुरेंद्र प्रसाद यादव ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि खेल प्रतियोगिता का आयोजन करने से आपसी भाईचारा एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण कायम होता है। इस दंगल प्रतियोगिता में दूर दराज से लोगों ने भाग लिया था। इस प्रतियोगिता में प्रथम विजेता यूपी के गाजीपुर के रहने वाले रितेश यादव को 15000 नगर एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। दूसरे स्थान प्राप्त करने वाले को 7500 नगद एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग दंगल प्रतियोगिता देखने के लिए पहुंचे थे। इस दौरान पुर्व मंत्री ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि कुश्ती हमारे समाज से विलुप्त होती जा रही है। पहले शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े-बड़े आयोजन किए जाते थे। लेकिन आज भाग दौड़ की जिंदगी में पुरानी परंपरा को लोग खोते जा रहे हैं। इस आयोजन से पुरानी परंपरा को कायम रखने का कोशिश किया जा रहा है।

# विश्व कैंसर दिवस पर सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

निज संवाददाता




**जहानाबाद।** वर्ल्ड कैंसर दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल के स्वास्थ्य कर्मियों ने जागरूकता रैली निकाली। डॉ अजय कुमार ने बताया कि अब सभी अस्पताल में कैंसर का इलाज हो रहा है। इससे लोगों के डरने की आवश्यकता नहीं है, जैसे ही लोग कैंसर रोग सुनते हैं, उसी वक्त उनको हार्ट अटैक हो जाता और मौत हो जाती है। उन्होंने कहा कि जागरूकता अभियान का उद्देश्य है कि लोगों को जागरूक करना है, इस रोग से डरना नहीं है। इसका समुचित इलाज बिहार में ही किया जा रहा है। जैसे ही कुछ लक्षण लोगों को प्राप्त हो तो डॉक्टर से मिले उसका इलाज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 10 तारीख से लेकर 14 तक कैंप का आयोजन किया गया जाएगा, जिसमें लोग मुफ्त में आकर जांच कर सकते हैं। इसकी जांच की जाएगी। डॉक्टर की एक टीम इसमें शामिल होगी, जो लोग भी कैंप में पहुंचेंगे, उनकी जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज में लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता है। जानकारी नहीं होने के कारण लोग इस बीमारी से घबरा जाते हैं, जिसके कारण अनेक तरह की बीमारियां उनके शरीर में हो जाती हैं।

## सीसीटीवी की नजर में होगी मैट्रिक परीक्षा

**सासाराम (रोहतास)(नि.सं.)।** मैट्रिक की परीक्षा में अब हर कक्ष में सीसीटीवी लगेगा। इसको लेकर माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के सचिव को निर्देश दिया है। निदेशक ने कहा है कि प्रतिनियुक्त वीक्षक अपने कर्तव्यों का निर्वहन सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त परीक्षा के संचालन के लिए यह बदलाव किया गया है। इंटर की परीक्षा में केन्द्रों पर प्रतिनियुक्त वीक्षकों से कर्तव्यों का निर्वहन सही ढंग से कराया जाए। 15 फरवरी से माध्यमिक परीक्षा के लिए निर्धारित केन्द्रों के सभी कक्षों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

# नई नियमावली का जमकर विरोध, नियोजित शिक्षक संघ के सदस्यों ने जलाई प्रतिया

निज संवाददाता



**मोहनिया (कैमूर)।** कैमूर के बीआरसी मोहनिया में पहुंचे जिले के शिक्षक संघ के सदस्यों द्वारा शिक्षक एकता जिंदाबाद का नारा बुलंद करते हुए एक बैठक की। साथ ही सक्षमता परीक्षा का विरोध किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार नियोजित शिक्षकों को हटाने के लिए षड्यंत्र रच रही है, लेकिन उसके बुने हुए जाल में हम लोग फंसने वाले नहीं हैं, उनका जाल ही लेकर हम लोग उड़ जाएंगे। कोई भी नियोजित शिक्षक सक्षमता परीक्षा देने के लिए आवेदन नहीं भरेगा। बिना शर्त हम लोगों को नियमित शिक्षक का दर्जा देना होगा, नहीं तो अपने संघ के आह्वान पर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन हम लोग जारी रखेंगे।टीचर प्रतिभा कुमारी के साथ तमाम शिक्षक रमेश सिंह, सतीश कुमार सिंह ने बताया दल बदलू सरकार की बातों को हम लोग नहीं मानेंगे। सक्षमता परीक्षा का बहिष्कार करेंगे। सबसे पहले इनके द्वारा दक्षता परीक्षा पास कराया गया, हम लोगों ने टेंट भी पास किया, उसके बावजूद सक्षमता परीक्षा के लिए बात किया जा रहा है जो सही नहीं है। हम लोग कोर्ट तक जाएंगे बिहार ही नहीं पूरे देश में डंका बजाएंगे। हमारी मांग है कि बिना शर्त बिहार के सभी नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिया जाए। जिससे हम लोग विरोध कर रहे हैं। क्योंकि यह गैर संवैधानिक है। सरकार के इस निर्णय के खिलाफ हम लोग सड़क पर भी उतरने का काम करेंगे। हम सरकार के मंत्री के साथ मुख्यमंत्री से भी मिलकर अपनी मांगों को रखेंगे। शिक्षकों में पूरा आक्रोश है, एक भी शिक्षक सक्षमता परीक्षा का फॉर्म नहीं भरेगा। हम लोगों ने सरकार के आदेश की प्रश्न को भी जलाया है। सरकार को अपने निर्णय पर एक बार पुनः विचार करने की जरूरत है दक्षता

## मोबाइल व पैसा छीन भाग रहे दो लोग गिरफ्तार

**रामपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** मोबाइल व पैसा छीनकर भाग रहे बाइक सवार तीन बदमाशों में से दो को बेलांव थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से बिना नंबर प्लेट की बाइक, चोरी का मोबाइल व दो हजार रुपए नकद बरामद किया। गिरफ्तार लोगों में करमचट थाना क्षेत्र के सबार निवासी मोहित सिंह उर्फ झाबर सिंह तथा मड़इचा के भीम कुमार शामिल हैं। इसकी जानकारी थानाध्यक्ष अनीश कुमार ने दी और बताया कि इस घटना के तीसरे आरोपी सबार निवासी सूरज यादव के बेटे धनु कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पूछने पर उन्होंने बताया कि बेलांव थाना क्षेत्र करीगाई गांव का विकास कुमार अपने गांव के पथ पर खड़ा होकर मोबाइल से किसी से बात कर रहा था। इसी दौरान एक बाइक पर तीनों बदमाश आए और उससे उसका मोबाइल व पैसा छीनकर भागने लगे। विकास की सूचना पर पुलिस पहुंची और उसकी निशानदेही पर गंगापुर पथ की तरफ पीछा किया गया।

झूठे अपहरण के मामले का पुलिस ने किया पर्दाफाश

# पुलिस ने अपहरण की साजिश रचने वाले युवक को कोलकाता रेलवे स्टेशन से किया बरामद

- खुद की अपहरण की रची साजिश
- मांगी दो लाख की फिरौती

निज संवाददाता



**भभुआ (कैमूर)।** कैमूर में पुलिस ने एक झूठे अपहरण के मामले का पर्दाफाश किया है। परिजनों के सहयोग से पुलिस ने अपहरण की साजिश रचने वाले युवक को कोलकाता रेलवे स्टेशन से बरामद कर लिया है। पुलिस के पूछताछ में युवक ने बताया कि वह कोटा में पढ़ाई करना चाहता था, जिसके लिए परिजनों से पैसे की मांग कर रहा था, वह नहीं दे रहे थे। पैसा नहीं मिलने के कारण वह एक फरवरी को घर से इंटरमीडिएट की परीक्षा देने के लिए निकला और ट्रेन पकड़कर कोलकाता भाग गया और फोन के माध्यम से परिजनों से दो लाख रुपए की फिरौती की मांग करने लगा। उद्वेदन करते हुए युवक को बरामद कर लिया गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। युवक का पिता किसान है जो अपनी बेटी के शादी के लिए पैसे इकट्ठा कर रखे थे, इस पैसे पर बेटे ने की नजर थी जिसके कारण झूठे अपहरण की कहानी रच दी। लड़के के पिता राम जी शाह ने बताया कि एक फरवरी को बेटा एग्जाम देने के लिए गया हुआ था, लेकिन शाम में मोबाइल पर फोन आया उसे कुछ लोगों ने अपहरण कर लिया है। फिर उनसे दो लाख रुपए फिरौती की मांग की जाने लगी ,जिसकी जानकारी उनके द्वारा भभुआ थाने को दी गई। बेटे को आज बरामद कर लिया गया है। कैमूर एसपी ललित मोहन शर्मा ने बताया कि प्रिंस कुमार अपनी झूठी अपहरण रचा हुआ था। जो एग्जाम देने के लिए घर से एक तारीख को निकाला था। शाम को अपहरण होने की जानकारी परिजनों को दी थी और फिर दो लाख रुपए की फिरौती का मांग किया जा रहा था। जिस मामले में भभुआ डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन कर तकनीकी अनुसंधान के आधार पर लड़के को कोलकाता रेलवे स्टेशन से सकुशल बरामद कर लिया गया है। पूछताछ में बताया कि कोटा में पढ़ाई करने के लिए वह दो लाख रुपए मांग रहा था, उसके पिता बेटी की शादी करने के बाद देने की बात कह रहे थे, जिस कारण वह अपहरण की झूठी साजिश रची थी।




# पानी की समस्या को लेकर पहाड़ी क्षेत्र की महिलाओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

निज संवाददाता



**चैनपुर (कैमूर)।** जिले के चैनपुर प्रखंड के डूमरकोन पंचायत के मसानी गांव से 40 की संख्या महिलाएं कलेक्ट्रेट भभुआ पहुंची। जहां जिलाधिकारी को आवेदन देकर बताया कि अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय मसानी के सेफ्टी टैंक का पानी रिस कर कुएं में पहुंच रहा और कुएं का गंदा पानी पीने से गांव के लोग बीमार हो रहे हैं। नल जल योजना भी सरकार की तरफ से लगा है लेकिन उससे भी लाल पानी निकल रहा। पानी-पीने के लिए काफी परेशानी हो रही है। इससे निजात दिलाया जाए। वही, जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा मामले की जांच कर तुरंत निजात दिलाने का आश्वासन दिया। मसानी गांव के राम इकबाल यादव, फूलमती देवी, प्यारी देवी और कुंती देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि हमारे गांव में अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय है। जिसका सेफ्टी टैंक का गंदा पानी रिसकर कुआं में पहुंच जा रहा। जिससे पूरा कुआं का पानी दूषित हो जा रहा है। जो भी लोग कुएं का पानी पीते हैं वह बीमार पड़ जाते हैं।

इसको लेकर हम लोगों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक से भी मुलाकात किये लेकिन उनके द्वारा कहा गया कि जिले में जाकर इसकी शिकायत करें तभी सुनवाई हो पाएगी। इसलिए हम लोग 100 प्रत्येक आदमी भाड़ा देकर जिला तक डीएम को आवेदन देने के लिए पहुंचे हैं। जिला कल्याण पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया विद्यालय के दूषित जल कुआ में रीस कर पहुंचने की शिकायत मिली है। इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक से भी बात हुई है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी से मामले का जांच कराया जा रहा है। अगर कुआं तक गंदा पानी पहुंच रहा होगा तो तुरंत पक्का नाला बनाकर उसे दूसरे जगह गिराया जाएगा। जिससे कि कुआं का पानी दूषित ना हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### नीतीश कुमार की सोच से आज बिहार लगातार विकास कर रहा है : मनीष

**गया।** मानपुर प्रखंड के सिकहर गांव स्थित पुस्तकालय भवन में शनिवार को जदयू युवा प्रकोष्ठ के नगर अध्यक्ष अमरनाथ राय की अध्यक्षता में जन संवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा का संचालन पार्टी के जिला प्रवक्ता अवध बिहारी पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सलाहकार पूर्व आईएएस अधिकारी मनीष वर्मा ने भी हिस्सा लिया। मनीष वर्मा के आगमन पर जदयू कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर फूल-माला देकर उनका जोरदार स्वागत किया। सभा स्थल पर पहुंचने पर उनका स्वागत अमरनाथ राय, मधुसूदन राय, अवध बिहारी पटेल, राहुल सिंह व कैलाश राय ने अंग-वस्त्र एवं बुके देकर किया। सभा को संबोधित करते हुए श्री वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच से आज बिहार लगातार विकास कर रहा है। नीतीश कुमार नेता नहीं विचारधारा हैं। उन्होंने कहा कि याद कीजिए 2005 से पहले का बिहार और आज का बिहार। साफ पता चलता है कि नीतीश कुमार ने सभी योजनाओं को धरातल पर उतारकर बिहार को एक नया बिहार बनाया है। साइकिल योजना अपने आप में अद्भुत योजना है। इस योजना ने बिहार की लड़कियों में बहुत बड़ा परिवर्तन किया है। नीतीश कुमार ने बिहार में ऐतिहासिक जाति आधारित गणना कराकर आरक्षण का दायरा बढ़ाने का काम किया है। युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में न्याय के साथ विकास हो रहा है। कार्यक्रम को पूर्व एमएलसी मनोरमा देवी, पूर्व विधायक कृष्णनंदन यादव, युवा जदयू के जिलाध्यक्ष कुमार गौरव उर्फ गौरव सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राय, सुरेश राव, अरुण राव, राहुल सिंह, लालजी प्रसाद, जहांगीर खान, उमेश वर्मा, शंकर चौधरी, उत्तम कुशवाहा, बिगन पटेल, अरुण राउत, बीकेपी वर्मा, वीरेंद्र शर्मा, हर्ष भानु, नीतीन पासवान, अशरफ इमाम सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### फरार नक्सली महेश महतो गिरफ्तार

**गया।** गया पुलिस की पकड़ से सात साल से फरार चल रहा नक्सली महेश महतो उर्फ महेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। महेश पर जिले के अलीपुर थाना, पाई बिगहा ओपी, पटना के पालीगंज सहित कई थानों में लेवी मांगने को लेकर नक्सली कांड दर्ज हैं। इसकी गिरफ्तारी पटना जिले के सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के करौती गांव से हुई है। बताया गया है कि साल 2016 में दो फरवरी की रात पाई बिगहा ओपी क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे पर आठ-दस की संख्या में लेवी मांगने नक्सली पहुंचे थे। नक्सली दस्ते ने वहां रहे मजदूरों की साथ मारपीट की और मोबाइल छीन ली थी। साथ ही नक्सलियों ने धमकी दी थी कि अगर मालिक लेवी की रकम नहीं देगा, तो जान से मार देंगे। इस घटना को लेकर पाई बिगहा ओपी में कांड दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। अनुसंधान के क्रम में महेश महतो की अगुवाई में ही नक्सलियों के ईंट भट्ठा आने की बात सामने आई थी। इसके बाद पुलिस ने महेश के कई साथियों को गिरफ्तार किया था। लेकिन महेश भूमिगत हो गया था। इस बारे में एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि नक्सली महेश के पटना जिले में छुपे होने के इनपुट मिले थे। इनपुट के आधार पर विशेष टीम का गठन कर पटना पुलिस के सहयोग से महेश को पटना जिले के सिंगोड़ी थाना क्षेत्र के करौती गांव से गिरफ्तार किया गया है।

### एमयू पीजी में दाखिला के लिए 22 तक आवेदन

**बोधगया।** मगध विवि के पीजी सत्र 2022-24 में दाखिले के लिए 22 फरवरी तक आवेदन की तिथि निर्धारित की गई है। अध्यक्ष छात्र कल्याण प्रो ब्रजेश राय ने इस संबंध में सूचना जारी की है। विवि में जहां भी भी पीजी की पढ़ाई है, वहां 12 फरवरी से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

### जागरुकता को ले निकला रथ पहुंचा मानपुर

**मानपुर।** बीएस- 4 सामाजिक संगठन के नेतृत्व में 65वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर आम आवाम को संविधान के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अम्बेडकर पार्क से संविधान रथ निकाला गया था।को कई प्रखंडों का परिभ्रमण करते हुए शनिवार को मानपुर प्रखंड पहुंचा।इस दौरान प्रखंड के शेखा बिगहा, महुआर, सोंगरा, ननौक सहित कई गांव में कार्यक्रम आयोजित किया गया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि देश संक्रमण काल से गुजर रहा है।लोग संविधान विरोधी कार्य कर रहे है सत्ता शीर्ष पर बैठे लोग मौन है। शासक वर्ग संविधान बदलने की बातें कह रहे है जो देश का अपमान है।

### जनता के बीच जाकर समस्याओं को सुनें और करें समाधान : एसपी

**गम्हरिया।** गम्हरिया थाना का शनिवार को पुलिस अधीक्षक संदीप सिंह ने औचक निरीक्षण किया, जिससे पुलिस कर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों की समीक्षा की। साथ ही निरीक्षण के दौरान हरसंभव विधि व्यवस्था बनाये रखने को कहा। थाना परिसर में करीब 20 मिनट तक उन्होंने हर बिंदु पर गहनता से जांच-पड़ताल की। इस दौरान मौके पर उपस्थित पुलिस पदाधिकारियों को लगातार पेट्रोलिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल के बाद एसपी संदीप संतुष्ट दिखे। मौके पर उन्होंने कहा कि जहां-जहां जाम की समस्या है, वहां ट्रैफिक पुलिस तैनात करें। सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि लोगों के बीच जाकर उनकी समस्या को सुनकर तुरंत निदान करें। आमलोगों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस का सहयोग करेंगे तो आपको भी पुरस्कृत किया जाएगा। कई ऐसे क्रिमिनल हैं जो गांव में बसेरा बना ले लेते हैं, वैसे अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम को तैयार किया गया है। अब पुलिसिंग की बहुत सारी व्यवस्था ऑनलाइन की जाएगी। इसमें जो भी आवश्यकता होगी वह हम सभी पूरा करेंगे। जो भी रिकॉर्ड होगा वह अब ऑनलाइन होगा, आने वाले समय में चुनाव को लेकर संवेदनशील जगह पर चेकिंग किया जाएगा। जहां तक आम लोगों की जरूरत होगी वहां हम सहायता लेंगे। सोशल मीडिया के जरिए प्रचार प्रसार के माध्यम से भी लोगों को जागरूक करेंगे। इस दौरान थानाध्यक्ष विकास कुमार समेत अन्य कर्मी मौजूद थे।

### 42 सड़कों के सौंदर्यीकरण का चल रहा कार्य, स्मार्ट सिटी परियोजना के कार्यों की हुई समीक्षा

**नालंदा।** जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने शनिवार को अपने कार्यालय में नगर निगम बिहारशरीफ में स्मार्ट सिटी परियोजना के हो रहे कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिहार शरीफ नगर निगम क्षेत्र में 42 सड़कों के जीर्णोद्धार/पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है। अभी तक एक सड़क का कार्य पूर्ण हुआ है। लगभग 21 किलोमीटर लंबाई के नाले का निर्माण किया जाना है जिसमें से अब तक 3.5 किलोमीटर नाले का निर्माण पूरा हुआ है। जिलाधिकारी ने कार्य की धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। शहर में 8 चौराहों को सुव्यवस्थित करने का कार्य किया जाना है। जिसमें से तीन चौराहे... अस्पताल चौक, खंडकपर चौराहा और बड़ी पहाड़ी जंक्शन का कार्य प्राथमिकता से अविलंब करने का निर्देश दिया गया।



**32 गार्डर को लांच किया गया:** रामचंद्रपुर बस स्टैंड के जीर्णोद्धार कार्य में तेजी लाते हुए मई तक पूर्ण करने को कहा गया। फ्लाई ओवर निर्माण कार्य के संबंध में बताया गया कि पाइलिंग का कार्य पूरा हो चुका है। 32 गार्डर को लांच किया गया है। 17 अन्य गार्डर को लांच किया जा रहा है। स्लैब डालने के लिए भी कार्रवाई की जा रही है। 15 मई तक निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा।

**निर्माण के दौरान सुचारू रहे यातायात:** जिलाधिकारी ने कार्य अवधि में पुरानी सड़क को हर हाल में मोटरेबल रखने का निर्देश दिया। नाला-रोड के निर्माण और बिहार क्लब के जीर्णोद्धार कार्य में भी तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बाबा मनीराम अखाड़ा तालाब के जीर्णोद्धार कार्य के संबंध में बताया गया कि इसकी तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। निविदा की कार्रवाई प्रक्रियाधीन है। बड़ी पहाड़ी की पहड़तल्ली में फिटनेस पार्क के निर्माण की योजना के बारे में बताया कि इसकी तकनीकी स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। प्रशासनिक स्वीकृति प्रक्रियाधीन है। इसके उपरांत निविदा की कार्रवाई होगी।

# दो पक्षों में हुई रोड़ेबाजी, 10 लोगों पर प्रथमिकी

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में घरेलू विवाद को लेकर दो पक्षों में रोड़ेबाजी हुई। एक पक्ष ससुराल वाले और दूसरी तरफ मायके वाले। विवाहिता के पति अपने लोगों के साथ पत्नी के घर पहुंचा और रोड़ेबाजी शुरू कर दी। जिसके बाद विवाहिता के घर वाले ईंट-पत्थर फेंकने लगे। जिसका वीडियो भी सामने आया है। जो 28 जनवरी का है। आसपास के लोगों ने विरोध किया तब मामला शांत हुआ। मामले में दोनों पक्षों की ओर से नालंदा थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामला नालंदा थाना क्षेत्र अंतर्गत जुआफर गांव का है।

**फैमली कोर्ट में चल रहा मामला:** जुआफर गांव निवासी देवनंदन प्रसाद की बेटी नीतू कुमारी ने अपने पति समेत 3 लोगों के खिलाफ नालंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसके पति अजीत कुमार कुछ लोगों को लेकर पहुंचे और हमला कर दिया। अजीत कुमार ने बंदूक तान कर धमकी दी कि तुम मेरे साथ चलो नहीं तो केश वापस लो, इस बीच उसके पति और साथ आए लोगों ने मारपीट कर मुझे, भाभी और भतीजे को जख्मी कर दिया। नीलू ने बताया कि फैमली कोर्ट में उनलोगों का मामला चल रहा है।






**दामाद ने ससुर और साला समेत 7 को किया आरोपित:** वहीं नीलू के पति अंजित कुमार ने भी नालंदा थाना में अपने साला, ससुर समेत कुल 7 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है। जिसमें उसने बताया है कि वह 28 जनवरी को साले के बुलावे पर अपने भाई और चाचा के साथ ससुराल पहुंचे। अपनी पत्नी को वापस ले जाने लगे। इसी बीच घर में मौजूद लोग गाली-गलौज करने लगे, मना करने पर लाठी-डंडे से पीटने लगे। मारपीट के दौरान उनलोगों ने नगद और मोबाइल भी छीन लिया। मारपीट के बाद रूम में बंद कर दिया। शोर पर कुछ लोग जमा हो गए, जिन्होंने हमें छुड़ाया। नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला 7 दिन पूर्व का है। वायरल वीडियो भी प्राप्त हुआ है।

# CRPF कांस्टेबल की संदिग्ध हालत में मौत, शव बरामद, छुट्टी लेकर घर लौटा था

### घटनास्थल से इंजेक्शन भी बरामद

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में शनिवार को छुट्टी लेकर घर लौटे सीआरपीएफ जवान का शव अर्धनिर्मित मकान से रविवार को बरामद किया गया। मामला रहुई थाना क्षेत्र के रहुई बाजार का है। मृतक रहुई बाजार निवासी स्व. दिनेश प्रसाद के बेटे ब्रजेश कुमार है। ब्रजेश CRPF में कांस्टेबल के पद पर गया में तैनात थे।

**क्या बोलें परिजन:** ब्रजेश कुमार के परिजन ने बताया कि शनिवार को छुट्टी लेकर CRPF जवान घर आए थे। कुछ देर घर में रुकने के बाद बाहर निकले, इसके बाद देर रात तक घर नहीं लौटे। रविवार को अर्ध निर्मित मकान में खोजबीन के दौरान वे मृत पाए गए। परिजनों का कहना है की चेहरे पर जख्म के निशान हैं। मौत कैसे हुई है उन्हें यह नहीं पता है। ठंड लगने से मौत की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। परिवार वालों की चित्कार से गांव का माहौल गमगीन हो गया है। मृतक का एक पुत्र एवं एक पुत्री है। हालांकि जहां से शव को बरामद किया गया है। वहां से इंजेक्शन आदि नशे का सामान भी बरामद किया गया है।

**क्या बोलें डीएसपी:** सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि रहुई थाना अध्यक्ष को प्रातः सूचना मिली कि एक शव अर्ध निर्मित मकान में पड़ा हुआ। सूचना के उपरांत पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। जांच में सीआरपीएफ के जवान होने की बात का पता चला जिनका शव उन्हीं के अर्ध निर्मित मकान में पड़ा हुआ मिला। परिजनों के द्वारा अभी तक किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया गया है। शव के पास से कुछ सिरिंच बरामद किया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुट गई है।





# 8 उपद्रवियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, आक्रोशितों ने टूरिस्ट बस में लगाई थी आग

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा के दीपनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन के दीपनगर बाजार में शनिवार की सुबह ट्यूशन जा रही छात्रा तेज रफ्तार बस की चपेट में आ गई। जिसके कारण घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतका सिलाव थाना क्षेत्र के कमदारगंज निवासी सुगन यादव की (14) वर्षीया पुत्री पुष्पा कुमारी है। घटना के बाद आक्रोशितों ने बस में आग लगा दी। भीड़ ने बस ड्राइवर को मारपीट कर जख्मी कर दिया। बस उड़ीसा से चलकर राजगीर जा रही थी। पर्यटक सवार थे।

**2 घंटे तक होता रहा उत्पात:** करीब 2 घंटे तक उपद्रव बीच सड़क पर चलता रहा। सदर डीएसपी के अगुवाई में आधा दर्जन थानों की पुलिस और बल को मंगाया गया। जिसके बाद मामला शांत हुआ। इस मामले में सिलाव थाना क्षेत्र के कामदारगंज गांव निवासी सुगन यादव ने दीपनगर थाना में झारखंड के टाटा निवासी बस ड्राइवर जसवीर सिंह पर लापरवाही से ड्राइविंग करने का आरोप लगाकर आवेदन दिया है। फिलहाल बस ड्राइवर पुलिस अभिरक्षा में है।



**18 दिनों के टूर पर थे पर्यटक:** स पर उड़ीसा के पर्यटक सवार थे। 18 दिनों के टूर पर सभी पर्यटक निकले थे। शनिवार को तीसरा दिन था, राजगीर होते हुए सभी यूपी के रास्ते नैनीताल, कश्मीर और फिर अजमेर जाते। बीच रास्ते हुए इस हादसे से पर्यटकों की यात्रा अधूरी रह गई। दुर्घटना के बाद सब कुछ इतना जल्दी हुआ कि पर्यटकों को उनके सामान निकालने तक के मौके नहीं मिल सका। दीपनगर थाना अध्यक्ष नारद मुनि सिंह ने बताया कि पुलिस उपद्रवियों की पहचान में जुट गई है। उपद्रव करने वाले शरारती तत्वों को बक्शा नहीं जाएगा। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल बस ड्राइवर को हिरासत में रखा गया है।

**क्या बोले DSP:** सदर डीएसपी नुरुल हक ने बताया कि उपद्रव में शामिल धीरेंद्र कुमार, नितीश कुमार, आलोक कुमार, छोटू कुमार, उपेंद्र यादव, धर्मवीर यादव, राणा प्रताप कुमार, अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

# जीविका दीदियों को मिली 13 करोड़ की राशि

निज संवाददाता। नालंदा

नालन्दा के रहुई प्रखण्ड परिसर मैदान के प्रांगण में रोजगार सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन शनिवार को हुआ। रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में संगठित क्षेत्र की 21 कंपनियां... निर्माण संबंधित कार्य, मोबाइल निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण, गारमेंट्स, परिधान, रिटेल, सिक्योरिटी गार्ड की कंपनी उपस्थिति रही। उक्त कंपनियों ने 2107 युवाओं का निबंधन किया। जिसमें 241 युवाओं को विभिन्न कंपनियों और संस्थाओं ने ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार सह मार्गदर्शन मेला में कुल 5 युवाओं को मंत्री ने ऑफर लेटर दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्रामीण विकास विभाग, बिहार सरकार श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, पूर्व विधायक सुनील कुमार, क्षेत्रीय प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक, अंचल प्रमुख, जिला समन्वयक, DBGB नालन्दा, प्रभारी जिला परियोजना प्रबंधक राम पुकार प्रसाद, प्रखंड विकास पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया 1

**13 करोड़ रुपए की राशि दी गई:** रोजगार मेला में आई सभी कंपनी बिहार प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेशों में युवाओं को नौकरी उपलब्ध करवाएगी। साथ ही R.S.E.T.I प्रशिक्षण संस्थान इच्छुक युवाओं को प्रशिक्षण के बाद विभिन्न प्रकार के स्वरोजगार कार्यों से जोड़ेगी। रोजगार मेले में स्वयं सहायता समूह की दीदियों को आय वर्धक गतिविधि बढ़ाने के लिए कुल 13 करोड़ रुपए की राशि दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक और भारतीय स्टेट बैंक ने निर्गत की। राशि को मंत्री ग्रामीण विकास विभाग ने जीविका दीदी को प्रदान किया।

# राजद का बस चले तो लालू को भारत रत्न दिला दे: शाहनवाज

### शहनवाज हुसैन ने राजद पर साधा निशाना, कहा- कर्पूरी ठाकुर को सम्मान मिला, तो दर्द हो रहा है

निज संवाददाता। गया

भारत रत्न सम्मान दिए जाने पर राजद नेताओं की ओर से उठाए जा रहे सवाल पर पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि राजद का बस चले तो लालू यादव के लिए भी सम्मान मांग ले। RJD लालू यादव की पार्टी है। वह एक बार भी लालू यादव का नाम क्यों नहीं ले रहा है। कर्पूरी ठाकुर को आज सम्मान मिल गया तो दर्द हो रहा है। 10 साल RJD भी केंद्र की सरकार में रही है, क्यों नहीं कर्पूरी ठाकुर या फिर अन्य को सम्मान दिलाया। उन्होंने कहा कि वैसे नेता जिन्हें ED वाले ढूंढ रहे हैं, उन्हें लाल कृष्ण आडवाणी के जीवन और राजनीति से सबक लेनी चाहिए।

**'बिहार का विकास रुक सा गया था':** शाहनवाज हुसैन ने कहा कि बिहार में अब जनता की सरकार फिर से आ गई है। 2020 से भी थी, लेकिन बीच मे 17 महीने के घुसपैठिए आ गए थे। इस वजह से बिहार का विकास रुक सा गया था। एक बार फिर से नीतीश कुमार का प्रस्ताव भाजपा के पास आया, जिसे हमलोगों ने स्वीकार किया है। अब बिहार का तेजी से विकास होगा। बिहार का विकास होगा तो गया का भी विकास होगा। क्योंकि पहले कोयले के इंजन वाली सरकार थी। अब वंदे भारत के इंजन के माफिक डबल इंजन की सरकार है। इस मौके पर उन्होंने 17 वर्ष पहले बिहार के औद्योगिक मंत्री रहने के दौरान गया को 1700 एकड़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए दिए जाने और उस पर बड़े उद्योग स्थापित किए जाने के प्रयास पर भी चर्चा की। साथ ही उन्होंने अफसोस भी जताया कि प्रदेश में NDA की सरकार बीते दिनों में नहीं रहने की वजह से पूरा नहीं कर सके। अब सरकार आ गई है, सारा काम तेजी से होगा। इस मौके पर उन्होंने गया एयरपोर्ट को इंटरनेशनल एयरपोर्ट बनाए जाने के लिए सरकार तक बातें रखने की बातें कहीं। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रेम प्रकाश चिंटू पूर्व जिला अध्यक्ष धनराज शर्मा अनिल स्वामी भाजपा जिला प्रवक्ता संतोष ठाकुर आदि उपस्थित थे।



### लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर सियासत तेज

# राजद का सवाल- सावित्रीबाई फुले और जगदेव प्रसाद को क्यों नहीं: विनय

निज संवाददाता। गया

राष्ट्रीय जनता दल ने लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने के मसले पर कड़ी आपत्ति जताई है। राजद के नेताओं ने प्रधानमंत्री को दलित विरोधी तो लालकृष्ण आडवाणी को नफरत गर्द कहा है। लालू प्रसाद के विचारधाराओं से प्रेरित राजद नेताओं ने महात्मा ज्योतिबाई फुले और जगदेव प्रसाद को भारत रत्न दिए जाने की मांग की है। महात्मा ज्योतिबा फुले क्रांतिकारी संघ के राष्ट्रीय संयोजक राष्ट्रीय जनता दल के प्रांतीय सचिव ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार जब लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न जैसा सर्वोच्च नागरिक सम्मान दे सकती है, तो समाज सुधारक की प्रतिमूर्ति देश की प्रथम महिला शिक्षिका, नारी सशक्तिकरण के प्रतीक महिलाओं के लिए शिक्षा की अलख जगाने वाली सावित्री बाई फुले को भारत रत्न क्यों नहीं? इसी तरह गरीब पिछड़े दलित अति पिछड़े सहित समाज के 90% कमजोर वर्गों की लड़ाई लड़ने वाले अमर शहीद जगदेव प्रसाद को भारत रत्न क्यों नहीं? विनय कुशवाहा ने कहा कि इस देश की जनता देश के प्रधानमंत्री से पूछना चाहती है कि जिन्होंने देश के लिए समाज सुधार, शिक्षा व सामाज सेवा की लड़ाई लड़ने वाले लोगों को भारत रत्न कब मिलेगा? क्या देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछड़े दलित के इतने धूर विरोधी हैं कि अब तक सावित्रीबाई फुले, ज्योतिबा फुले और अमर शहीद जगदेव प्रसाद को भारत रत्न के सम्मान से दूर रखा है। वहीं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव सह ओबीसी महा प्रदेश महा सचिव बीरेंद्र गोप का कहना है कि नफरतगर्द को सर्वोच्च सम्मान देना सर्वोच्च सम्मान का अपमानित करने जैसा है। लालकृष्ण आडवाणी ने अपने राजनीतिक जीवन काल में सिर्फ नफरत फैलाने का काम किया है। उन्होंने भारत के गंगा जमुनी तहजीब तार-तार करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ा है, इस स्थिति में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित करना कहीं से उचित नहीं है। इसी तरह नफरत फैलाने वालों को सम्मानित किया जाने लगेगा तो देश को बर्बाद होने से कोई नहीं रोकेगा।



# आर्मी जवान के घर से हथियार और 50 कारतूस चोरी

निज संवाददाता। गया

गया के एक घर में चोरी हुई है। घर की मालकिन के मुताबिक करीब 20 लाख रुपए की संपत्ति की चोरी हुई है। चोर 3 सौ ग्राम सोने के गहने, 5 ग्राम चांदी के गहने, 50 किलो पीतल, 50 हजार नगद और रिवॉल्वर और 50 राउंड की गोलियां ले गए। घर के मालिकन के दो बेटे हैं। एक आईटीबीपी और दूसरा आर्मी का जवान है। घर की मालकिन विधवा गीता देवी ने कहा कि वे 27 जनवरी को एक शादी समारोह में गया शहर गई थी। शनिवार दोपहर लौटी तो घर में सभी कमरों का ताला टूटा था। घटना मेन थाना क्षेत्र की है।

**महिला के आवेदन पर कार्रवाई की जा रही:** मेन थाना प्रभारी कौशलेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित महिला के लिखित आवेदन के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। महिला की ओर से शाम के वक्त आवेदन दिया गया है। वह कहीं बाहर गईं थीं। शनिवार की दोपहर बाद लौटी तो घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस कार्रवाई में जुट गई।



**सभी शादी समारोह में गए थे, बंद घर से चोर सोने और चांदी के जेवरात भी ले गए**

## संक्षिप्त समाचार

### तीन शिक्षकों के विदाई पर समारोह

**गड़हनी**। प्रखण्ड के मध्य विद्यालय सहंगी के तीन नियोजित शिक्षकों के विदाई के मौके पर समारोह हुआ। विद्यालय के नियोजित शिक्षक नीरज कुमार, उपासना सिंह व संगीता कुमारी का बीपीएससी शिक्षक पद पर चयन हो गया है। जिनकी विदाई के मौके पर सम्मान समारोह हुआ। मौके पर प्रखण्ड प्रमुख बिमल कुमार सिंह ने तीनों शिक्षकों को फूलमाला पहनाया व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अभिभावक, शिक्षकों व विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने भी शिक्षकों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। प्रमुख ने कहा कि शिक्षक बच्चों की भविष्य बनाने को लेकर अपना कीमती ज्ञान बच्चों को देते है। बच्चे का भविष्य भी शिक्षक के हाथों में होता है। इसलिए शिक्षकों को गुरु की दर्जा दी गई है। गुरु जी अपने कर्तव्यों को यदि अच्छे से निर्वहन करते है तो उनके जाने के बाद बच्चा जरूर याद करता है।

### 24 फरवरी को संत रविदास जयंती पर होगा समारोह, हुई तैयारी बैठक

**गड़हनी**। 24 फरवरी को रविदास जयंती के मौके पर समारोह होगा। जिसकी तैयारी को लेकर रविदास आश्रम नहसी में तैयारी समिति सदस्यों के द्वारा बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता आश्रम के साधु प्रकाश जी व संचालन विजय मेहरा ने किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि रविदास जयंती 24 फरवरी को प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम मनाया जाएगा। जयंती के उपलक्ष्य में एक दिन पहले 23 फरवरी को रविदास आश्रम से भव्य जुलूस निकाला जाएगा। यह आश्रम से होते हुए नहसी गांव से स्टेशन तक पहुंचेगा। बैठक में नवनीत राणा, डॉ सुनील कुमार, भिखारी राम सहित गड़हनी व चरपोखरी प्रखण्ड से भी कई लोग शामिल हुए।

### भारतीय राजनीति में आडवानी जी का योगदान अतुलनीय

**आरा**। पूर्व उपप्रधानमंत्री व पूर्व गृहमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारतरत्न देने के निर्णय पर भाजपाईयों ने खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रति आभार व्यक्त किया है। पूर्व कृषि मंत्री सह आरा विधायक अमरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारत के विकास में आडवाणी जी का अहम योगदान है। वह वर्तमान भारतीय राजनीति के युगपुरुष और लौह पुरुष है। भाजपा को आगे बढ़ाने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। वह हमारे राजनैतिक गुरु है। भारतीय राजनीति में उनके योगदान को कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। बधाई देने वालों में नगर अध्यक्ष जीतु चौरसिया, ग्रामीण अध्यक्ष अशोक सिंह, सुशील कुमार मिश्र, मुन्ना सिंह, हैप्पी तिवारी, डा. संजय सिंह, रितेश वर्मा, उदय प्रताप सिंह, अश्वनी कुशवाहा, अजय सिंह, सुगम सहाय, उमाशंकर सिंह उर्फ मिठाई लाल, गौतम श्रीवास्तव, अभय चौधरी, मनीष गुप्ता, मंदीप तिवारी, रौबिन कुशवाहा, चन्दन विश्वकर्मा, प्रियांशु दीवान व राकेश भाटिया समेत अन्य लोग है। इधर, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सतीश कुमार भट्ट ने कहा है कि अतीत में जन- जन की वाणी रहे लालकृष्ण आडवाणी जी को भारतरत्न देने का निर्णय सुखद व स्वागत योग्य है। भारतीय राजनीति में आडवानी की का योगदान अतुलनीय है। खुशी व्यक्त करने वालों में अरविन्द पांडेय, दिनेश कुमार सिंह व अजीत स्वस्तिक समेत अन्य लोग है।

### नकली परीक्षार्थी दे रहा था परीक्षा, धराया

**आरा**। जिला स्कूल परीक्षा केंद्र पर दो दिन से परीक्षार्थी की जगह परीक्षा दे रहा नकली छात्र शनिवार को पकड़ा गया। शनिवार को पहली पाली में असली परीक्षार्थी दिनकर कुमार एवं नकली परीक्षार्थी रवि कुमार दोनों परीक्षा देने के लिए एक साथ केंद्र के भीतर प्रवेश कर गए। जांच के दौरान परीक्षा हॉल में एक ही रौल नंबर पर दोनों परीक्षार्थियों की मौजूदगी से कुछ समय के लिए खलबली मच गई। परीक्षा हॉल में मौजूद परीक्षार्थियों से जब वीक्षकों ने पूछा तो पता चला कि दो दिन से रवि कुमार परीक्षा दे रहा था। असली परीक्षार्थी दिनकर कुमार की उपस्थिति आज ही हुई है। इसके बाद दोनों परीक्षार्थियों को स्थानीय पुलिस बल के हाथों सौंप दिया गया।

### यूपी की टीम ने बिहार को 1-0 से हराकर ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

**धनसोई**। खरहना पंचायत के खरवनिया गांव के खेल मैदान में जय मां दुर्गा क्लब के तत्वाधान फुटबाल टूर्नामेंट मैच का फाइनल मुकाबला उत्तरप्रदेश के गाजीपुर एवं बिहार के बक्सर के बीच खेला गया। वहीं कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि विक्रम सिंह एवं खरहना पंचायत के पूर्व उप मुखिया विनोद कुमार सिंह उर्फ डुगुरन यादव ने फीता जोड़ कर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए फुटबॉल को किक मारकर मैच का उदघाटन किया गया।इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजन से न केवल खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका मिलता है बल्कि, गांव में छुपी प्रतिभा को निखरने का अवसर प्राप्त होता है। टूर्नामेंट शुरू करने से पहले ट्रॉफी शील्ड को गाजे बाजे के साथ पूरे खरवनिया गांव में घुमाया गया। वहीं इस मैच के संयोजक भाजपा नेता राहुल सिंह एवं क्लब के अन्य सदस्य के द्वारा सभी आगत अतिथियो को अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया।चौकीदार अशोक सिंह, शिक्षक हरेंद्र कुमार, भुजंग भूषण, द्वारिका सिंह, डब्लू पाठक, सिद्धनाथ सिंह, सतीश सिंह, जयशंकर मिश्र, ग्लोरियस स्कूल के अमित यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। बता दें कि मैच शुरू होने से पहले आधा दर्जन गांव से आए घोड़ा के द्वारा दौड़ प्रतियोगिता हुआ। जिसे देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। लगभग 2 घंटे तक पुरे मैदान का चक्कर लगाते रहे। दोनों टीम एक दूसरे पर रही हावी बता दें कि बिहार एवं उत्तरप्रदेश के बीच खेले जा रहे फाइनल मैच में दोनों टीम के बीच हुई कांटे की टक्कर हुई। पहले हाफ तक दोनों टीम के द्वारा एक दुसरे पर दबदबा बनाए रखा गया। मैच को करीब से देखने के लिए हजारों की संख्या में पहुंचे थे। खेलप्रेमियों ने खूब तालियां बजा कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। 5 मिनट पहले हुआ निर्णय मध्यांतर तक दोनों टीमें बराबरी पर रही। वहीं दूसरे हाफ में गाजीपुर की टीम ने मैच समाप्त होने से 5 मिनट पहले 1 गोल दाग बढ़त बना ली जो अंत तक कायम रहा।जिसमें यूपी के गाजीपुर की टीम ने बिहार के बक्सर की टीम को 1-0 से शिकस्त देते हुए टूर्नामेंट के ट्रॉफी पर कब्जा जमा लिया।

### ट्रेन से अयोध्या के लिए रवाना हुए राम भक्तों का बक्सर में स्वागत

**बक्सर**। भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति, बिहार पटना के दिशा निर्देश में चलने वाले विभिन्न संस्कार केंद्रों के आचार्य एवं दीदी जी समेत सैकड़ों राम भक्त आस्था एक्सप्रेस ट्रेन से शनिवार को अयोध्या के लिए बक्सर से रवाना हुए। यात्रा का नेतृत्व प्रवासी कार्यकर्ता गंगा चौधरी एवं परमेश्वर कुमार कर रहे हैं। यह ट्रेन भागलपुर से रवाना होकर शनिवार को बक्सर पहुंची। जहां नगर में नगर में चल सरस्वती शिशु मन्दिरों एवं विद्या मंदिरों प्रधानाचार्य,शिक्षको ं एवं अन्य समाजसेवियों ने राम भक्तों का भव्य स्वागत किया। वही यात्रा कर रहे यात्रियों को माला पहनाकर एवं पुष्प की वर्षा रवाना किया गया। इस दौरन संकुल प्रमुख सह सरस्वती विद्या मंदिर बलिका खंड के प्रधानाचार्य विमल कुमार पांडेय ने कहा कि आस्था ट्रेन में भागलपुर से लेकर बक्सर तक सात विभागों के लगभग दो सौ से अधिक लोग अयोध्या राम लला के दर्शन के लिए जा रहे हैं। वही बक्सर से एक दर्जनों से अधिक राम भक्त रवाना हुए. इस दौरान पुरा स्टेशन परिसर जय श्री राम के जय घोष से गूंज उठा। उन्होंने बताया कि पांच फ़रवरी को पुनः अयोध्या से वापस लौटेंगे। इस मौके पर पुनम कुमारी, सुरेश मिश्र, गिरीश द्विवेदी, जैनेंद्र श्रीवास्तव गुप्तेश्वर सिंह, विमल सिंह, अभिषेक भारती समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### माउंट लिट्रा जी विद्यालय में विदाई समारोह सह गुड लक पार्टी

**आरा**। माउंट लिट्रा जी विद्यालय, बामपाली में विदाई समारोह सह गुड लक पार्टी हुआ। वर्ग नौवीं और 11वीं के छात्र -छात्राओं ने वर्ग- 10वीं और 12वीं के छात्र -छात्राओं के लिए गुड लक पार्टी तथा विदाई समारोह किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण वर्ग-12वीं के बच्चों का रैंप वॉक रहा। 12वीं के छात्र- छात्राओं ने विद्यालय के अपने अनुभवों को साझा किया। निदेशक श्रेयांश जैन ने सभी बच्चों को विद्यालय परिवार की ओर से शुभकामनाएं दी। कहा कि वे ऐसे ही सफलता की सीढ़ियों को चढ़े और अपना ,अपने परिवार का तथा अपने इस विद्यालय परिवार का नाम रोशन करें। मंच संचालन का कार्य आनंदिता , शानवी,समीर और हिमांशु और धन्यवाद ज्ञापन शानवी ने किया। मौके पर उपाध्यक्षा सुचिता जैन ,प्राचार्य देवसी एम, उप प्राचार्य श्री साईं प्रसाद, प्रधानाचार्य रत्नेश चौबे और प्रधानाध्यापक सोनी चौधरी सहित अन्य शामिल थे।

# डीएसपी ने ब्रम्हापुर में 12 लोगों को फ्री में बांटे हेलमेट

## 15 बाइक-फोर व्हिलर पर जुर्माना, चेतावनी भी दी

निज संवाददाता। बक्सर



सुरक्षित यातायात को लेकर डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी एक बार फिर वाहन जांच के लिए सड़क पर उतरकर सुरक्षित यात्रा को लेकर लोगों को जागरूक करने का काम किया है। इस दौरान बिना हेलमेट, बाइक चलाने वाले 12 लोगों को फ्री में हेलमेट दिया गया। साथ ही आगे बिना हेलमेट के बाइक चलाते दिखने पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। दूसरी तरफ वाहन जांच के दौरान कई लोगों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 15 बाइक और चार चक्का वाहन को जुर्माना के लिए ब्रह्मपुर थाना को सुपुर्द किया है। यह जांच अभियान आज बक्सर आरा मार्ग के ब्रम्हापुर में चलाया गया। डुमरांव अनुमंडल के डीएसपी आज कल अपने अनोखे अंदाज में वाहन जांच को लेकर काफी चर्चाओं में हैं। प्रतिदिन कहीं न कहीं अनुमंडल क्षेत्र में वाहन जांच के लिए स्वयं सड़क पर उतर ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करने वालों से जुर्माना भी वसूलते हैं। दूसरी तरफ सीट बेल्ट, हेलमेट और ड्राइवर लाइसेंस सहित वाहन के अपडेट कागज रखने वालों को गुलाब का फूल देकर उनका स्वागत कर यात्रा मंगलमय की कामना भी करते हैं। दूसरी बार डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों को फ्री में हेलमेट देकर चेतावनी भी दी। आगे से बिना हेलमेट लगाए बाइक चलाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डुमरांव डीएसपी अफाक अख्तर अंसारी ने बताया कि निशुल्क हेलमेट वितरण वैसे लोगों को दिया गया जिनका सभी कागजात सही था, लेकिन हेलमेट नहीं था। उनको हेलमेट दिया गया। अन्य लोगों पर जुर्माना संबंधित कार्रवाई की जा रही है। बताया कि सभी वाहन चालकों को यातायात नियम पालन करने के लिए जागरूक किया गया। अपील करते हुए कहा कि दुर्घटनाओं से बचने के लिए दो पहिया वाहन पर तीन सवारी न बैठें, सदैव यातायात नियमों का पालन करें। सभी वाहन चालकों को यातायात नियम पालन करने हेतु प्रेरित किया गया।

# सड़क हादसे में होम्योपैथिक डॉक्टर समेत तीन जख्मी

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसे में होम्योपैथिक डॉक्टर समेत तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए इसके बाद आनंद फाइनल में तीनों ज़ख्मियों को इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया,जहां से प्राथमिक उपचार के बाद पटना रेफर कर दिया गया। पहली घटना धोबहां ओपी अंतर्गत सुकुलपुरा,पकवा ईनार के समीप शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन ने बाइक सवार होम्योपैथिक के डॉक्टर को जोरदार टक्कर मार दी । हादसे में वह बुरी तरह जख्मी हो गए। इसके बाद आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी धोबहां ओपी अंतर्गत धोबहां गांव निवासी स्व बाबू नंद राम के बेटे अमरेंद्र कुमार (55) हैं।वह पेशे से होम्योपैथिक के डॉक्टर हैं। इधर परिजनों ने बताया कि धोबहां बाजार पर अपना क्लीनिक चलाते हैं। वह अपने क्लीनिक से दावा करने के लिए सलेमपुर गांव गए हुए थे। जब वह वापस लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर अवस्था में पटना रेफर कर दिया है।

**पेट्रोल लेने जा रहे दोस्तों को ट्रक ने रौंदा, हालत गंभीरः** आरा–बक्सर नेशनल हाईवे गजराजगंज ओपी अंतर्गत बीबीगंज गांव के समीप बेलगाम ट्रक ने बाइक से बार दोस्तों को रौंद दिया । इस दौरान ट्रक ने बाइक समेत दोनों युवकों को 20 मीटर तक घसीटा रहा । हादसे में दोनों बुरी तरह जख्मी है, इसके बाद आनन–फानन में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया । जख्मियों में गजराजगंज ओपी अंतर्गत कुढ़वा टोला गांव निवासी अशोक महतो का 18 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार उर्फ भुअर और शंकर राम 20 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार शामिल है। इधर,जख्मी दीपक ने बताया की वह अपने गांव से बाइक पर सवार होकर अपने दोस्त दीपक के साथ बीबीगंज गांव के समीप पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए जा रहे थे ।

# मां-दो बेटों की बेरहमी से पिटाई, पड़ोसी पर नशे में धुत होकर गाली देने का आरोप

निज संवाददाता। आरा



भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव में शनिवार को गाली-गलौज करने का विरोध करने पर मां-बेटे समेत तीन लोगों की जमकर बेहरमी से पिटाई कर दी गई । इसके बाद अन्य लोगों के बीच बचाव के बाद मामले को शांत कराया गया । मारपीट की घटना में तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार ज़ख्मियों में गड़हनी थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरा गांव निवासी निर्मल चौधरी की 40 वर्षीया पत्नी दुलारो देवी व 25 वर्षीय पुत्र विजय चौधरी एवं 23 वर्षीय के पुत्र मुकेश चौधरी शामिल है। इधर,विजय चौधरी ने बताया कि उसका एक पड़ोसी रोज नशे में धुत होकर उन लोगों को गाली-गलौज करता है। शुक्रवार की शाम भी उसने नशे की हालत में उन लोगों को गाली दिया था। हालांकि शाम में बात खत्म हो गई थी। शनिवार को जब वह दुबारा नशे की हालत में उसके माता-पिता को गाली दे रहा था। तभी उसका छोटा भाई मुकेश चौधरी उसे समझाने गया तो उसने लाठी से उसकी पिटाई कर दी। जब वह बीच-बचाव करने गया तो उसने उसकी और उसके मां दुलारो देवी की पिटाई कर दी। जिससे तीनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

**सदर अस्पताल में चल रहा इलाजः** इसके बाद उन्हें इलाज के लिए गड़हनी पीएचसी से आरा सदर अस्पताल लाया गया। वहीं दूसरी ओर जख्मी विजय चौधरी ने पड़ोस के ही एक युवक पर गाली-गलौज करने का विरोध करने पर पहले डंडों से तीनों को पीटने एवं उसके बाद छत पर चढ़कर ईट से मारकर तीनों लोगों को जख्मी करने का आरोप लगाया है। मामला शांत होने के बाद पीड़ित परिवारों ने इसकी सूचना स्थानीय थाना पुलिस से की है।

# गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर नगर परिषद के पांडेय पट्टी मंडल के छोटका नुआंव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला, की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोनू राय द्वारा किया गया। मंच संचालन सुनील सिंह द्वारा किया गया। सोनू राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता 11 फरवरी तक गांव चलो अभियान के तहत प्रत्येक बूथ पर सघन अभियान चलाए जाएंगे।

अबकी बार 400 पार नारा को मूर्त देने का कार्य के लिए भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता संकल्पित है। यह अभियान के तहत केंद्र सरकार के नीतियों और योजनाओं को लाभ एक एक बूथ के अंतिम पायदान के व्यक्ति तक पहुंचना है। बता दें कि लोकसभा चुनाव से पहले वोटरों को रिझाने के लिए भाजपा द्वारा कई कार्यक्रम चलाए गए हैं। भारत संकल्प यात्रा के बाद अब गांव चलो अभियान के तहत शहर के साथ ही गांवों तक अपनी पकड़ और मजबूत करना चाहती है। भाजपा द्वारा पहली बार गांव चलो अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी इसके माध्यम से कार्यकर्ताओं को गांव-गांव तक भेजना चाहती है। अभियान में 11 फरवरी तक केंद्रीय मंत्री, सांसद,सहित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता को गांव में 24 घंटे बिता बूथ लेवल तक के लोगों की समस्या सुननी है। प्रत्येक बूथों पर भाजपा की रीति-नीति, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करना है।हालंकि बक्सर में भाजपा द्वारा बूथ लेवल पर इसके तहत कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है लेकिन 24 घंटे समय देने वाली बात कही दिखाई नहीं दे रही है।

# आरपीएफ ने की सख्त कार्रवाई, नियमों का उल्लंघन पर करने पर 437 यात्री पकड़ाए

## एक महीने में वसूला 1 लाख 76 हजार जुर्माना

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर स्टेशन पर आरपीएफ द्वारा वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त प्रकाश कुमार पांडा के दिशा निर्देश में लगातार अभियान चलाया जा रहा है। अवैध रूप से यात्रा कर यात्रियों और नो पार्किंग के विरोध में आरपीएफ ने एक महीने में बड़ी कार्रवाई की है। आरपीएफ ने रेलवे एक्ट उल्लंघन करने वाले रेल यात्रियों से एक महीने में एक लाख 76 हजार रुपए जुर्माना वसूला है।

**एक महीने में कुल 437 लोगों को पकड़ाः** बक्सर स्टेशन आरपीएफ पोस्ट प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि दानापुर आरपीएफ कमांडेंट के अलावा रेलवे के अन्य माध्यमों से रेल यात्री लगातार शिकायत कर रहे थे कि महिला, दिव्यांग और एसी कोच में आम रेल यात्री सफर कर रहे हैं। जिसे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसके साथ ही नो पार्किंग में सवारी वाहनों के घुसने से रेल से सफर कर रहे यात्रियों को स्टेशन से बाहर और स्टेशन पर पहुंचने पर भी परेशानी को शिकायत मिल रहा था। जिसको लेकर आरपीएफ कमांडेंट प्रकाश चंद्र पंडा के निर्देश पर बक्सर आरपीएफ ने अभियान चलाया। अभियान के तहत एक महीने में कुल 437 लोगों को पकड़ा गया। जिसमें 433 लोगों को जुर्माना वसूल कर छोड़ दिया गया।

**अभियान आगे भी रहेगा जारीः** वहीं, दो रेल यात्री को रेलवे एक्ट के तहत जेल में दिया गया। पकड़े गए रेल यात्रियों से आरपीएफ ने एक लाख 76 हजार 200 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। इसी कड़ी के तहत कल 20 रेल यात्री को रेलवे एक्ट उलंघन मामले में पकड़ कर आरा रेल कोर्ट भेज दिया।साथ ही महिला और दिव्यांग कोच में आम यात्रियों को यात्रा ना करने की सलाह भी दिया गया।

# गैंगरेप के विरोध में कैंडल मार्च

निज संवाददाता। आरा

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने 14 वर्षीय मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में एक बड़ा बयान दिया है। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि मैं आप सभी को विश्वास दिलवाता हूं, बिहार में सरकार बदली है और एनडीए की सरकार आ गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का दिशा निर्देश प्राप्त होना शुरू हो गया है।

**गीधा ओपी क्षेत्र का है मामलाः** उन्होंने कहा कि अब कोई भी अपराधी बचेंगे नहीं, अपराधियों के छूट का दिन अब खत्म हो गया है। हर अपराधी पर अब अंकुश लगेगा और उनके लिए कानून काम करेगा। भले ही कोई भी क्यों न हो अपराध जो करेगा। उसके लिए कानून काम करेगी। आपको बता दें कि भोजपुर जिले के कोइलवर थाना अंतर्गत गीधा ओपी क्षेत्र के एक गांव में जबरन घर में घुसकर 14 वर्षीय मासूम बच्ची को कंधे पर उठाकर खेत में बेसुध हालत में छोड़कर भाग



सांसद सिग्रीवाल ने कहा- बिहार में NDA की सरकार, नहीं बचेंगे अपराधी, जल्द होगी गिरफ्तारी

गए थे। जिसके बाद परिजनों ने गांव के ही बदमाशों के खिलाफ गैंगरेप का आरोप लगाया था। घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी किसी की गिरफ्तारी नहीं होने पर गुस्साएं परिजनों ने आरा सदर अस्पताल के समीप सड़क जाम कर पुलिस प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया। जिसके बाद पुलिस की निगरानी में मासूम बच्ची को बयान के लिए कोर्ट ले जाया गया। जहां उसका बयान रिकॉर्ड किया गया। वहीं शनिवार की रात में पीड़िता के परिजनों के द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान परिजन लगातार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग कर रहे है।

### ATM से चोरी मामले में टॉवर डंप की मदद

**आरा**। भोजपुर जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के गड़हनी बाजार स्थित एसबीआई के एटीएम को गैस कटर से काटकर करीब सात लाख रुपए चोरी के मामले में पुलिस गिरोह के काफी नजदीक पहुंच गई है। सीसीटीवी फुटेज के साथ टावर डंप की मदद से भी एटीएम चोर गिरोह का पर्दाफाश करने में लगी है । इस कांड के उद्भेदन के लिए तकनीकी एक्सपर्ट टीम को भी लगाया गया है। पुलिस की जांच में या बात सामने आ रही है कि गड़हनी स्टेशन के समीप अगिआंव मोड़ स्थित शिव गोविंद सिंह के मार्केट में एसबीआई का एटीएम बूथ है। सभी अपराधी नकाब लगाए हुए थे, इस दौरान एटीएम बूथ के अंदर लगे कैमरे पर ब्लैक स्प्रे कर साथ ले गैस कटर मशीन से एटीएम काटकर 6 लाख 95 हजार सात सौ रुपए चुरा लिए थे।

## बसपा प्रदेश प्रभारी का अश्विनी चौबे पर हमला, बक्सर में कहा-

# 10 सालों में एक ईंट तक लगाने का काम नहीं किया

निज संवाददाता। बक्सर



बक्सर पहुंचे 'संविधान बचाओ संकल्प सभा के तहत' बहुजन समाज के बिहार प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार सांसद अश्विनी चौबे पर हमलावर दिखे। उन्होंने कहा कि वर्तमान सांसद ने पिछले 10 सालों में सिर्फ जुमलेबाजी, विकास का दिखावा और समाज को सशक्त करने की जगह उन्हें हाशिए पर धकेलने का काम किया है। आज तक उन्होंने विकास के नाम पर एक ईंट तक लगाने का काम नहीं किया है। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर ने कहा था कि आधा पेट खाना खा लेना लेकिन अपने बच्चों को शिक्षा से वंचित मत रखना। दुर्भाग्यवश सरकार साजिशन हम गरीब, पिछड़ा, अल्पसंख्यक, महिलाओं और बहुजनों को शिक्षा से दूर रखना चाहती हैं। ताकि हम उनसे सवाल नहीं पूछे। उनके द्वारा किए सभी सही गलत फैसले को चुपचाप स्वीकार कर लें। जिले के इटाढी प्रखंड की हकीमपुर पंचायत, कुकढा , विझौरा, इंदौर एवं उनवास पंचायतों में संविधान बचाओ संकल्प सभा में पहुंचे हुए थे, जहां लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज शिक्षा व्यवस्था वेंटिलेटर पर आखिरी सांस गीन रहा है। विद्यालयों में शिक्षक -विद्यार्थी अनुपात में कमी, गुणवत्तायुक्त शिक्षा का आभाव आज आम बात है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए कहा कि देश में आज प्रति व्यक्ति कर्ज बढ़ता जा रहा हैं, लेकिन सरकार देश के मूल्यवान संपत्तियों को पूंजीपतियों के हवाले कर रही है। आज देश का कोना-कोना बेचा जा रहा है और दिनों-दिन इनकी नीयत बिगड़ती जा रही है। अनिल कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने हमें समाज में सिर उठाकर चलने की आज़ादी दी। हम गरीब, पिछड़ा, दलित और महिलाओं को वोट की शक्ति देकर हमें सामजिक, आर्थिक, राजनैतिक तौर पर सशक्त बनाने का काम किया। आज जोर-शोर से कोशिश की जा रही है कि कैसे हम बहुजनों की एकता को कमजोर कर विकास से हमें दूर रखा जाये। इसलिए साथियों अपने मताधिकार का सोच -समझकर उपयोग करना है एवं सुश्री बहन मायावती जी को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर बैठाये ताकि चहुमुखी विकास का सपना संभव हो सके।

200 पक्के और 300 कच्चे घरों पर चलेगा बुलडोजर

# 23 एकड़ जमीन में बने 500 घरों को खाली कराने पहुंची पुलिस



- 1 हजार से अधिक परिवारों का मकान बना है
- लोगों से कोर्ट से स्टे ऑर्डर लाने की कही गई बात

निज संवाददाता

**पूर्णिया।** पूर्णिया के अब्दुल्ला नगर मोहल्ले के करीब 23 एकड़ जमीन में बने 500 घरों को पुलिस खाली कराने पहुंची है। कोर्ट के आदेश पर 400 से अधिक पुलिस वाले इन घरों को खाली कराने पहुंचे। मौके पर सदर एसडीएम, सदर एसडीपीओ, कोर्ट के कर्मी भी मौजूद हैं। तनाव की स्थिति को देखते हुए पूरे इलाके को पुलिस की छावनी में तब्दील कर दिया गया है। कुछ ही देर में 200 से अधिक पक्के और 300 से अधिक कच्चे घरों पर बुलडोजर चलेगा। पूर्णिया नगर निगम के वार्ड नंबर-42 अब्दुल्ला नगर के आनंद नगर मोहल्ले में बने घरों को खाली कराने पुलिस बल के साथ ही बड़ी संख्या में सैफ के जवान मौजूद हैं। पुलिस की कार्रवाई को लेकर पीड़ित परिवारों का कहना है कि वे लोग पिछले 40 साल से आनंद नगर में रह रहे हैं। उन लोगों ने कटिहार के सच्चिदानंद साह से जमीन रजिस्ट्री कराई है। इस पर करीब 1 हजार से अधिक परिवारों का मकान बना हुआ है। उनकी जान भी चली जाए फिर भी वे अपना घर खाली नहीं करेंगे। जमींदार अनिरुद्ध कुमार यादव ने कहा कि ये उनकी पुश्तैनी जमीन है। 1964 से ही टाइटल चल रहा था। इसके बाद लोअर कोर्ट, हाईकोर्ट और अब सुप्रीम कोर्ट ने इन घरों को खाली कराने का आदेश दिया है। इसी आदेश को लेकर वे प्रशासन के अधिकारी और पुलिस बल के साथ अवैध रूप से बने इन घरों को खाली कराने पहुंची है। सदर एसडीएम राकेश रमन ने कहा कि करीब 23 एकड़ जमीन पर दखल दिलाने के लिए कोर्ट से आदेश आया है। जमीन नापी की प्रक्रिया पूरी कर लिए जाने के बाद जमीन पर बने कच्चे और पक्के घरों को खाली कराया जा रहा। पक्के और कच्चे घरों को जेसीबी से तोड़कर खाली कराया जा रहा है। लोगों को कहा गया है कि वे कोर्ट में जाकर अपना पक्ष दें और वहां से स्टे ऑर्डर लाए। सदर एसडीपीओ पुष्कर ने कहा कि 400 से अधिक पुलिस फोर्स घरों को खाली कराने पहुंची है। तनाव की स्थिति को देखते हुए इलाके को छावनी में बदल दिया गया है। पीड़ित परिवारों ने कहा कि वे लोग यहां करीब 50 साल से रह रहे हैं। अगर वे अवैध रूप से रह रहे थे तो 200 से अधिक परिवारों को घर बनाने के लिए इंदिरा आवास योजना की राशि क्यों दी गई।

## सरकारी भवन को नगर निगम प्रशासन ने किया ध्वस्त

निज संवाददाता

**भागलपुर।** भागलपुर में स्मार्ट सिटी के तहत सड़क चौड़ीकरण को लेकर रानी लक्ष्मीबाई चौक से समाहरनालय चौक के बीच नगर निगम की वर्षों पुरानी हो चुकी गोदाम को नगर निगम प्रशासन के द्वारा तोड़ा जा रहा है। इसके कारण भवन का मलवा सड़कों पर आ जाने से आवाजाही में यात्रियों को काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ा। वहीं इसको लेकर नगर निगम के सहायक अभियंता राकेश कुमार सिन्हा ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण को लेकर यह पुरानी नगर निगम के भवन को वर्तमान नगर आयुक्त नितिन कुमार सिंह के आदेश पर तोड़ा जा रहा, मलवा भी हटा लिया जाएगा जिससे आने-जाने वाले लोगों को किसी तरह की परेशानी ना हो। नगर निगम के जिस गोदाम को तोड़ा जा रहा है, उसमें गोदाम में पहले नक्शा विभाग का कार्यालय था फिर बिजली विभाग का कार्यालय बना और नगर निगम के सामानों को भी रखने का काम किया जाता था। यह तकरीबन 45 वर्ष पुराना भवन है। पुराने बने गोदाम को नगर निगम प्रशासन द्वारा तोड़ा जा रहा था तो रानी लक्ष्मी बाई चौक से कलेक्ट्रेट की ओर जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। उस भवन का मलवा मुख्य सड़कों पर जाम हो गया था, जिससे एक तरफ से दूसरे तरफ जाने में लोगों को काफी परेशानियां हो रही थी। हालांकि मलबे को धीरे-धीरे हटाने का कार्य शुरू हो गया है।

# आरा मशीन में आग लगने से, 15 लाख की संपत्ति जलकर खाक

कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू

निज संवाददाता



शेखपुरा। शेखपुरा के सदर अस्पताल के सामने न्यू हसनगंज मौहल्ला स्थित एक आरा मशीन परिसर में शनिवार की देर रात अचानक आग लग गई। इस हादसे में लगभग 15 लाख रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई। इस घटना में आरा मशीन मालिक के ने बताया कि इस घटना में 3 बाइक, एक पिकअप, 2 मशीन, कट्टर मशीन सहित लाखों रुपए मूल्य की कीमती लकड़ियां जलकर राख हो गई। घटना शनिवार रात करीब साढ़े बारह बजे की है। घटना की सूचना मिलने के बाद अग्निशमन केंद्र शेखपुरा से कई दमकल दस्ता घटनास्थल पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग को बुझाया। आरा मशीन मालिक विजय पंडित ने बताया कि वह शनिवार की रात आरा मशीन परिसर में ही सो रहा था। अचानक देर रात बगल में बंधी गाय की आवाज पर जब नींद खुली तो देखा पूरे परिसर में आग लगी है। तब वहां से निकलकर फौरन बाहर आया। जिसके बाइ बाइक के टंकी में भयंकर विस्फोट हुई। जिसके कारण आसपास का इलाका दहल उठा। स्थानीय नागरिकों और दमकल दस्ता के सहयोग से आग पर काबू पाया गया। आशंका जताई गई है कि बिजली की शॉट-सर्किट के कारण यह घटना घटी है। व्यवसायी के पुत्र विजय पंडित द्वारा स्थानीय नगर थाना पुलिस को एक आवेदन सौंपा है। नगर थानाध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा दिए गए आवेदन में घटना में किसी का हाथ होने की संभावना से इंकार किया गया है। फिर भी पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## अगलगी में लाखों की संपत्ति जलकर राख

निज संवाददाता

**सीवान।** सीवान के गुठनी प्रखंड अंतर्गत बलुआ गांव मे एक झोंपड़ीनुमा घर मे आग लगने से लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख हो गई है। घटना के संबंध मे परिजनों ने बताया की रात करीब 10 बजे घर मे खाना बन रहा था। इसी दौरान चूल्हा से निकली चिंगारी से फूस मे पकड़ लिया। वही देखते ही देखते आग ने विकराल रूप पकड़ लिया। जिसके बाद ग्रामीणों के काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित शेषनाथ प्रजापति की पत्नी विद्यावाती देवी ने बताया की घर मे ही सभी लोग थे। लकड़ी के चूल्हे पर खाना बन रहा था। चूल्हे की आग बुझ गई थी। तभी लकड़ी में आग पकड़ने के लिए फूँक मारा तो आग की चिंगारी फूस में उड़कर चली गई और पल भर में आग पकड़ के विकराल रूप पकड़ लिया। घर वालों ने जब शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हुए जिसके बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में सब कुछ जलकर राख हो गया। परिजनों ने बताया की इस आग लगी मे 5 हजार रुपया नगद, पूरे परिवार का कपड़ा, आभूषण, अनाज सहित लगभग एक लाख रुपए के मूल्य का समान जलकर राख हो गया है।

# स्पीडी ट्रायल से 12 अपराधियों को मिली सजा, सात मामले महिला उत्पीड़न से जुड़े

निज संवाददाता




**समस्तीपुर।** स्पीडी ट्रायल के तहत जनवरी में समस्तीपुर के विभिन्न कोर्टों ने 10 मामलों में 12 बदमाशों को सजा दी है। खास कर महिला उत्पीड़न से जुड़े मामलों में बदमाशों को सजा दिलाने के लिए समस्तीपुर पुलिस अभियान कार्यक्रम चला रही है। जिसके तहत कांडों में जल्द डेट देकर गवाही कराई जा रही है। जिससे अभियुक्तों को जल्द सजा मिल रही है। जनवरी महीने में हत्या, दुष्कर्म, अपहरण व आर्म्स एक्ट के मामलों में आरोपियों को दोषी पाए जाने के बाद कोर्ट ने सजा सुनाई है। एसपी विनय तिवारी ने बताया के समस्तीपुर पुलिस के साथ ही डीपीओ व एपीओ के संयुक्त प्रयास के यह संभव हो पाया है। इस महीने जिस दस मामलों में सजा सुनाई गई हैं, उसमें 7 मामला महिला उत्पीड़न से जुड़े हैं। उन्होंने कहा कि आगे भी यह कोशिश रहेगी कि स्पीडी ट्रायल के तहत ज्यादा से ज्यादा बदमाशों को सजा मिले। उन्होंने कहा कि आर्म्स एक्ट के मामले में बिथान के पांडव यादव को तीन वर्ष, पोस्को एक्ट में समस्तीपुर के मनीष कुमार राय को 20 वर्ष की सजा सुनाई गई है।

## चचेरे साले ने जीजा को मारा चाकू, गंभीर

**अररिया(नि.सं.)।** अररिया के पलासी थाना क्षेत्र अंतर्गत श्यामपुर गांव में चचेरे साले ने शराब के नशे में धुत्त होकर जीजा को चाकू से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे परिजनों के द्वारा आनन-फानन में सामुदायिक उप स्वास्थ्य केंद्र पलासी ले जाया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल अररिया रेफर कर दिया। जहां सदर अस्पताल के चिकित्सक ने घायल युवक की गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। वहीं युवक पलासी थाना क्षेत्र अंतर्गत श्यामपुर गांव निवासी मोहम्मद साकिब बताएं जा रहे हैं। मोहम्मद शाकिब के भाई इमरान ने बताया कि उनके भाई और चचेरे साला के बीच पैसे को लेकर आपसी विवाद चल रहा था।

फाउंडेशन पत्रकारों, साहित्यकारों, युवाओ एवं वृद्धो को अपने साथ लाकर उन्हें बनाएगी सम्पन्न

# मलिन बस्ती में निवास करने वाली महिलाओं को स्वावलंबित करेगी दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन

निज संवाददाता



**पटना।** दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की बैठक राष्ट्रीय कार्यालय पटना के चाँदपुर बेला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता निदेशक जिंतेंद्र सिन्हा ने की। श्री सिन्हा ने बतायाकि दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन की स्थापना समाज के वंचितों, असहाय जनों के कल्याण एवम उनको समाज की मुख्यधारा में लाने के उद्देश्य के साथ हुई है। दिव्य जीर्णोद्धार फाउंडेशन सदा ही सेवा के अनेकानेक कार्यक्रम संचालित करता रहता है। इसी क्रम में आनेवाले समय में हमलोग मलिन बस्ती में निवास करने वाली महिलाओं को स्वावलंबन की ओर अग्रसित करने के उद्देश्य से महिलाओं को सिलाई मशीन वितरित करेंगे। समाज कल्याण के इस कार्य को और गति प्रदान करने हेतु बहुत कुछ किया जाना शेष है इसके लिए हमें सभी वर्गो का सहयोग की अपेक्षा है लोगों के सहयोग से ही समाज सेवा का कार्य सम्भव है। बैठक में सम्पूर्ण वर्ष की गतिविधियों के लिए एक विवरणी तैयार की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि आनेवाले समय में फाउंडेशन पत्रकारों, साहित्यकारों, युवाओ एवं वृद्धो को अपने साथ जोड़ेगी और उनके विकास के लिए कार्य करेगी। फाउंडेशन आगामी १० मार्च को महिला कवित्रियो का एक सम्मेलन आयोजित करने जा रही है जिसमे २१ कवित्रियों को सम्मानित करने का कार्य संस्था करेगी। बेरोजगार युवकों को रोजगार से जोड़ने के लिए फाउंडेशन जल्द ही पटना के ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार मेला लगाने जा रही है। फाउंडेशन प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर एवं नेत्र जाँच शिविर का आयोजन बिहार के विभिन्न स्थानों पर लगाएगी। बैठक में फाउंडेशन के निदेशक डॉ राकेश दत्त मिश्र, जितेन्द्र सिन्हा, सुबोध कुमार सिंह एवं प्रेम सागर पाण्डेय उपस्थित थे।

# मजदूरों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी, पुलिस ने कंप्यूटर-लैपटॉप सहित कई अन्य कागजात किया जब्त



निज संवाददाता

**मुज़फ़्फ़रपुर।** मुजफ्फरपुर के ब्रह्पुरा थाना क्षेत्र के मेहंदी हसन चौक के पास श्रमिकों को विदेश भेजने के नाम पर लाखों की ठगी का मामला आया सामने। स्थानीय पुलिस ने इस मामले में ठगी करने वाली कंसलटेन्सी के कार्यालय में छापेमारी की गई है। विदेश भेजने के नाम पर मजदूरों की कमाई को लूटने वाली उक्त कंपनी ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के मेहदी हसन चौक के समीप किराये के मकान में चल रहा था, जहां पीड़ितों के लिखित शिकायत पर ब्रह्मपुरा थाने के प्रभारी थानेदार पप्पू कुमार ने दल बल के साथ शनिवार की देर रात छापेमारी की गई है। इस दौरान पुलिस ने उक्त कार्यालय से कंप्यूटर और लैपटॉप सहित कई अन्य कागजात को जब्त किया है। वही इस मामले में कई कर्मचारियों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। फिलहाल ब्रह्पुरा पुलिस ने इस मामले में करवाई करते हुए जब्त सामानों की जांच कर रही है। इसके अलावे हिरासत में लिए गए कर्मचारियों से पूछताछ कर उक्त कंपनी के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। सिटी एसपी अवधेश दीक्षित ने भी कर्मचारियों से पूछताछ की है। बताया जा रहा है कि उक्त कंपनी के द्वारा विदेश भेजने के नाम पर एक व्यक्ति से 62 हजार रुपये लिए गए थे। वहीं पुलिस की इस कारवाई के बाद स्थानीय कन्सलटेंसी का संचालक फिलहाल अपने अन्य सहयोगियों के साथ मौके से फरार हो गया है। वही पुलिस इस मामले में प्रथमिकी दर्ज करते हुए मामले की जांच में जुट गई है।

## श्रीराम फाइनेंस से लूट मामले का खुलासा, दो अपराधी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज।** गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के बंजारी स्थित श्री राम फाइनेंस में दो जनवरी को हुए लूट मामले में पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार बदमाशों के पास से पुलिस ने दो2 लूटी गई मोबाइल, 02 पिस्टल, 09 कारतूस बरामद किया है। बदमाशों की पहचान वैशाली के बिदुपुर थाना क्षेत्र के पानापुर दिलावारपुर गांव निवासी विजेंद्र राम के बेटे शिवम कुमार और भगवानपुर थाना क्षेत्र के इमादपुर गांव निवासी बबलू कुमार सिंह के बेटे सन्नी कुमार के रूप में की गई है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि बाइक सवार बदमाशों ने श्री राम फाइनेंस ऑफिस में लूटपाट का असफल प्रयास किया था। इस दौरान एक व्यक्ति को गोली मार कर जख्मी कर दिया गया था। सूचना पाकर तत्काल मौके पर पुलिस पहुंची और कांड के उद्भेदन के लिए तत्काल एसआईटी का गठन किया गया। नगर थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। साथ ही पड़ोसी जिला और पड़ोसी राज्य के रास्ते पर वाहन जांच किया गया। मामले में संलिप्त दो अपराधकर्मी को सारण के दरियापुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया जिसके पास से 02 पिस्टल, 09 जिंदा कारतूस एवं इस कांड में लूटी गई 02 मोबाइल बरामद किया गया है।

## पैसे के विवाद में पिता-पुत्र को दुकानदार ने पीटा, घायल

**बेगूसराय (नि.सं.)।** बेगूसराय में 10 रुपये के लिए पिता-पुत्र को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। घटना नीम चांदपुरा थाना क्षेत्र के वनद्वार गांव की है। घायलों इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया है। इस घटना में हरेराम पासवान एवं नीतीश कुमार घायल हुए हैं। घटना के संबंध में नीतीश कुमार ने बताया कि शनिवार की शाम गांव के ही एक दुकान से 10 रुपये का खैनी लिया था और 200 का नोट दिया था। इसमें उस समय दुकानदार ने 90 रुपया लौटाया। 100 रुपया सुबह लेने की बात कही। सुबह जब पैसा लेने गए तो 90 रुपया ही लौटाया और कहा कि 100 दे दिए थे। इसका विरोध किए जाने पर दुकानदार ने मारपीट करना शुरू कर दिया। पिता ने विरोध किया तो दोनों के साथ मारपीट की गई। लाठी-डंडा से पिटाई की गई।

# कार और ट्रैक्टर में हुई टक्कर, ट्रैक्टर चालक की मौत

निज संवाददाता




**बगहा (पश्चिमी चम्पारण)।** बगहा के रामनगर में कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग बिहार सीतामढ़ी की गाड़ी और ट्रैक्टर के बीच टक्कर हो गई। जिसमें ट्रैक्टर चालक की मौत हो गई है। घटना शनिवार की देर रात की है। बताया जा रहा है कि रामनगर के ओवर ब्रिज पर ट्रैक्टर, ऑटो और बोलेरो की एक साथ टक्कर हो गईं। घटना ओवरटेक के कारण हुई है। इस घटना मे ट्रैक्टर चालक बुरी तरह से जख्मी हो गया था। जिसे इलाज के लिए पीएसी रामनगर में पहुंचाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान सेमरा थाना के पैकवलिया गांव निवासी हंसा राम के पुत्र ललन राम (42) के रूप में हुई है। रामनगर पीएसी में तैनात डॉक्टर आर्या ने बताया कि एक व्यक्ति काफी गंभीर स्थिति में PHC में पहुंचा था। जिसकी प्राथमिक उपचार देने के क्रम में ही मौत हो गई। घटना के बाद यातायात पूरी तरह से बाधित हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे नगर परिषद और हरी नगर शुगर मिल के जेसीबी के मदद से सड़क को खाली कराया गया। जिसके बाद पुनः यातायात बहाल किया गया। कार्यपालक अभियंता मोहम्मद सनाउल्लाह ग्रामीण विकास विभाग बिहार सीतामढ़ी लौरिया थाना क्षेत्र के डुमरा देवराज के रहने वाले है। इनकी पोस्टिंग सीतामढ़ी में हुई है। बताया जा रहा है कि वह अपने परिवार के साथ गांव आए थे। इसी दौरान कहीं जाने के क्रम में यह हादसा हुआ है। हालांकि हादसा के बाद कार्यपालक अभियंता के साथ फरार हो गए। थानाध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि FIR दर्ज की जा रही है। ट्रैक्टर और बोलेरो को जब्त कर लिया गया है।

# 30 घंटे के अंदर लूट मामले का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, बाइक सहित सभी सामान जब्त

निज संवाददाता



**मधेपुरा।** मधेपुरा के घैलाढ़ ओपी क्षेत्र अंतर्गत रामनगर बगीचा के पास एक व्यक्ति के साथ हुई लूट के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी के पास से बाइक सहित सभी सामान बरामद कर लिया गया है। शनिवार की शाम प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान ASP पर्वेंद्र भारती ने बताया कि 1 फरवरी को सीतामढ़ी जिला निवासी सुशांत प्रत्यूष अपनी बाइक से भागलपुर कृषि विश्वविद्यालय, सबौर से सहरसा जा रहे थे। इसी दौरान रात करीब 8:30 बजे घैलाढ़ ओपी अंतर्गत रामनगर बगीचा के पास तीन बदमाशों ने हथियार का भय दिखाकर सुशांत प्रत्यूष की बाइक, मोबाइल एवं बैग लूट लिया था। घटना के उद्भेदन के लिए एक टीम गठित की गई। टीम के द्वारा तकनीकी अनुसंधान के तहत महज 30 घंटा के अंदर ही कांड का सफल उद्भेदन कर लिया गया। साथ ही कांड में लूटी गई सभी सामानों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी घैलाढ़ ओपी अंतर्गत झिटकिया वार्ड-7 निवासी वकील यादव का बेटा ज्योतिष कुमार है। छापेमारी टीम में घैलाढ़ ओपी प्रभारी अरविंद कुमार मिश्रा, पुलिस और निरीक्षक सत्येंद्र कुमार चौधरी समेत अन्य शामिल थे।

## मारपीट में तीन लोग घायल

**बेगूसराय (नि.सं.)।** बेगूसराय में मुखिया मो. अमानत शाह 35 पर अपने चचेरे भाई मो. मिर्त्युजा (45), मो. मुस्तफा (26), मुस्तफा की पत्नी सैबूल खातून (25) के साथ मारपीट का आरोप लगा है। घटना में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज बेगूसराय सदर अस्पताल में चल रहा है। वहीं मारपीट का लाइव वीडियो भी सामने आया है। घटना मटिहानी थाना क्षेत्र के रामपुर पंचायत के वार्ड ने 17 की है। मारपीट में घायल लोगों की पहचान रामपुर पंचायत के रहने वाले मो. मंसूर शाह के बेटे मोहम्मद मिर्त्युजा, मोहम्मद मुस्तफ्फा और सैबूल खातून के रूप मे हुई है। सैबूल खातून का कहना है कि उनकी एक साइकिल की दुकान है। इसी बात को लेकर उनके गोतिया को चिढ़ है।

# फ्लिपकार्ट कार्यालय में लूटपाट मामले में एक गिरफ्तार

लॉकर को तोड़ 1 लाख 23 हजार 612 रुपए और लूटे थे दो मोबाइल

- लूटी गई मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

निज संवाददाता



**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र के अरार मोड़ स्थिति फ्लिपकार्ट के कार्यालय में घुस कर लूटपाट करने के आरोप में पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है। साथ हो लूटपाट की घटना में। प्रयुक्त बाइक भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान मांझागढ़ थाना क्षेत्र के मंगूराहा गांव निवासी शर्मा गिरी के बेटा संतोष गिरि के रूप में की गई। वही, पुलिस गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया है साथ ही अन्य बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। दरअसल, घटना के संदर्भ में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 15 जनवरी 2024 को अरार मोड़ स्थित फ्लिपकार्ट दुकान में चार की संख्या में पहुंचे अज्ञात बदमाशों द्वारा पैसा एवं मोबाइल लूट लिया गया था। जिस संबंध में नगर थाना में कांड दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया था। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर कांड का अप्राथमिकी अभियुक्त संतोष कुमार गिरी को अरार मोड़ से लूटी गई मोबाइल तथा घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। बता दें की शहर के अरार मोड़ के समीप स्थित फ्लिपकार्ट के ऑफिस में बीते 15 जनवरी को कर्मी अपना काम खत्म रहे थे। इसी बीच बाइक पर सवार चार नकाबपोश बदमाश ऑफिस में घुसकर सभी कर्मी को बंधक बनाकर गाली-गलौज व मारपीट करने लगे। दो बदमाशों ने रुपए रखने वाले लॉकर को तोड़कर उसमें रखे गए 1 लाख 23 हजार 612 रुपए और दो मोबाइल लूट लिए। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी। घटना के बाद सारण जिले के मकेर थाना क्षेत्र के चंदिला पीर गांव निवासी फ्लिपकार्ट के ऑफिस इंचार्ज अभिराम कुमार के बयान पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर छापेमारी करते हुए मांझागढ़ थाना क्षेत्र के मुंगरहा गांव से लूटपाट में शामिल बदमाश संतोष गिरि को लूटे गए एक मोबाइल के साथ घटना में प्रयुक्त बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# एक और लंबी छलांग

दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शामिल कारोबारी एलन मस्क ने एक और कारनामा करके दिखाया है। उनकी कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान के दिमाग में चिप लगाई है। मस्क का ये आइडिया मानव जीवन के इतिहास में एक बड़ा कदम साबित हो सकता है। इलेक्ट्रिक वीइकल स्पेस ट्रैवेल से लेकर मंगल पर इंसानी बस्ती बसाने जैसे अनोखे आइडिया लाने और उन पर अमल के प्रयास शुरू कर देने के लिए मशहूर इलॉन मस्क ने एक बार फिर सबको चौंकाया है। उन्होंने बुधवार को सोशल मीडिया साइट एक्स पर यह जानकारी दी कि उनकी कंपनी न्यूरालिंक ने पहली बार किसी इंसान के दिमाग में चिप लगाई और शुरुआती संकेतों के मुताबिक यह प्रयोग सफल भी रहा। यह कदम मानव जीवन में साइंस और टेक्नॉलजी की भूमिका के नए दौर की शुरुआत साबित हो सकता है। वैसे, यह काम न्यूरालिंक से पहले दूसरी कंपनियां कर चुकी हैं। ब्लैकरॉक न्यूरोटेक नाम की कंपनी जो इस क्षेत्र में न्यूरालिंक की प्रतिद्वंद्वी है, वह पहले ही कई इंसानों के दिमाग में ऐसी चिप लगा चुकी है। खैर, न्यूरालिंक की यह पहल बड़ी है, लेकिन शुरू में इसका फायदा उन्हीं लोगों को मिलेगा, जो किसी वजह से अपने अंग गंवा चुके हैं या उनके अंग बेकार हो चुके हैं। ऐसे मरीजों के लिए सिर्फ सोचकर फोन, कंप्यूटर या ऐसे अन्य उपकरणों का इस्तेमाल करने की क्षमता वरदान साबित हो सकती है। थोड़ा आगे की बात करें तो इससे उन लोगों को भी फायदा हो सकता है, जिनके शारीरिक अंग तो दुरुस्त हैं, लेकिन दिमागी बीमारियों की वजह से वे उन्हें ठीक से काम में नहीं ला पाते। उदाहरण के लिए अलजाइमर, पार्किंसन ही नहीं, डिप्रेशन और यहां तक कि अडिक्शन के मामलों में भी यह चिप उपयोगी साबित हो सकती है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि बीमारियों का इलाज इस प्रयोग का सिर्फ एक पहलू है। मस्क ही नहीं, इस प्रयोग पर काम कर रहे अन्य लोगों का भी ध्यान वास्तव में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) के जरिए इंसानी दिमाग की क्षमता बढ़ाने पर रहा है। तो आज नहीं तो कल बात उस तरफ जाएगी। यह विचार काफी लुभावना है कि दिमाग में एक चिप के जरिए दुनिया भर की जानकारी डाउनलोड कर इंसान बेतहाशा सूचनाओं को स्टोर करने की क्षमता बढ़ा ले। लेकिन इसमें खतरे भी कम नहीं। बुनियादी बात यह है कि ऐसा कोई चिप छह महीने या साल भर के लिए नहीं बल्कि लंबे समय (10-20 साल या इससे भी ज्यादा) के लिए लगेगा। लेकिन इतने लंबे समय तक दिमाग और चिप के बीच तालमेल बना रहेगा या नहीं, इस बारे में कोई स्टडी अभी नहीं हुई है। दिमाग की सर्जरी काफी नाजुक होती है। इससे जुड़े खतरे तो अपनी जगह हैं ही, यह सवाल भी है कि अगर इस चिप को किसी उपाय से हैक कर लिया गया और उसमें गलत जानकारी फीड कर दी गई तो? बेशक इन सवालों से डर कर विज्ञान की प्रगति को रोकने की कोशिश बेमानी होगी।

## पढ़ाई-लिखाई के दबाव में विद्यार्थी मौत को गले लगाने को मजबूर

राजस्थान के कोटा में एक छात्रा की खुदकुशी की घटना से फिर यही पता चलता है कि पिछले कई वर्षों से लगातार इस समस्या के गहराते जाने के बावजूद इसमें सुधार के लिए कोई गंभीरता नहीं दिख रही। गौरतलब है कि छात्रा ने आत्महत्या करने से पहले अपने माता-पिता को संबोधित पत्र में लिखा कि 'मैं जेईई नहीं कर सकतीज इसलिए आत्महत्या कर रही हूं। मैं हारी हुई हूंज मैं ही इसकी वजह हूंज यह आखिरी विकल्प है।' यह बताने के लिए काफी है कि पढ़ाई-लिखाई से लेकर 'कुछ बड़ा' कर पाने के बोझ और समूची व्यवस्था से किस स्तर पर त्रासद स्थितियां पैदा हो रही हैं, जिसमें किशोरवय बच्चों के सामने जिंदगी और मौत में किसी एक को चुनने का विकल्प पैदा हो रहा है। इस वर्ष किसी विद्यार्थी की आत्महत्या की यह दूसरी घटना है। जब इस तरह की कोई घटना व्यापक चर्चा का विषय बन जाती है, सब तरफ चिंता जताई जाने लगती है, तब इसके हल के लिए विभिन्न स्तरों पर उपाय करने की बातें की जाती हैं। मगर शायद इस समस्या की जड़ों की पहचान कर उसके मुताबिक ठोस रास्ते निकालने की पहल नहीं हो पा रही है। ज्ञातव्य है कि जिस किशोरावस्था में बच्चे कई तरह की मानसिक-शारीरिक उथल-पुथल से गुजरते रहते हैं, उसमें उनके सिर पर पढ़ाई-लिखाई और भविष्य की चिंता को एक बोझ के रूप में कौन डाल देता है! इसके बाद उस चिंता को भुनाने के लिए कोचिंग संस्थानों ने जैसा सख्त तंत्र खड़ा किया है और उसमें जिस तरह बहुत सारे बच्चे पिस और टूट रहे हैं, उस पर कोई लगाम क्यों नहीं है? सरकारों को इससे संबंधित कोई स्पष्ट और ठोस नीति बनाने की जरूरत क्यों नहीं लग रही है।

# हमारा भारत बदल रहा है

**(शशि शेखर)**

*कल्याणकारी योजनाओं के साथ तीन तलाक के खात्मे ने मुस्लिम समाज की महिलाओं को नया संदेश देने में कामयाबी हासिल की और इस दौरान सांप्रदायिक दंगे भी काबू में रहे। इस लेख की शुरुआत में दर्ज आब्दी साहब की अमन आकांक्षा से इन तथ्यों को जोड़ देखें, सब साफ हो जाएगा। आगरा के एम.के. खान तो उनसे भी दो कदम आगे बढ़कर कहते हैं कि जिस दिन राम जन्मभूमि मामले में आला अदालत का फैसला आया था।*

क्या हम अपनी आंखों के सामने एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण को आकार लेता हुआ देख रहे हैं? इस सवाल के जवाब के लिए मैं आपको दो लोगों से मिलवाना चाहूंगा। पहले हैं, मेरे सहधर्मी अलमदार आब्दी। ये अयोध्या में बरसों से पत्रकारिता कर रहे हैं। मैंने उनसे सीधा प्रश्न किया कि मंदिर-निर्माण को लेकर आप और अयोध्या के मुस्लिम क्या सोचते हैं? उनका जवाब था कि जब तक विवाद चला, तब तक रह-रहकर संघर्ष होते रहे। इस दौरान अयोध्या में काम-काज बंद हो जाता था, लेकिन अब 1949 से शुरू हुआ यह मसला खत्म हो चुका है। अयोध्या नई राह पर चल पड़ी है और हम सब इसके राहगीर हैं। उन्होंने आगे जोड़ा- सन् 1992 में भय का माहौल था। हमें भविष्य को लेकर डर बना रहता था। अब यह भरोसा है कि हमें कोई छेड़ेगा नहीं और हम मिल-जुलकर आगे बढ़ सकेंगे।' बाद में शुजात-उद्-दौला और बहू बेगम के मकबरों में घूमते हुए आस-पास के लोगों से लगभग ऐसे ही विचार सुनने को मिले। दूसरे शख्स हैं नेपाल के प्रमुख उद्योगपति और व्यवसायी उपेन्द्र महतो। वे रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद थे। उनका कहना है कि यह सिर्फ सनातन धर्म का नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति के नए उत्थान का समय है। मैं नेपाल का नागरिक हूं, लेकिन उल्लसित हूं कि हमारे आपके आचार, विचार और व्यवहार समान हैं। इससे भारत और नेपाल के रिश्ते मजबूत होंगे और हमें भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। मैं रामलला के मंदिर के निर्माण को सनातन धर्म के साथ संस्कृति का पुनर्जागरण मानता हूं। गौर करें। अलमदार आब्दी भारतीय मुसलमान हैं और उपेन्द्र महतो नेपाली हिंदू। एक का धर्म, तो दूसरे की राष्ट्रीयता अलग है, पर वे समान भाव से सोच रहे हैं। जिन्होंने 1992 का जलजला देखा है, उनके लिए इस नए उपजते तत्व पर यकीन करना मुश्किल है। उन दिनों तमाम तथाकथित विचारकों ने घोषणा कर डाली थी, 6 दिसंबर को भारत की गंगा-जमुनी तहजीब के दर्दनाक खात्मे की शुरुआती तारीख माना जाएगा। वे गलत साबित हुए हैं।

पिछले एक महीने के दौरान दिल्ली, उत्तर प्रदेश और बिहार के तमाम मुस्लिम मित्रों से बात हुई। उनमें किसी ने भी मंदिर का विरोध नहीं किया। उन्हें लगता है कि कुछ विरोध सिर्फ विरोध के लिए किए जाते रहे हैं, जिसका साझा दुष्परिणाम सबको भुगतना पड़ता है। वे कहते हैं कि अयोध्या में मस्जिद बन जाने दीजिए, दस साल बाद यह जिला भाईचारे की एक अद्भुत मिसाल साबित होगा। नई दिल्ली की सुरा-सभाओं और 'लुटियन्स' की महफिलों में भी सुर बदल गए हैं। आभिजात्य वर्ग के ये लोग कुछ साल पहले तक इस मसले पर बोलना अपनी आन-बान-शान के खिलाफ समझते थे। यह वैचारिक परिवर्तन हुआ कैसे? दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने दस साल के कार्यकाल में उन तमाम अवधारणाओं को तोड़ने में सफलता हासिल की है, जो भयानक मुखौटों की तरह भारतीयों को डराने के काम आती थीं। उन्होंने दूसरा चुनाव जीतते ही 'सबका साथ, सबका विकास' के नारे में 'सबका विश्वास' भी जोड़ा था। तब सवाल उठे थे कि वे सबका विश्वास कैसे जीतेंगे? मोदी कभी सिर पर गोल टोपी नहीं लगाते और रोजा इफ्तार के आयोजन नहीं करते। वे इसे धार्मिक 'तुष्टीकरण' मानते हैं। इसके बावजूद यह भाव क्यों पनप रहा है? वजह साफ है। सरकार ने सुनिश्चित किया कि उसकी कल्याणकारी योजनाएं बिना किसी भेद-भाव के हर उस शख्स तक पहुंचें, जिसे इनकी जरूरत है। अगर अनाज का निःशुल्क वितरण हो रहा है, तो सबको हो रहा है। सड़कें बन रही हैं, तो सबके लिए बन रही हैं। पाठशालाएं और अस्पताल किसी एक वर्ग विशेष की बपौती नहीं हैं। इन कल्याणकारी योजनाओं के साथ तीन तलाक के खात्मे ने मुस्लिम समाज की महिलाओं को नया संदेश देने में कामयाबी हासिल की और इस दौरान सांप्रदायिक दंगे भी काबू में रहे। इस लेख की शुरुआत में दर्ज आब्दी साहब की अमन आकांक्षा से इन तथ्यों को जोड़ देखें, सब साफ हो जाएगा। आगरा के एम.के. खान तो उनसे भी दो कदम आगे बढ़कर कहते हैं कि जिस दिन राम जन्मभूमि मामले में आला अदालत का फैसला आया था, उस दिन मैंने अपने हिंदू दोस्तों के साथ मिठाई बांटी थी कि चलो, एक कड़वाहट का किस्सा तमाम हुआ। वे कहते हैं कि इस तरह के सभी धार्मिक विवादों का जल्द से जल्द निपटारा होना चाहिए, ताकि अमन और तरक्की की राह हमवार हो सके। आप रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के समारोह में प्रधानमंत्री के भाषण को एक बार फिर ध्यान से पढ़ें या सुने। वे खान या आब्दी जैसे लोगों से ही रूबरू थे। प्रधानमंत्री के भाषण में धार्मिकता थी, पर सांप्रदायिकता नहीं। सांस्कृतिक एकात्मकता थी, अलगाव नहीं। आने वाले खुशहाल भारत का सपना था और इसके लिए सबको साथ लेकर चलने की अभिलाषा भी। यह अनायास नहीं था कि उनसे ऐन पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक ने भी 'जोश में होश' कायम रखने की कामना के साथ कहा कि हमें अपने उल्लास में किसी दूसरे के मत और विश्वास को चोट पहुंचाने की कोई जरूरत नहीं है। जो लोग इस सारे आयोजन को सिर्फ चुनावी आडंबर मान रहे हैं, वे जो भी सोचें, पर अयोध्या में पिछले एक हफ्ते से उमड़ने वाली भीड़ और उसका व्यवहार साबित करता है कि हम खुले भाव से एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहे हैं। ऐसा न होता, तो जातिवाद अथवा सांप्रदायिक अलगाव के लिए बदनाम किए जाने वाले बंगाल और बिहार में 22 जनवरी को दीपावली नहीं मनाई जाती। रही बात सियासत की, तो हमें भूलना नहीं चाहिए कि हर राजनीतिक दल राजनीति कर रहा है और राजनीति त्याग के लिए नहीं, सत्ता अर्जित करने के लिए की जाती है, लेकिन इस चर्चा को सांस्कृतिक परिवर्तन तक सीमित रखना बेहतर होगा। जो भूल गए हैं, उन्हें मैं विनम्रतापूर्वक यूरोपीय पुनर्जागरण की याद दिलाना चाहूंगा। तेरहवीं-चौदहवीं शताब्दी से आरंभ होने वाले इस काल ने दुनिया को बदल दिया था। यह वह वक्त था, जब पूंजीवाद और समाजवाद एक साथ पनप रहे थे। इसी दौर में मैक्याविली और शेक्सपियर जन्मे, इसी काल-खंड में लियोनार्दो द विंची और डोनाटो ब्रैमांटे ने अपनी कला की अमर छाप छोड़ी। यूरोप तो अब ढलान पर है, लेकिन नेपाल के उपेन्द्र महतो इसे भारत के उभार का वक्त मानते हैं। यहां एक और बात गौरतलब है। रोमन साम्राज्य के पतन के बाद यूरोप सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक पतन के जिस दौर में चला गया था, उससे उबरने में छह-सात शताब्दियां लग गईं। हम 14 सौ साल की गुलामी के बाद सिर्फ 77 साल पहले आजाद हुए।

# भारत में इतने कम लोग क्यों देते हैं इनकम टैक्स

**(फुरकान कमर और तौफीक अहमद सिद्दीकी)**

भारत में आयकर रिटर्न भरने वाले दुनिया के 175 देशों की आबादी से भी अधिक हैं। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान देश में 7.41 करोड़ लोगों ने इनकम टैक्स रिटर्न भरा। यह पिछले वर्ष की तुलना में 16.1 प्रतिशत अधिक है। इनमें 53.7 लाख लोगों ने पहली बार रिटर्न भरा, जो देश में आयकर देने वालों की संख्या में बढ़ोतरी दिखाता है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह 2021-22 के 14.12 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 16.61 लाख करोड़ रुपये हो गया। मतलब, डायरेक्ट टैक्सेस में 17.63 प्रतिशत की वृद्धि हुई। जीडीपी के प्रतिशत के ऐतबार से डायरेक्ट टैक्स 2013-14 के 5.62प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 5.97 प्रतिशत हो गया। इसी दौरान डायरेक्ट टैक्स कलेक्शन पर होने वाला खर्च 0.57 प्रतिशत से घटकर 0.53 प्रतिशत हो गया। साथ ही व्यक्तिगत आयकर 2014-15 के 2.1 प्रतिशत से बढ़कर 2021-22 में 2.94 प्रतिशत तक पहुंच गया। ये सारी बातें सकारात्मक होने के कारण उत्साहित तो करती हैं, लेकिन क्या ये पूरी सचाई बताती हैं? मसलन, कर निर्धारण वर्ष 2022-23 के दौरान आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या देश की आबादी का मात्र 5.21प्रतिशत थी। 2013-2023 के दशक के दौरान व्यक्तिगत करदाताओं की संख्या में प्रति वर्ष 6.04प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। जबकि अन्य करदाताओं, जैसे हिंदू अविभाजित परिवारों, साझेदारी फर्मों, कंपनियों, ट्रस्टों, सोसाइटी आदि में वृद्धि दर केवल 4.33त्न आंकी गई। 142 करोड़ की आबादी वाले अपने देश में विश्व की आबादी का छठा हिस्सा रहता है। 3.39 लाख करोड़ डॉलर की जीडीपी के साथ भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। परंतु हमारी प्रति व्यक्ति आय केवल 2,085.12 डॉलर है, जो जी20 देशों में सबसे कम है। जी 20 देशों का योगदान विश्व की जीडीपी में 85प्रतिशत, विश्व व्यापार में 75प्रतिशत और विश्व जनसंख्या में दो-तिहाई है। भारत का योगदान जनसंख्या में तो 17.85प्रतिशत है, मगर जीडीपी में 8.7प्रतिशत, वस्तुओं के निर्यात-आयात में 1.8प्रतिशत और 2.2प्रतिशत है, और वाणिज्यिक सेवाओं के निर्यात-आयात में क्रमशः 4.4प्रतिशत और 4.0प्रतिशत है। आम तौर अपेक्षा की जाती है कि कॉरपोरेट सेक्टर अधिक आयकर अदा करेगा। इसके विपरीत, अपने देश में प्रत्यक्ष करों का केवल 47.42प्रतिशत ही कंपनियां देती हैं, बाकी 43.93प्रतिशत व्यक्तियों द्वारा अदा किया जाता है। चौंकाने वाली बात यह भी है कि 1.98 करोड़ लोग ऐसे भी हैं जो इनकम टैक्स तो देते हैं, पर रिटर्न नहीं भरते। इनको भी शामिल करने के बावजूद देश में आयकर देने वालों की संख्या 4.22 करोड़ से अधिक नहीं पहुंचती, यानी देश की जनसंख्या का मात्र 2.97प्रतिशत। कैसी अजीब बात है कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था में 3त्न से भी कम लोग आयकर देते हैं। सुख और भ्रम विडंबना है कि कर निर्धारण वर्ष 2021-22 में दाखिल किए गए आयकर रिटर्न में से 87.62प्रतिशत ने अपनी आय 10 लाख रुपये सालाना से कम घोषित की है। देश में अरबपतियों की संख्या तो बढ़ती जा रही है मगर आधे प्रतिशत से भी कम लोग एक करोड़ से अधिक की आय दिखाते हैं। यानी सुखद सूचनाएं सुख की अनुभूति तो अवश्य देती है पर वे भ्रमित भी करती हैं। (दोनों लेखक जामिया मिल्लिया इस्लामिया के प्रबंधन अध्ययन संकाय में वित्त क्षेत्र के संकाय सदस्य हैं। विचार व्यक्तिगत हैं)ऊपर व्यक्त विचार लेखक के अपने हैं।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 3892

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | | | | 7 | | | 1 |
| 1 | 8 | | 5 | 3 | | 4 | | |
| | 4 | 6 | | | | | | |
| | 5 | | | | 8 | | | 2 |
| | 6 | | | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 3 | | | | | |
| | | | | | | 8 | 2 | |
| | | 3 | | 5 | 9 | | 4 | 7 |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | 9 |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 3891

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 7 | 1 | 9 | 3 | 2 | 8 | 5 |
| 9 | 5 | 2 | 6 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 8 | 2 | 4 | 5 | 9 | 6 | 7 |
| 4 | 3 | 6 | 5 | 2 | 9 | 7 | 1 | 8 |
| 5 | 8 | 9 | 7 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 |
| 2 | 7 | 1 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 6 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 1 | 4 | 7 | 9 |
| 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 5 | 2 |

## वर्ग पहेली 5271



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 13 मार्च 1999 को शेख हमाज बिन ईसा अल खलीफा इस देश के शासक बने (4)
5. उत्तरप्रदेश की इस नगरी में 13 मार्च 2009 को साहित्योत्सव शुरू हुआ (3)
8. कुछ लाल, सुर्खी लिए हुए (4)
9. जल से उत्पन्न वस्तु (3)
10. पुत्र का अपभ्रंश, बेटा (2)
11. नगर वधु, वेश्या, गणवधु (4)
14. मेहराब, सर्वोच्च सत्ता (3)
16. सुंदर स्त्री, कोमल कांड (2)
18. उत्साहपूर्ण, बलिष्ठ, जिसमें दम हो, शक्तिशाली (4)
20. स्थिति, दशा, अवस्था (2)
22. किसी फिल्म, रंगमंच आदि का मुख्यपात्र (3)
23. अपना, खुद का, मेरा (2)
24. शिवजी का धनुष जिसे सीता स्वयंवर के समय श्रीराम ने तोड़ा था (3)
25. एक प्रकार का अन्न जिससे मदिरा निर्माण भी होता है (1)

**ऊपर से नीचे**

1. वर्षा, बारिश (4)
2. गुणित, प्रहारित, पूरित (2)
3. इस अभिनेत्री की पहली फिल्म बी.आर.इशारा निर्देशित जरूरत (1991) थी (4)
4. पुरूष, मर्द (2)
5. वर्तमान दौर का एक न्यूज चैनल (4)
6. मछली, बात (पंजाबी)(2)
7. ताजमहल में लगने वाला संगमरमर पत्थर इस प्रदेश से लाया गया था (4)
12. पिता, पैदा करने वाला, जनक (3)
13. फल देने वाला, फलदाता (5)
15. अवमानना, आबरूरेजी, मानभंग (4)
17. भवसारगर से पार उतारने वाल (3)
19. रूठे हुए को प्रसन्न करना, मन्न्त मानना (3)
21. स्वादिष्ट, सुस्वाद, मजेदार (2)

### वर्ग पहेली 5270 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब्रा | जी | ल | | | क | ना | डा |
| स | म | त | ल | | द | म | क |
| | ना | म | क | | म | | |
| अ | | र्द | | अ | बो | ध | |
| मी | जा | न | | क | स | र | त |
| र | फ | | अ | ल्प | | ना | त |
| | रा | ह | ज | नी | | | |
| मु | नी | म | | य | हू | दी | |

# आज का राशिफल

### मेष
आज आर्थिक मामलों में प्रगति होगी। कुछ चुनौतियों का आपको सामना करना होगा। लेकिन साहस और धैर्य से सभी समस्याओं का निदान निकालने में सफल होंगे। वैसे आज भाग्य भी आपका साथ देगा। किसी जरूर कारण से यात्रा का भी संयोग बनेगा। आपकी कोई चाहत और महत्वाकांक्षा पूरी होगी।

### वृष
आज सामाजिक, धार्मिक कामों में भाग लेते रहने के कारण आपका सम्मान बढ़ेगा। ग्रह चाल भाग्य विकास में सहायक है। क्रय-विक्रय के व्यवसाय में लाभ होगा। शुभ समाचार भी दिन भर प्राप्त होते रहेंगे। मित्रों में भी हास्य विनोद बढ़ेगा। व्यर्थ के झंझटों से बचे रहें। धार्मिक स्थानों की यात्रा की भूमिका आज बन सकती है। मामा पक्ष से सहयोग मिलेगा।

### कर्क
आज आपको लाभ मिलेगा। आयात निर्यात के व्यवसाय आरंभ करने का निर्णय भी आज हो सकता है। आध्यात्म और धर्म कर्म में आपकी रुचि बढेगी और दान पुण्य के कार्यों में धन खर्च करेंगे। यात्रा, मंगलोत्सव का संयोग बन रहा है, समय के सदुपयोग से आपका सितारा बुलंद होगा।

### सिंह
आज आपको आज बुद्धि कौशल का लाभ दिलाएगा। अध्ययन व आध्यात्म में रूचि बढेगी। विवादास्पद प्रकरण समाप्त होंगे। गुप्त शत्रु व ईर्ष्यालु साथियों से सावधान रहें। किसी को आज रूपया उधार न दें वापस मिलना कठिन होगा। राजनीतिक क्षेत्र में आपका प्रभाव और सम्मान बढेगा। आप अपने साहस और बुद्धिमानी विरोधियों कोपराजित कर सकते हैं।

### मिथुन
आज कामकाज सुचारू रूप से चलता रहेगा। बिजनस में कमाई बनी रहेगी। लेकिन कहीं पैसा फंसा है तो उसकी वसूली में दिक्कत आएगी। परिवार में किसी शुभ मांगलिक कार्य पर खर्च का संयोग बनेगा। अपने जीवन स्तर को को बेहतर बनाने के लिए आप भौतिक साधनों की खरीदारी करेंगे।

### कन्या
आज नए संपर्क से लाभ मिलेगा। अतीत के संदर्भ में अनुसंधान और प्रयोग का फायदा मिल सकता है। रूका हुआ धन कठिनाई से मिलेगा। रोजमर्रा के कामों में कोताही न बरतें। व्यवसायिक उन्नति से आत्म विश्वास में वृद्धि होगी। रात्रि के समय मांगलिक अवसरों में जाने का अवसर मिलेगा।

### तुला
आज आपकी अप्रत्याशित उन्नति को देखकर सभी हैरान होंगे। स्वयं आपकी नज़र भी अपनी उपलब्धियों पर लग सकती है इसलिए मन को संयमित रखकर काम करें। आपके लिए बेहतर होगा कि अपनी प्रगति की रफ्तार को बनाए रखें और मन को शांत रखकर काम करें। आर्थिक मामलों में दिन सामान्य रहेगा। परिवार की खुशी के लिए कुछ धन खर्च कर सकते हैं।

### वृश्चिक
आज आपको लाभ और उन्नति का मौका मिलेगा लेकिन भागदौड़ आपको करनी पड़ेगी। फिलहाल तो आप अपने कार्य को उत्साहपूर्वक पूरा करें। कुछ समय बाद इससे भी बेहतरीन अवसर आपको प्राप्त होगा। यात्रा और पारिवारिक कारणों से खर्च का संयोग बनेगा। कुछ अच्छी डील मिल जाने से कोई बिना सोची हुई वस्तु खरीद सकते।

### मकर
आज चिंतित और परेशान रहेंगे। अगर आप गंभीरता से निर्णय नहीं लेंगे तो आपको नुकसान हो सकता है। आपको वर्तमान पर केवल फोकस करने की बजाय दूरदर्शी सोच रखनी होगी जिससे भविष्य में आपको एक बेहतर मुकाम मिले। परिवार का आपको करियर और कारोबार में सपोर्ट मिलेगा।

### कुंभ
आज अकस्मात मंगलमय समाचार मिलेगा। कार्य-व्यवसाय के क्षेत्र में आए तनाव अपने ऊपर हावी न होने दें। बनते-बिगड़ते परिवेश में नवीन योजना सफल होगी। पुराने उलझनों और परेशानियों से आपको छुटकारा मिलेगा। अधिकारी वर्ग में सामंजस्य बढ़ेगा। निराशाजनक विचारों को मन में न आने दें, समय बहुत ही अनुकूल है।

### धनु
आज उलझन और तकनीकी समस्याओं को सुलझना पड़ सकता है। किसी से कुछ कहासुनी भी हो सकती है। वैसे साझेदारी के काम में आपको साझेदारों से सहयोग और समर्थन प्राप्त होगा। बिजनस में लाभ से आपका मन आनंदित होगा। कहीं घूमने का प्लान बनेगा और बाहर खान पान का आयोजन हो सकता है।

### मीन
आज कारोबार की चिंता विशेष रूप से परेशान करेगी। आप अपने कारोबार को नई गति और उन्नति की ओर ले जाने की कोशिश करेंगे। बिते दिनों अगर कारोबार में लाभ कम हुआ है तो उनकी भरपाई की भी कोशिश करेंगे। नौकरी में आपके ऊपर काम का दबाव रहेगा लेकिन आप रिलैक्स रहेंगे और कामकाज के साथ दोस्तों के साथ मनोरंजक पल भी बिताएंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली से चार किशोरियों को लाया गया गुमला

**गुमला, एजेंसी।** मानव तस्करों द्वारा दिल्ली में बेची गई चार किशोरियों को मुक्त करा कर गुमला लगा गया। इनमें तीन गुमला की तीन और एक लातेहार जिले की एक किशोरी शामिल है। गुमला से दिल्ली गयी डीसीपीओ सरिता कुमारी व पुलिस टीम की मदद से इन चारों किशोरियों को अलग-अलग स्थान पर छापामारी कर बरामद करने के बाद सही सलामत गुमला लाया ।गुमला लाये जाने के बाद चारों लड़कियों को सीडब्ल्यूसी में प्रस्तुत किया गया। डीसीपीओ सरिता कुमारी ने बताया कि दलाल भोली भाली लड़कियों को बहला-फुसला कर काम दिलाने का झांसा करने के लिये ले जाया जाता है। इस तरह को घटना परिजनों द्वारा प्राप्त हो पर मामले की पूरी छानबीन कर बेहतर कदम उठाया जाता है। जिला प्रशासन की पहल से चारो बच्चियों को दिल्ली से मुक्त करा कर गुमला लाया गया है। सभी बच्चियों के उज्वल भविष्य के साथ साथ एजुकेशन से भी जोड़ा जायेगा। परिवार को आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने पर अन्य योजना से भी जोड़ा जायेगा।

### पालकोट में सड़क हादसे में बाइक सवार जख्मी

**गुमला/पालकोट, एजेंसी।** पालकोट ब्लॉक के समीप सड़क दुर्घटना में कोलेबिरा थाना के बोगराम गांव निवासी राकेश बाड़ा बुरी तरह घायल हो गया। जानकारी के अनुसार राकेश बाड़ा कोलेबिरा बोगराम गांव से अपने मोटरसाइकिल से गुमला जा रहा था ।इसी दौरान ब्लॉक के समीप जैसे ही एक ट्रक को ओवरटेक कर निकला सामने से आ रहे ऑटो को मारते हुए एक पेड़ से टकरा गया। जिससे राकेश बुरी तरह घायल हो गया। टक्कर इतना जोरदार था कि आस पास के लोग जुट गए और पालकोट थाना को सूचना दिया। पालकोट पुलिस घटना स्थल पहुंच कर घायल को पालकोट स्वास्थ केंद्र पहुंचाया। हेलमेट पहने की वजह से राकेश खतरे से बाहर है ।पुलिस ने घायल के परिजनों को सूचना दे दी है।

### जान से मारने की दी धमकी, पैसा वसूली को लेकर बेरमो विधायक को किया फोन

**रांची , एजेंसी।** बेरमो विधायक कुमार जयमंगल उर्फ अनूप सिंह को एक व्यक्ति ने फोन कर गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। इस संबंध में अनूप सिंह के सर्कुलर रोड स्थित आवासीय कार्यालय के कर्मी पवन कुमार सिंह ने लालपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जिसमें बताया गया है कि 27 जनवरी को अनूप सिंह को एक अज्ञात नंबर से कॉल आया। कॉल करने वाले ने कहा कि आप हरिकृष्ण सिंह के रिश्तेदार हैं, जिसका लोन बाकी है। अनूप सिंह ने उसे कहा कि वे इस नाम के व्यक्ति को नहीं जानते हैं। लेकिन कॉल करने वाला इस बात पर अड़ा हुआ था कि वे उसके ही रिश्तेदार हैं। बार-बार मना करने के बाद भी उसने विधायक अनूप सिंह के साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। तब अनूप सिंह ने कॉल काट दिया। इसके बाद उसने दूसरे नंबर से उन्हें कॉल किया। कहा कि आपके सोशल मीडिया एकाउंट में हरि कृष्णा सिंह जुड़ा हुआ है। मतलब आप उसके रिश्तेदार हैं। उससे पैसा वसूलना है। उसने तीन अन्य नंबरों से भी कॉल किया। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

### मुरकुंडा में 29 से होगी चंडी महायज्ञ, तैयारी शुरू

**गुमला, एजेंसी।** मुरकुंडा में 29 फरवरी से होने वाले चंडी महायज्ञ को लेकर तैयारी शुरू हो गई है। इस निमित यज्ञ स्थल में शनिवार को यज्ञ के मुख्य आचार्य कल्याण बाबा के सानिध्य में यजमानो ने ध्वजारोहण किया। यजमान प्रदीप साहू,प्रमोद साहू विनय साह,मनोज साहू सहित अन्य लोगो ने पूजा-अर्चना की। सुबह सात सात बजे से पूजा अर्चना और इसके उपरांत नगर भ्रमण किया गया। 29 फरवरी से 8 मार्च तक होने वाले यज्ञ में विभिन्न जगहों से साधु संतों और प्रवचन कर्ता शामिल होंगे ।इस बाबत प्रदीप साहू ने कहा कि यज्ञ के सफल संचालन के लिए सभी ग्रामवासी सहयोग कर रहे हैं। इस यज्ञ का आयोजन क्षेत्र के सुख शांति समृद्धि की कामना के लिए किया जा रहा है। मौके पर बजरंग चौधरी,शिवदयाल साहू,ओमप्रकाश साहू, राजेन्द्र साहू ,भोला चौधरी,जीतू साहू ,सुधीर साह,गुप्तेश्वर पांडे,रामजनक साहू,अजय साहू, दीपक चौधरी सहित अन्य भक्तगण मौजूद थे।

# ईडी का ताबड़तोड़ एक्शन, अब पूर्व सीनियर अफसर को रिमांड पर लेगी जांच एजेंसी



**रांची, एजेंसी।** जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के सामने ही पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछताछ की तैयारी है। हेमंत सोरेन को रांची के सदर थाने में एक जून 2023 को दर्ज कांड संख्या 272/23 में बुधवार की रात गिरफ्तार किया गया था। उनपर बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन को अवैध तरीके से हड़पने का आरोप है।

अब इस केस में भी ईडी ने भानु प्रताप प्रसाद को गिरफ्तार किया और उसे रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन दिया है। रिमांड आवेदन पर सोमवार को सुनवाई होगी, जिसके बाद भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेकर ईडी हेमंत सोरेन के सामने बैठाएगी और पूछताछ करेगी।

इससे पहले भानु प्रताप प्रसाद को ईडी ने सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध तरीके से खरीद-बिक्री मामले में गिरफ्तार किया था और उनके ठिकाने पर छापेमारी की थी, जहां से भारी मात्रा में सरकारी दस्तावेज मिले थे।

ईडी ने भानु प्रताप के विरुद्ध जालसाजी, सरकारी दस्तावेज के दुरुपयोग मामले में भारतीय दंड विधि से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करने की अनुशंसा की थी, जिसके बाद ही सदर थाने में एक जून 2023 को प्राथमिकी दर्ज हुई थी। अब भानु की इस दूसरे केस में भी गिरफ्तारी हो गई है।

भानु प्रताप प्रसाद की रिमांड पर रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट में सोमवार को सुनवाई होगी। रिमांड मिलने के बाद हेमंत सोरेन व भानु प्रताप प्रसाद को आमने सामने बैठाकर ईडी पूछताछ करेगी।

जमीन घोटाला केस में गिरफ्तारी के बाद कोर्ट से पांच दिनों की रिमांड मिलने के बाद ईडी ने शनिवार की दोपहर करीब ढाई बजे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को रिमांड पर ले लिया है। अब उनसे अगले पांच दिनों तक पूछताछ होगी। उक्त अवधि में पूछताछ पूरी नहीं होने की स्थिति में रिमांड की अवधि बढ़ाने के लिए ईडी फिर कोर्ट में आवेदन देगी।

ईडी हेमंत सोरेन से केवल बरियातू की 8.5 एकड़ जमीन हड़पने के मामले में ही पूछताछ नहीं करेगी, बल्कि उनसे उनकी कई अन्य अचल संपत्तियों के अर्जित करने के बारे में भी जानकारी लेगी और उसे खरीदने के लिए आने वाले धन के स्रोत पर भी सवाल दागेगी। रिमांड पर अवैध खनन से आने वाले काले धन का मामला भी खुलेगा।

रांची स्थित पीएमएलए कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उस याचिका को ठुकरा दिया है, जिसमें उन्हें पूछताछ के बाद रात को जेल अथवा सुरक्षित जगह पर रखने की मांग की गई थी। उनकी तरफ से सुरक्षा का खतरा बताते हुए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। अपने अधिवक्ता के माध्यम से उन्होंने कोर्ट को बताया था कि ईडी कार्यालय में उनकी जान को खतरा है।

उनकी इस याचिका का विरोध करते हुए ईडी ने भी कोर्ट में अपनी बात रखी और कहा कि हेमंत सोरेन ईडी कार्यालय में सुरक्षित हैं। रिमांड पर पूछताछ के बाद उन्हें जेल अथवा अन्यत्र रखने पर उन्हें खतरा है, ईडी कार्यालय में नहीं। हेमंत सोरेन को ईडी कार्यालय में रखने पर उनकी सुरक्षा के साथ-साथ रिमांड पर पूछताछ की गोपनीयता भी बरकरार रहेगी।

ईडी ने पीएमएलए कोर्ट में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए दिए गए अपने रिमांड आवेदन में बताया था कि रांची के सदर थाने में एक जून 2023 को कांड संख्या 272/23 में बड़गाई अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध जालसाजी से संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज हुई थी। इसी केस में ईडी ने 26 जून 2023 को ईसीआइआर दर्ज किया।

अनुसंधान के क्रम में सेना के उपयोग वाली 4.55 एकड़ भूमि की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री मामले में दर्ज एक अन्य ईसीआइआर में भी पता चला कि भानु प्रताप प्रसाद फर्जीवाड़ा सिंडिकेट के साथ मिलकर फर्जी कागजात, सरकारी मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर जमीन पर गलत तरीके से कब्जा दिलवाता था। नौ फरवरी 2023 को सर्किल कार्यालय में ईडी ने छापेमारी की तो भानु प्रताप प्रसाद के पास कुछ मूल दस्तावेज मिले, जिसमें छेड़छाड़ किए गए थे। भानु प्रताप अधिकतर मूल दस्तावेज, पंजी-2 का कस्टोडियन था।

इसके बाद ईडी की 13 अप्रैल 2023 को हुई छापेमारी में भानु प्रताप प्रसाद के आवास से 11 ट्रंक जमीन से संबंधित दस्तावेज मिले थे, जिसमें 17 मूल रजिस्टर भी थे। सबको ईडी ने जब्त किया था। भानु प्रताप प्रसाद ने उक्त जमीन का भी जालसाजों के साथ मिलकर जाली कागजात बना दिया था। जमीन घोटाला प्रकरण में ईडी की रिपोर्ट व सरकार को शेयर की गई जानकारी के आधार पर बड़गाई अंचल के तत्कालीन अंचलाधिकारी ने भी सदर थाने में भानु प्रताप प्रसाद के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

उक्त जमीन के संबंध में हस्तलिखित नोट भी भानु के मोबाइल से मिला। भानु प्रताप प्रसाद हेमंत सोरेन का नाम गलत तरीके से उक्त जमीन से संबंधित दस्तावेज में लगा रहा था, ताकि वह संपत्ति उनके नाम पर हो जाए। यह एक तरह की आपराधिक साजिश है। ईडी की कार्रवाई से यह साजिश विफल हो गई।

## कुर्सी संभालते ही भाजपा पर जमकर बरसे चंपई सोरेन; पूर्व सीएम हेमंत को लेकर कह दी बड़ी बात



**पाकुड़, एजेंसी।** झारखंड के गठबंधन ने सरकार बनाकर यह साबित कर दिया है कि विपक्ष का हथकंडा झारखंड में नहीं चलेगा। इसे हमने तोड़ दिया है। यह बातें मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कही। वे शुक्रवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ ग्रहण के बाद पहली बार पाकुड़ में कांग्रेस के भारत जोड़ो यात्रा के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसी की मदद से राज्य के युवा व जनप्रिय पूर्व मुख्यमंत्री को झूठा आरोप में जेल भेज दिया है। पूर्ववर्ती सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि झारखंड बनने के बाद सबसे अधिक सत्ता में रहने वाली भाजपा ने राज्य के लोगों के विकास के लिए कुछ भी नहीं किया।

जब लोकप्रिय युवा पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यहां के लोगों के लिए काम करना शुरू किया तो उनके खिलाफ केंद्रीय एजेंसी का दुरूपयोग किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के आदिवासी मूलवासी एक दिन भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देंगे। झारखंड की धरती पर उनको खड़ा होने के लिए जगह नहीं मिलेगी।

उन्होंने कहा कि मणिपुर से निकली यह न्याय यात्रा झारखंड के लोगों को जोड़ने का काम करेगी। हम सब इस न्याय यात्रा के साथ है। आने वाले साल में हमलोग अपना जनमत के साथ भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देंगे। हमारी आजादी के लिए पूर्वजों ने जो लड़ाई लड़ी थी उसे फिर से बहाल करेंगे।

यहां के संविधान जो आंबेडकर की देन है उसे बचाने का काम करेंगे। इसके पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के साथ मुख्यमंत्री चंपई सोरेन मंच पर पहुंचे। मुख्यमंत्री के पहुंचने के करीब आधे घंटे बाद सभा में पहुंचे राहुल गांधी का मुख्यमंत्री ने खड़ा होकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

## झारखंड के आंदोलन से प्रदेश के शीर्ष पद तक पहुंचे चंपई सोरेन की सोशल मीडिया के कारण भी अलग पहचान है

**रांची, एजेंसी।** झारखंड के आंदोलन से प्रदेश के शीर्ष पद तक पहुंचे 68 वर्षीय चंपई सोरेन की सोशल मीडिया के कारण भी अलग पहचान है। प्रदेश के संभवत उन चुनिंदा नेताओं में शुमार हैं, जो हर दिन सोशल मीडिया पर दो लोगों की मदद करते हैं। अब तक वे हजारों गरीब, असहाय, मजदूर व जरूरतमंदों की मदद कर चुके हैं। इसमें उन्होंने समग्रता की नीति अपनाई है, इसका दायरा सरायकेला या कोल्हान तक ही सीमित नहीं है।

सोशल मीडिया पर चंपई सोरेन की मदद करने का तरीका भी अनोखा है। वे हर शिकायत के साथ संबंधित अधिकारी को टैग करते हैं। ऐसे में अधिकारियों के समक्ष उनके समाधान की बाध्यता होती है। इतना ही नहीं, समाधान होने पर अधिकारी को धन्यवाद कहना भी नहीं भूलते हैं। जनवरी माह में चंपई ने रांची, गिरिडीह, बोकारो, हजारीबाग, सरायकेला, पलामू, धनबाद समेत कई जिलों के लोगों की मदद की है।

**पेंशन, इलाज व अन्य जरूरतों के लिए लगती है गुहार :** चंपई ने मदद में क्षेत्र के साथ विभागों की दीवारों को तोड़ दिया है। परिवहन मंत्री का जिम्मा संभलाने के दौरान उन्होंने लोगों की स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी समस्याओं का सबसे ज्यादा समाधान किया था। उनके पास पेंशन, इलाज, बिल माफी, राशन कार्ड में गड़बड़ी की ज्यादा शिकायतें आती हैं।

**एक्स पर हेमंत सोरेन से अधिक है फॉलोअर :** राज्य में चंपई सोरेन की पहचान ताम-झाम से दूर आम नेता के रूप में है। हेमंत सोरेन के बाद जेएमएम में चंपई सोरेन ही ऐसे नेता हैं, जिनके सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पहले ट्विटर) पर इतने ज्यादा फॉलोअर हैं। चंपई सोरेन के एक्स पर शुक्रवार शाम तक उनके 117 मिलियन फॉलोअर हैं। वहीं, हेमंत सोरेन के 1 मिलियन फॉलोअर हैं। मुख्यमंत्री बनने के बाद से उनके फॉलोअर लगातार बढ़ रहे हैं।



**मां के जैसा खयाल रखता है मेरा :** 75 वर्षीय गुरबेरी सोरेन चंपई की अपनी चाची हैं। धान सुखा रही थी। कहा- चंपई बहुत दिन से बड़ा नेता है, मगर परिवार के साथ हिलमिल कर रहता है। जब आता है मेरे अंगना में जरूर आता है। उसके चाचा (चंपई के पिता के छोटे भाई) के मरने के बाद मेरा खयाल रखता है। मुझे बेटा नहीं है। दोनों बेटियां ससुराल में हैं।

टीवी नहीं था रिचार्ज, भाई ने मोबाइल पर देखा शपथ ग्रहण

चंपई का पूरा परिवार सादगी की प्रतिमूर्ति है। उनके भाई भीखू सोरेन मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह इसलिए नहीं देख पाए कि उनका टीवी रिचार्ज नहीं था। बाद में लोगों ने मोबाइल पर उनका शपथ ग्रहण दिखाया। बड़े भाई को मुख्यमंत्री को शपथ लेते देख उनकी आंखें भींग गई। कहा- यह मेरे लिए ही नहीं पूरे गांव के लिए सौभाग्य की बात है।

**स्कूली जीवन में भी सच के लिए लड़ जाते थे चंपई :** झारखंड के12वें मुख्यमंत्री के रूप में शुक्रवार को शपथ लेनेवाले चंपई सोरेन का गांव जिलिंगगोड़ा अब पहचान का मोहताज नहीं रहेगा। यहां के दादू राज्य के मुखिया जो बन गए हैं। उनके बारे में लोग गुनगान करते नहीं थकते।

सीएम चंपई सोरेन के साथ खेलने-कूदने वाले गोम्हाराम सोरेन ने बताया वह बचपन से जिद्दी रहे हैं। स्कूल में भी और गांव में भी बॉसगिरी करते थे। किसी से डरते नहीं थे। सच के लिए लड़ जाते थे। उसके मंत्री बनने से गांव में सड़कें और बिजली आई। मुख्यमंत्री बन गए हैं तो अब गांव के साथ ही पूरे झारखंड का विकास करेंगे। मुख्यमंत्री चंपई सोरेने के घर के बगल के चौराहे पर एक मंदिर है।

## झारखंड में बीजेपी का प्लान हो सकता है फेल, इस रणनीति से भेदने की तैयारी में चपई सोरेन



**रांची, एजेंसी।** विपक्ष के बड़े चेहरे नीतीश कुमार को आइएनडीआइए गठबंधन से अलग कर साथ लाने में सफल हुई भाजपा झारखंड में इसकी मजबूती को दरका नहीं पाई। बिहार प्रकरण के हफ्ते भर बाद झारखंड में तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से राजनीतिक उथल पुथल मची तो लगा कि भाजपा को इसमें अवसर मिल सकता है, लेकिन झामुमो के साथ कांग्रेस और राजद और वाम दल के विधायक पूरी तरह से एकजुट रहे। आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा को अब अपना रणनीति बदलने पर विचार करना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार के मामले में हेमंत के जेल जाने की वजह से भाजपा को राजनीतिक तौर पर जो बढ़त मिलनी चाहिए थी, उसे गठबंधन की एकजुटता ने रोकने की कोशिश की है ।भाजपा के रणनीतिकारों को उम्मीद थी कि नई सरकार के गठन के बाद मंत्रिपरिषद में स्थान को लेकर कांग्रेस विधायकों में असंतोष हो सकता है, लेकिन चंपई सोरेन के राजभवन में सरकार बनाने का दावा पेश करने के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने मोर्चा संभाला। विधायकों ने झामुमो गठबंधन के साथ ही रहने के संकेत दिए ।गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दूबे और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के साथ ही झामुमो गठबंधन के पास बहुमत नहीं होने का मामला उठाया। इंटरनेट मीडिया पर दोनों नेता लगातार पोस्ट करते रहे, जिसमें विधायकों के गठबंधन से अलग होने का दावा किया गया ।राजभवन से सरकार गठन के लिए निमंत्रण मिलने में हो रही देरी ने दोनों के दावे को थोड़ा असरदार भी बनाया। लेकिन 43 विधायकों के वीडियो संदेश और सर्किट हाउस से लेकर हवाई जहाज तक की मौजूदगी ने संशय खत्म कर दिया।

## गोबर में घी डालने का काम कर रहे हैं राहुल गांधी, न्याय यात्रा पर भाजपा नेता ने कसा तंज

**बोकारो, एजेंसी।** कांग्रेस के राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा फ्लाप शो साबित हो रही है। वह जहां जा रहे हैं, वहां लोग विरोध कर रहे हैं। झारखंड के लोगों ने इन्हें इनकार दिया है। राज्य में कांग्रेस कुछ नहीं है। राहुल गांधी गोबर में घी डालने का काम कर रहे हैं। वह यहां आकर अपना समय नष्ट कर रहे हैं। यह बातें धनबाद के सांसद पशुपति नाथ सिंह ने स्थानीय परिसदन में संवाददाताओं से बातचीत के क्रम में कहीं।

उन्होंने कहा कि इस यात्रा से राहुल गांधी को कुछ हासिल होने वाला नहीं है। कांग्रेस झारखंड में शून्य है। बीजीएच में मरीजों व नगर में नगरवासियों की समस्या के सवाल में इन्होंने कहा कि बीजीएच में मरीजों को सुविधा एवं नगर में तीन वक्त पेयजल उपलब्ध कराने को लेकर निदेशक प्रभारी से वार्ता की जाएगी। सांसद ने कहा कि 2024 का अंतरिम बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को साकार करने वाला है। इससे देश की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी। जब केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी थी तब हमारे समक्ष कई चुनौतियां थीं, लेकिन केंद्र सरकार ने सबका साथ-सबका विकास को मूल मंत्र मान कर चुनौतियों को विजय प्राप्त की।

एशियाई खेलों में पहली बार खिलाड़ियों ने 100 से अधिक पदक जीते। नारी को नारायणी मान कर महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में काम किया जा रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा व विधानसभा में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। 25 करोड़ लोगों को गरीबी से छुटकारा दिलाया गया।किसान सम्मान योजना का लाभ 11.8 करोड़ किसान उठा रहे हैं। सर्वाइकल कैंसर के निवारण के लिए बालिकाओं का टीकाकरण किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्र के उन्नयन में तेजी लाई जाएगी। रेल व विमानन के क्षेत्र में भी विकास जारी है। दस वर्ष में केंद्र सरकार में प्रत्यक्ष कर संग्रहण तीन गुना से अधिक हो गया है।मौके पर विधायक बिरंची नारायण, भाजपा जिलाध्यक्ष जयदेव राय, रोहित लाल सिंह, विधा सागर सिंह, विनय किशोर आदि उपस्थित थे।

## हेमंत से जुड़े केस में ईडी का शिकंजा, मास्टरमाइंड पूर्व राजस्व निरीक्षक भानु प्रताप की गिरफ्तारी



**रांची, एजेंसी।** रांची जमीन घोटाले में बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व उपनिरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद को ईडी ने हेमंत सोरेन से भी जुड़े मामले में गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने 31 जनवरी को ही भानु प्रताप प्रसाद को इस केस में प्रोडक्शन पर लेने के लिए पीएमएलए की विशेष अदालत में आवेदन दिया था। भानु प्रताप का प्रोडक्शन शनिवार को ईडी को मिल गया। अब सोमवार को भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने का आवेदन ईडी कोर्ट को देगी।

**पूर्व सीएम के केस से क्या है भानु का कनेक्शन :** बरियातू के सेना जमीन घोटाले में ईडी ने भानु प्रताप प्रसाद को 14 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार किया था। भानु प्रताप प्रसाद के यहां जब छापेमारी की गई थी, तब उसके आवास से कई ट्रक सरकारी दस्तावेज मिले थे। बड़गाई अंचल के रजिस्टर 1 व रजिस्टर 2, डीड समेत कई कागजात मिले थे। वहीं, भानु के ही मोबाइल से हेमंत सोरेन के कब्जे वाली जमीन के दस्तावेज मिले थे। इस मामले में भानु ने ही सबसे पहले खुलासा किया था कि बड़गाई अंचल की 8.50 एकड़ जमीन के सर्वे का आदेश सीएमओ से आया था। जिसके बाद सीओ मनोज कुमार के कहने पर भानु ने सर्वे करने की बात कबूली थी। ईडी ने अनुसंधान के क्रम में खुलासा किया है कि जमीन के रजिस्टर में हेमंत सोरेन का नाम दर्ज किया जाना था, लेकिन एजेंसी की कार्रवाई की वजह से ऐसा नहीं हो पाया। हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी के ठीक पहले ईडी ने इस मामले में भानु के प्रोडक्शन का आवेदन दिया था। इस केस में आरोपी नंबर एक भानु ही होगा, जबकि दूसरे आरोपी तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन होंगे।

**पूर्व सीएम और भानु प्रताप को आमने सामने रखकर हो सकती है पूछताछ :** सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की जमीन घोटाले में मुश्किलें बढ़ सकती हैं। ईडी जमीन घोटाले के मास्टर माइंड मुख्य साजिशकर्ता बड़गाई अंचल के तत्कालीन राजस्व कर्मचारी भानु प्रताप प्रसाद को मामले में रिमांड पर लेगी।

मिली जानकारी के अनुसार ईडी टीम हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है। ईडी की ओर से मामले के जांच अधिकारी ने भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने का आवेदन ईडी कोर्ट में दिया है। ईडी ने बड़गाई अंचल क्षेत्र की 8.46 एकड़ जमीन घोटाले का मामले सामने आने पर भानु प्रताप प्रसाद के खिलाफ 1 जून 2023 को धोखाधड़ी, षड्यंत्र रचने समेत अन्य भादवि की धाराओं के तहत केस दर्ज कराया था। लेकिन केस दर्ज होने के छह महीने बाद अब ईडी ने आरोपी को रिमांड पर लेने का आवेदन दिया है। कोर्ट से अनुमति मिलते ही आगे की प्रक्रिया ईडी की ओर से प्रारंभ की जाएगी।

**ईडी जेल के बाहर 13 फरवरी तक कर सकती है पूछताछ :** ईडी हेमंत सोरेन को अपने कब्जे में लेकर 13 फरवरी तक पूछताछ कर सकती है। इसके बाद पूछताछ की आवश्यकता पड़ने पर ईडी जेल में ही आरोपी से पूछताछ करेगी। वर्तमान में हेमंत सोरेन ईडी रिमांड पर सात फरवरी तक हैं। आवश्यकता पड़ने पर ईडी रिमांड की और मांग कोर्ट से की जाएगी। जैसा की अन्य मामलों के आरोपियों के साथ होता आया है।

## जर्जर स्कूल भवन ध्वस्त करने के दौरान गिरी छत, मजदूर की मौत

**गुमला/पालकोट, एजेंसी।** पालकोट थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती गांव सारूबेड़ा चिरोडांड़ स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय जर्जर भवन को तोड़ने के दौरान छत गिर जाने से इसके नीचे दबकर 25 वर्षीय जबलुन किंडों नामक मजदूर की मौत हो गई,जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिनके नाम हैं असीम तिर्की 30 वर्ष व बेलस खाखा 60 वर्ष। दोनो की हालत नाजुक बनी हुई है। दोनो को गुमला सदर अस्पताल से रिम्स रेफर कर दिया गया है। मृतक व घायल मजदूर गांव के ही रहने वाले हैं।

यह घटना दिन के लगभग 12 बजे की है। देर शाम घायलों को गुमला सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के मुताबिक राजकीय प्राथमिक विद्यालय सारूबेड़ा छात्रों की उपस्थिति काफी कम होने के कारण तीन साल पहले बंद कर दिया गया था। पिछले साल गांव के ग्रामीणों द्वारा फिर से विद्यालय खोले जाने की मांग की गई, तो विद्यालय खोलने की अनुमति दी गई थी। वहीं स्कूल भवन जर्जर होने के कारण विभाग द्वारा पुराने व जर्जर भवन को ध्वस्त करने का आदेश दिये जाने पर आज विद्यालय प्रबंध समिति द्वारा जर्जर विद्यालय भवन कोध्वस्त किया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पालकोट पुलिस घटना स्थल पहुंची और देर शाम घायलों को लेकर पालकोट प्रखंड मुख्यालय पहुंची।

## संक्षिप्त समाचार

### सिपाही ने जिम में बढ़ाई नजदीकियां, महिला के साथ करता रहा दुष्कर्म ; पति बन कराया गर्भपात

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में पति से झगड़े के बाद मायके में रह रही विवाहिता ने सिपाही पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने और गर्भपात कराने का आरोप लगाया है। उसने 17 दिन पहले शिकायत की थी। अभी तक सिपाही के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। इस पर पीड़िता ने डीजीपी को ईमेल करके फिर से शिकायत दर्ज कराई है। शहीद नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि 2017 में उसकी शादी हुई थी। एक साल बाद बेटी होने के बाद पति ने घर से निकाल दिया। इस पर सदर थाने में मुकदमा दर्ज कराया। अपना और बेटी का खर्च चलाने के लिए ब्यूटीशियन का काम कर रही थी।

शादी के लिए पहले पीड़िता ने किया इंकार

एक दिन उसके घर पर शहीद नगर चौकी पर तैनात कानपुर निवासी सिपाही मुकदमे के कागज लेकर आया। इसके बाद प्रार्थनापत्र से नंबर लेकर सिपाही व्हाट्सएप पर मैसेज भेजने लगा। जिस जिम में वह व्यायाम के लिए जाती थी, सिपाही भी वहां आने लगा। कुछ दिनों बाद नजदीकी बढ़ने के बाद उसने शादी का प्रस्ताव रखा तो पीड़िता ने इन्कार कर दिया।

**लेडी लायल में कराया भर्ती:** इसके बाद सिपाही ने अपने जीजा से बात कराई। उसके जीजा ने दोनों की शादी कराने का वादा किया। सिपाही ने मिलने के बहाने दोस्त के होटल में ले जाकर उसे नशीला पदार्थ पिला दिया। दुष्कर्म कर अश्लील फोटो-वीडियो बना लिए। वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करने लगा। इस दौरान कई बार गर्भपात कराया। 26 जून 2023 को गर्भपात की दवा खाने पर रक्तस्राव अधिक होने पर लेडी लायल अस्पताल ले गया।

**सिपाही को जारी हुई नोटिस :** वहां एक कंपनी में कर्मचारी पति बनकर उसका गर्भपात कराया। उसके जीजा ने पीड़िता से मजबूरी का बहाना बनाकर 1.5 लाख रुपये ले लिए। इसके बाद दोनों ने मिलना बंद कर दिया। इसके बाद सिपाही ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। सदर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार ने बताया कि महिला की शिकायत पर एसीपी हरिपर्वत जांच कर रहे हैं। सिपाही वर्तमान में प्रयागराज माघ मेला में तैनात है। नोटिस जारी कर दी गई है।

### गोरखपुर-वाल्मीकिनगर रूट के दोहरीकरण के लिए मिले 310 करोड़, समय से काम होगा पूरा

**गोरखपुर, एजेंसी।** अंतरिम बजट में गोरखपुर और आसपास के रेल लाइनों पर चल रहे विकास कार्य को भरपूर बजट मिला है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में घोषित गोरखपुर-वाल्मीकिनगर रूट के दोहरीकरण के लिए 310 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। वहीं डोमिनगढ़-कुसम्ही तीसरी लाइन व गोरखपुर-नकहा जंगल तीसरी लाइन के लिए भी 18 करोड़ रुपये आवंटित हुए हैं। अन्य लाइनों के लिए भी धन मिला है। इससे इन लाइनों को बिछाने का कार्य समय से पूरा हो सकेगा। पूर्वोत्तर रेलवे यात्री प्रमुख जोन है। इस जोन में सभी प्रमुख मार्गों के दोहरीकरण व तेहरीकरण का कार्य चल रहा है। इस अंतरिम बजट में पूर्वोत्तर रेलवे को कुल 5,813.20 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। गोरखपुर-वाल्मीकिनगर रूट के दोहरीकरण से बिहार से आने वाली ट्रेनों को सुविधा होगी। इसके अलावा इस रास्ते मालगाड़ी भी गुजरती हैं, उन्हें इस रूट के दोहरीकरण से समय की बचत होगी।

### मां के हाथ की मैगी खाई, फिर फंदे पर झूल गया इवेंट मैनेजर, परिजन नहीं बता सके वजह

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में रावतपुर निवासी इवेंट मैनेजर ने शुक्रवार रात फंदे से लटककर जान दे दी। वह मां के हाथ की बनी मैगी खाकर अपने कमरे में सोने चला गया था। सुबह उसका शव फंदे से लटका मिला। शनिवार को उसे इवेंट के सिलसिले में बनारस जाना था। परिजन आत्महत्या की कोई वजह नहीं बता पा रहे हैं। रावतपुर निवासी शिवशंकर पटेल का छोटा बेटा आशुतोष पटेल उर्फ छोटू (25) इवेंट मैनेजर था। वह तीन भाइयों आशु उर्फ दुजेंद्र, मोनू पटेल व बहन खुशी में सबसे छोटा था। शुक्रवार रात को मां सुमन से मैगी बनवाई। उसको खाने के बाद कमरे में जाकर सो गया। सुबह मां जगाने पहुंची, तो कमरा भीतर से बंद था। भाई ने खिड़की से झांककर देखा, तो उसका शव पंखे के कुंडे में दुपट्टे के सहारे लटकता मिला।

# बोले डिप्टी सीएम: भाजपा ने मायावती को कृष्ण की तरह बचाया था

## सदन में याद दिलाया गेस्ट हाउस कांड



**लखनऊ , एजेंसी।** विधान परिषद में नेता सदन केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि जिस तरह से कृष्ण ने द्रौपदी की रक्षा की थी, उसी तरह 1995 के गेस्ट हाउस कांड में ब्रह्मदत्त द्विवेदी समेत तत्कालीन भाजपा सदस्यों ने सपा के लोगों से मायावती की रक्षा की थी। वह शून्य प्रहर में महिला अपराधों पर सपा सदस्यों की ओर से लाए गए कार्यस्थगन प्रस्ताव पर बोल रहे थे। इस मुद्दे पर सरकार के जवाब से असंतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

सपा के मुकुल यादव ने यह मुद्दा उठाया। इस पर बोलते हुए सपा के ही डॉ. मान सिंह यादव ने कहा कि वाराणसी में बीटेक की छात्रा के साथ गैंगरेप करने वाले भाजपा के आईटी सेल से जुड़े हैं।

पुलिस ने घटना के अगले दिन ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया, फिर सत्ताधारी नेताओं के दबाव मे छोड़ा गया। इसमें तत्कालीन एसीपी की भूमिका की भी जांच होनी चाहिए। स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि कानून के रखवाले ही उसके भक्षक बन गए हैं। लाल बिहारी यादव ने राज्य अभिलेख ब्यूरो के आंकड़ों के हवाले से कहा कि कानून-व्यवस्था की स्थिति दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है।

नेता सदन व डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि सपा सदस्यों पर पुरानी कहावत चरितार्थ होती है-सूप बोले तो बोले, चलनिया भी बोले।

भाजपा सरकार में अपराधियों के खिलाफ प्रभारी कार्रवाई करवाकर मृत्यु दंड तक दिलवाया जा रहा है। लड़कों से गलती हो जाती है, यह किसने कहा था, लोग अभी भूले नहीं हैं। सपा सदस्यों ने तत्कालीन एसीपी के खिलाफ जांच की मांग करते हुए सदन से बहिर्गमन किया। सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कार्यस्थगन प्रस्ताव अस्वीकार करते हुए प्रकरण आवश्यक कार्यवाही के लिए सरकार को भेज दिया।

**प्रश्न प्रहर चलाए जाने पर भी सपा सदस्यों ने किया बहिर्गमन:** विधान परिषद की शनिवार की सुबह 11 बजे जैसे ही कार्यवाही प्रारंभ हुई, सपा सदस्यों ने प्रश्न प्रहर न चलाए जाने का विरोध किया। इस पर सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने कहा कि शनिवार को प्रश्न प्रहर चलाने की परंपरा नहीं रही है। जवाब से अंसतुष्ट सपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।

**69 हजार शिक्षक भर्ती में जल्द सुलटेगा आरक्षण का विवाद:** विधान परिषद में बेसिक शिक्षा मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि 69 हजार शिक्षक भर्ती में आरक्षण का विवाद जल्द सुलटेगा। मामला कोर्ट में विचाराधीन है। पीड़ित पक्ष से कोर्ट के बाहर भी सरकार लगातार बात कर रही है। बसपा के भीमराव अंबेडकर ने कार्यस्थगन प्रस्ताव के जरिये यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर मामले को लटका रही है, जोकि उचित नहीं है।

**तदर्थ शिक्षकों का मामला भी सदन में उठा:** विधान परिषद सदस्य ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने एडेड माध्यमिक विद्यालयों में तदर्थ शिक्षकों की सेवा समाप्ति का मुद्दा उठाया। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने कहा कि इनकी सेवाएं जारी रखने के संबंध में कोई प्रावधान नहीं है।

इस पर ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने एक आदेश होने का हवाला दिया। सभापति ने कहा कि इस आदेश का परीक्षण करते हुए माध्यमिक शिक्षा मंत्री मामले पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करें।

**एनपीएस की खामियां दूर करे सरकार : सभापति:**

एमएलसी राज बहादुर सिंह चंदेल ने पुरानी पेंशन का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ और राजस्थान की भाजपा सरकारों ने भी पुरानी पेंशन के आदेश को वापस नहीं लिया है। सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा ने कहा कि यह विषय केंद्र का है। राज्य सरकार कुछ करने की स्थिति में नहीं है। सभापति ने कहा कि सरकार नई पेंशन स्कीम की खामियों को दूर करे। अगर यह संभव न हो तो अन्य विकल्पों पर विचार करे।

## हिस्ट्रीशीटर लल्लन खान और उसका बेटा गिरफ्तार, एक आरोपी अभी भी गिरफ्त से दूर

**लखनऊ , एजेंसी।** तिहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले पिता और पुत्र को पुलिस ने शनिवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। पश्चिम यूपी से दोनों की गिरफ्तारी की गई है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। अब हत्याकांड में शामिल सिर्फ एक आरोपी गिरफ्त दूर है।



मलिहाबाद के मोहम्मदनगर में जमीन विवाद में हिस्ट्रीशीटर लल्लन खान और उसके बेटे फराज खान ने अपने साथी फुरकान व ड्राइवर अशरफी के साथ मिलकर अपने रिश्तेदार फरहीन, उसके बेटे हंजला और चचेरे भाई मुनीर उर्फ ताज की गोली मारकर हत्या कर दी थी। वारदात को अंजाम देने के बाद एसयूवी और लाइसेंसी राइफल छोड़कर भाग निकले थे। शनिवार सुबह उनकी लोकेशन मुरादाबाद में मिली थी। सूत्रों के मुताबिक मुरादाबाद के आसपास के इलाके से ही दोनों को दबोचा गया। डीसीपी पश्चिम राहुल राज ने बताया कि आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।

### मां-बहन को खुदकुशी के लिए उकसाया, पुलिस ने आरोपी हयात जफर को पकड़ा, कानपुर हिंसा का भी है मास्टर माइंड

**कानपुर , एजेंसी।** कानपुर में अपनी ही मां-बहन को खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोपी व कानपुर हिंसा के मास्टर माइंड हयात जफर हाशमी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वह इस मामले में कोर्ट से जमानत मिलने के बाद से फरार था। शनिवार को पुलिस ने उसे कोर्ट में हाजिर किया। यहां से उसे जेल भेज दिया गया। मौलाना मोहम्मद अली जौहर फैंस एसोसिएशन से जुड़े हयात जफर हाशमी की मां और बहन ने प्रापर्टी के विवाद में वर्ष 2012 में डीएम कार्यालय के सामने खुद को आग लगा ली थी। बाद में दोनों की इलाज के दौरान अस्पताल में मौत हो गई थी।

## संवेदनशील केंद्रों की निगरानी करेगी एलआईयू, 22 फरवरी से नौ मार्च तक यूपी बोर्ड की परीक्षा

**लखनऊ , एजेंसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं को नकलविहीन संपन्न कराने के लिए स्ट्रांग रूम से लेकर उत्तर पुस्तिकाओं के कलेक्शन सेंटर की सुरक्षा की फूलप्रूफ योजना है।

इसके साथ ही संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्रों की निगरानी के लिए एलआईयू की मदद ली जाएगी। इसके साथ ही अन्य विभागों के साथ भी समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित किया जा सके। उल्लेखनीय है कि यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 22 फरवरी से शुरू हो रही हैं जो 9 मार्च तक चलेंगी। इस बार हाईस्कूल (29,47,325)और इंटरमीडिए (25,77,965) में कुल 55,25,290 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। वहीं बोर्ड की ओर से प्रदेश भर में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें राजकीय परीक्षा केंद्रों की संख्या 566 है, सवित्त परीक्षा केंद्र 3479 और वित्तविहीन 4220 परीक्षा केंद्र हैं।

**सशस्त्र बल करेंगे स्ट्रांग रूम की निगरानी:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद के सचिव दिव्यकांत शुक्ल ने बताया कि बोर्ड परीक्षा में सुरक्षा को लेकर सीएम योगी की मंशा के अनुरूप पुलिस प्रशासन की मदद से व्यापक तैयारी की गई है। इसके तहत, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए अनिवार्य रूप से सशस्त्र बल की व्यवस्था की जा रही है, ताकि पेपर लीक या किसी अन्य तरह की सिक्योरिटी ब्रीच न हो सके। इसके साथ ही, उत्तर पुस्तिका के कलेक्शन सेंटर पर भी सुरक्षा की व्यवस्था की जा रही है। प्रदेश के वो परीक्षा केंद्र जिन्हें संवेदनशील या अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखा गया है, उनकी विशेष निगरानी एलआईयू के माध्यम से कराई जाएगी। संवेदनशील और अतिसंवेदनशील परीक्षा केंद्र वो हैं, जहां पहले नकल या अन्य तरह की अव्यवस्था का कोई ट्रैक रिकॉर्ड रहा है।

इनको लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी तरह, बाह्य नकल की रोकथाम के लिए संबंधित क्षेत्राधिकारी और थानाध्यक्ष की पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा कार्य में बाधक तत्वों के विरूद्ध संज्ञेय अपराध के अंतर्गत कार्यवाही और अनुचित मुद्रण या प्रकाशन तथा अफवाह पर कठोर कार्यवाही के लिए योजना पर काम किया गया है।

### आवश्यकतानुसार परीक्षा केंद्रों पर लगेगी धारा 144

उन्होंने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं के दौरान जिला प्रशासन भी मुस्तैद रहेगा। प्रस्तावित योजना के अनुसार, बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल संपन्न कराने के लिए सेक्टर मजिस्ट्रेट तथा स्टैटिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की जाएगी एवं उनका प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। प्रशासन से अपील की गई है कि स्टैटिक मजिस्ट्रेट को सामान्यत: बदला न जाए। इसके अतिरिक्त नकल पर अंकुश लगाने के लिए परीक्षा केंद्रों के पास आवश्यकतानुसार धारा-144 लागू करने सहित अन्य एहतियाती उपाय किए जाने पर सहमति बनी है। यही नहीं, परीक्षा केंद्र के आस-पास फोटो कॉपियर दुकानों पर भी रोक लगाई जाएगी, ताकि किसी तरह के भ्रम की स्थिति नहीं होने पाए।

### विभिन्न विभागों की ली जा रही मदद

उन्होंने बताया कि परीक्षाओं को लेकर अन्य विभागों से भी समन्वय किया गया है। इसके तहत परिवहन विभाग से अनुरोध किया गया है कि बसों को निर्धारित समयानुसार नियमित संचालित किया जाए एवं संबंधित स्टाफ को परीक्षार्थियों के साथ सहयोग करने के लिए निर्देशित किया जाए। ऊर्जा विभाग से भी अपील की गई है कि परीक्षा अवधि में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो। बेसिक शिक्षा विभाग से कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी के लिए शिक्षकों को कार्यमुक्त करने में सहयोग के लिए कहा गया है, जबकि पर्यवेक्षण के लिए अधिकारी उपलब्ध कराने का भी आग्रह किया गया है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग से परीक्षा केंद्रों में प्राथमिक उपचार की व्यवस्था करने के लिए और पंचायतीराज एवं नगर विकास विभाग से परीक्षा केंद्र के चारों तरफ साफ-सफाई एवं सैनीटाइजेशन के लिए रिक्वेस्ट की गई है।

## आगरा में तहसील में हंगामा: मां के साथ आए लोग... एसडीएम के सामने बेटी को उठाकर ले जाने लगे

**आगरा , एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के आगरा में सदर तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में जमकर हंगामा हुआ। एक युवती को उसकी मां के साथ आए लोग एसडीएम के सामने उठाकर ले जाने लगे। बेटी मदद के लिए चिल्लाने लगी, मां पर अपहरण का आरोप लगाया। पुलिस ने हस्तक्षेप किया। थाना शाहगंज से फोर्स बुलाना पड़ा। पुलिस दोनों पक्षों को लेकर थाने चली गई।

संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम नवोदिता शर्मा व अन्य विभागों के अधिकारी जनसुनवाई कर रहे थे। दोपहर 12 बजे करीब 30 से अधिक महिला और पुरुष सभागार में दाखिल हुए। अधिकारियों के सामने खड़ी 16 वर्षीय युवती को खींच कर बाहर ले जाने लगे। गोद में उठाकर ले जाने पर युवती अपहरण का आरोप लगाते हुए चिल्लाने लगी। खींचतान बढ़ने पर हंगामा शुरू हो गया।

सभागार में विभिन्न थानों के पुलिस व विभागों के अधिकारी माजरा समझ नहीं पाए। हंगामा के बाद दोनों पक्षों में लात-घूंसे चलने लगे। सूचना पर शाहगंज थाने से पुलिस पहुंच गई। दोनों पक्षों को लेकर थाने गई। थाने ले जाते समय भी रास्ते में महिलाओं ने कार को रोक कर युवती को खींचने की कोशिश की।

### महिला पर हत्या का मामला दर्ज

तहसीलदार सदर रजनीश वाजपेयी ने बताया कि एक महिला और उसकी पुत्री के बीच विवाद है। महिला पर पति की हत्या का मामला दर्ज है। बेटी का कहना है कि विकलांग पिता की हत्या मां ने कराई। उधर, मां का कहना है कि मेरे पति से देवर ने वसीयत कराई। उसका नाम हटाकर राजस्व रिकॉर्ड में मेरा नाम दर्ज किया जाए। बेटी को मेरे साथ भेजा जाए। बेटी ने पुलिस के समक्ष बताया कि उसे कोर्ट ने दादा-दादी के सुपुर्द किया है। वह मां के साथ नहीं जाएगी। पुलिस ने बेटी को दादा-दादी के सुपुर्द किया है।

### 134 में से 8 शिकायतें निस्तारित

तहसील दिवस में शनिवार को 134 शिकायत आईं। जिनमें आठ का निस्तारण हो सका। 126 फरियादी मायूस होकर लौट गए। सबसे ज्यादा 38 शिकायतें राजस्व, 26 पुलिस, 14 नगर निगम, 15 ब्लॉक और आठ डूडा से संबंधित रहीं।

## नगर निगम टीम ने घंटाघर में दुकानों को तोड़ना शुरू किया, व्यापारी कर सकते हैं सीएम से शिकायत




**गोरखपुर , एजेंसी।** शहीद बंधु सिंह पार्क में बनने वाली मल्टीलेवल पार्किंग और शॉपिंग कांप्लेक्स के लिए शनिवार रात से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई शुरू हो गई। नगर निगम का दावा है कि ये कार्रवाई केवल उन दुकानों पर हुई, जो खाली हो चुकी थीं। बचे हुए दुकानदारों के पास पांच फरवरी तक का समय है। छह फरवरी से सभी दुकानों को तोड़कर जगह खाली कराई जाएगी। देर शाम के बाद से रात तक दुकानों के सामने व्यापारी अपनी वर्षों पुरानी दुकानों को टूटते देखते रहे। हालांकि, उन्हें भी पता था कि ये दुकानें सरकारी हैं और एक न एक दिन खाली करनी पड़ सकती हैं।

लेकिन, इन दुकानों से व्यापारियों का वर्षों से जुड़ाव होने की वजह से ये बेबस नजरों से अपनी दुकान का टूटने का इंतजार करते रह गए। नगर निगम की टीम ने शनिवार की देर रात कार्रवाई शुरू की। पहले से खाली हो चुकी दुकानों पर व्यापारियों की सहमति के साथ नगर निगम की प्रवर्तन दल की टीम ने दुकानों को तोड़ने का काम शुरू किया।

हालांकि, इसी बीच नगर निगम की इस कार्रवाई का कई दुकानदारों ने विरोध करते हुए नगर निगम प्रशासन पर आरोप लगाया कि तोड़ी गई दुकानों से अभी वह पूरा सामान नहीं निकाल सके थे। उनका कहना है कि रविवार की सुबह मुख्यमंत्री से मिलकर वह मामले की शिकायत करेंगे। उधर, अपर नगर आयुक्त निरंकार सिंह का कहना है कि आरोप बेबुनियाद है। जिनकी दुकानें खाली हो चुकी थीं, सिर्फ उन्हें ही तोड़ा गया है।

इसे लेकर टीम की तरफ से बाजार में पिछले एक सप्ताह ने चिन्हांकन, सूचना और नोटिस चस्पा की कार्रवाई भी शुरू कर दी गई थी।बताया कि छह फरवरी से मल्टीलेवल पार्किंग के निर्माण के लिए बाकी बची सभी दुकानों को तोड़ने का काम शुरू हो जाएगा।

**रात में पहुंची टीम:** बंधु सिंह पार्क में निर्माण की जद में 40 दुकानें आ रही हैं, जो दो हिस्सों में हैं। नगर निगम के मुताबिक, एक हिस्से में करीब 20 दुकानें खाली हो चुकी थीं। उन्हीं को तोड़ने का काम शुरू हुआ है।

### काशी में किसान मेले का शुभारंभ

# कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही बोले, अब किसान उद्यमी बनने की ओर अग्रसर

**वाराणसी, एजेंसी।** प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि देश की आत्मनिर्भरता में किसानों का अहम योगदान है। तकनीक और उनके मेहनत के बदलौती ही हम खाद्यन्न में आत्मनिर्भर होने के साथ निर्यात कर रहे हैं। वाराणसी से 15 माह में आठ सौ मीट्रिक टन फल, सब्जियों का निर्यात कर चुके हैं। आज किसान उद्यमी बनने की ओर अग्रसर हैं। शाहंशाहपुर स्थित भारतीय सब्जी अनुसंधान संस्थान में तीन दिवसीय पूर्वोत्तर भारत के लिए लगे किसान मेले के उद्घाटन पर उन्होंने यह विचार रखे। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक और प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध राज्य है। इसलिए यहां विकास की संभावनाएं ज्यादा हैं। इसलिए किसान बदलते जलवायु के अनुकूल खेती पर जोर दें। इसके लिए कृषि संसाधनों में हो रहे शोध व अनुसंधान का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि



प्रदेश सरकार कृषि एवं किसान उपयोगी कार्यों को विस्तार दे रही है। प्रदेश में 23 सौ एफपीओ विकास कर रहे हैं। दिसंबर तक एक लाख सोलर पंप किसानों को दिया जाएगा। कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय खुलेगा।केवीके की स्थापना, विपणन प्रणाली में व्यापक सुधार, खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ाया जा रहा है। विशिष्ट अतिथि आइसीएआर पूर्व सचिव एवं महानिदेशक डॉ. मंगला राय ने कहा कि पहले जितना आज भी खेती हो रही है, मगर सरकार की सफल रणनीति से हम समृद्ध हो रहे हैं। कृषि से 55 फीसदी आबादी का जीवन यापन और जीडीपी में 15 प्रतिशत योगदान का है। उन्होंने सेकेंडरी एग्रीकल्चर, जैविक फार्मिंग, सूक्ष्मजीवों के प्रसार पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन के प्रभावों, जैविक उत्पादों, खाद्यान्न भंडारण, कृषि विपणन, प्रसंस्करण एवं कृषि से स्वरोजगार जैसे मुद्दों पर चिंतन की जरूरत है, तभी इससे निपट सकते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. तुषार कांति बेहेरा ने संस्थान द्वारा किसानों की हितों में लगातार कार्य किए जाने पर जोर दिया। आइसीएआर के उप महानिदेशक डॉ. यूएस गौतम, सहायक महानिदेशक डॉ. सुधाकर पांडेय ने भी किसानों से संवाद किया और वर्त्तमान चुनौतियों से अवगत कराने के साथ इससे निपटने के तरीके भी बताए।

**प्रदेश में खुलेगा आलू का अंतरराष्ट्रीय संस्थान:** कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि प्रदेश में जल्द ही आलू का एक और अंतरराष्ट्रीय संस्थान आगरा में खोला जाएगा। इसके लिए प्रदेश और केंद्र सरकार के बीच सहमति बन गई है। 10 एकड़ जमीन की तलाश कर ली गई है। वहीं, कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय भी खुलेगा। इसके लिए बजट भी बन गया है। मेले के उद्घाटन के पूर्व पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने इसी माह में कृषि यंत्रों की सब्सिडी भेज दी जाएगी। साथ ही सोलर पंप के लिए ऑनलाइन आवेदन की एक सप्ताह की तिथि और बढ़ा दी गई है। किसान अगले सोमवार तक भर सकते हैं। मंत्री ने बताया कि रबी सीजन में इस बार गेहूं के साथ चना, सरसो और मसूर की भी खरीद होगी।

### बाप ने पार की हदें: गोरखपुर में पिता पर मासूम बेटी से दुष्कर्म का केस, हिरासत में

**गोरखपुर , एजेंसी।** गोरखपुर जिले में खोराबार थाना क्षेत्र के एक गांव में पिता पर आठ वर्षीय बेटी से दुष्कर्म का आरोप लगा है। पत्नी का आरोप है कि नशे में धुत पति ने बेटी संग दुष्कर्म किया। पुलिस ने मासूम की मां की तहरीर पर दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट की धारा में केस दर्ज कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है।

सूचना के बाद सीओ मौके पर पहुंचे और जांच की। उधर, गांव में कुछ और ही चर्चा है। बताया जा रहा है कि पति-पत्नी के रिश्ते ठीक नहीं होने की वजह से केस दर्ज कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, दंपती की आठ वर्षीय बेटी है। सभी साथ में रहते हैं। पत्नी का आरोप है कि ट्रक चालक पति, शराब पीने का आदी है। नशे में धुत पति ने बृहस्पतिवार रात मासूम बच्ची से दुष्कर्म किया। जिस समय घटना हुई, वह सो रही थी। बच्ची के चीखने-रोने की आवाज सुनने पर उसकी आंख खुली तो पति की हरकत देखकर दंग रह गई। इस दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। महिला ने घटना की सूचना पुलिस को दी। शुक्रवार को जांच के लिए एएसपी/सीओ राहुल भाटी को मौके पर भेजा गया। महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया। मामले को लेकर गांव में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। चर्चा है कि ट्रक चालक को उसकी पत्नी ने गलत फंसाया है। इसके पीछे वजह है कि महिला का एक युवक से संबंध है। पति ने दोनों को पकड़ लिया, जिसके बाद केस दर्ज कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### गुरुग्राम में डकैती, बिल्डर के गोदाम से लाखों रुपए का सामान लेकर भागे बदमाश

**नईदिल्ली, एजेंसी।** गुरुग्राम के सेक्टर 58 इलाके में डकैती का एक मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि करीब आधा दर्जन युवकों ने एक बिल्डर के गोदाम में डकैती की वारदात को अंजाम दिया। युवकों ने गुरुवार देर रात लाखों रुपए का बिजली का सामान लूट लिया। दरअसल, बदमाशों ने गोदाम के गार्डों को बंधक बना लिया और सारा सामान पिकअप जीप में लाद कर फरार हो गए। रात भर गोदाम के दोनों गार्ड कमरे में बंद रहे। जानकारी के मुताबिक, कंपनी के मैनेजर ने बताया कि गुरुवार की आधी रात कुछ लोग दीवार कूदकर गोदाम के अंदर आए। गोदाम के अंदर घुसते ही बदमाशों ने सुरक्षा गार्ड सुरेश और विवेक को एक कमरे में बंद कर दिया। उसके बाद वे गार्ड से गोदाम की चाबियां लिए और गेट खोलकर सामान अपनी पिकअप जीप में भरने लगे। वे गोदाम से लाखों रुपए की लोहे की प्लेटें और तार चुराकर भाग गए। कंपनी के मैनेजर ने बताया कि डकैती करने आए आरोपी गोदाम में मौजूद दोनों गार्ड को एक कमरे में बंद कर दिए थे। जब अगली सुबह ड्यूटी करने दूसरे गार्ड गोदाम में पहुंचे तो उन्होंने देखा कि दोनों गार्ड कमरे के अंदर बंद हैं। इसके बाद उन लोगों ने गार्ड को कमरे से बाहर निकाला और अधिकारियों को इस बारे में सूचना दी। पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 395 (डकैती), 397 (मौत या गंभीर चोट पहुंचाने के प्रयास के साथ डकैती), 342 (गलत तरीके से बंधक) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। सेक्टर 56 पुलिस स्टेशन के साह इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने कहा कि आरोपियों के बारे में जानकारी एकत्र कर ली गई है और उन्हें जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### महिला ने साथी यात्री पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्पाइसजेट की फ्लाइट में एक बार फिर शर्मसार करने वाली घटना देखने को मिली है। कोलकाता से बागडोगरा जाने वाली एक फ्लाइट में सवार महिला ने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया है। पुरुष यात्री पर महिला से छेड़छाड़ का आरोप कैरियर के प्रवक्ता के अनुसार, घटना के बाद केबिन क्रू ने पुरुष यात्री की सीट बदल दी। कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि 31 जनवरी को जब स्पाइसजेट की उड़ान एसजी 592 कोलकाता से बागडोगरा जा रही थी, तब एक महिला यात्री के साथ एक घटना घटी, जिसने अपने सह-यात्री पर अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। इसके बाद केबिन क्रू ने स्थिति को संभालते हुए तुरंत हस्तक्षेप किया और साथी यात्री की सीट बदल दी। हालांकि, आरोपी सह-यात्री ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है। एयरलाइन ने कहा कि आरोपी सह-यात्री द्वारा सीआईएसएफ कर्मचारियों की उपस्थिति में माफी मांगने के बाद महिला यात्री बिना कोई लिखित शिकायत दर्ज किए बागडोगरा हवाई अड्डे से चली गई। बागडोगरा हवाईअड्डे पर पहुंचने पर दोनों यात्रियों को स्पाइसजेट सुरक्षा कर्मचारियों द्वारा सीआईएसएफ अधिकारियों तक एस्कॉर्ट किया गया। महिला यात्री ने सह-यात्री के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर, आरोपी सह-यात्री ने सीआईएसएफ स्टाफ की उपस्थिति में माफी मांगी।

### महाराष्ट्र पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने ऑपरेशन को दिया अंजाम

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाराष्ट्र पुलिस और सैन्य खुफिया विभाग ने संयुक्त रूप से शुक्रवार को खुले बाजार में भारतीय सेना की नई काम्बैट नकली वर्दी के निर्माण और बिक्री में शामिल दिल्ली स्थित एक गिरोह का पर्दाफाश किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि गिरोह का सरगना दिल्ली और राजस्थान से जुड़ा हुआ है। दक्षिणी कमान, सैन्य खुफिया, पुणे द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर शुक्रवार को अहमदनगर में भिंगार पुलिस ने आनंद नगर, नासिक के निवासी सुरेश खत्री को गिरफ्तार किया, जिसके अहमदनगर कैंट परिसर से नए पैटर्न की 40 नकली काम्बैट यूनिफार्म पाई गईं। जांच में यह भी सामने आया कि लड़ाकू पैटर्न की वर्दी की अवैध बिक्री का बड़ा रैकेट खुले बाजार में चलाया जा रहा है। आरोपित ने रैकेट में शामिल दिल्ली और राजस्थान से भी कुछ लोगों के नामों का पर्दाफाश किया है।

# बागेश्वर धाम बाबा की किताब सनातन धर्म क्या है का विमोचन, मनोज तिवारी भी रहे मौजूद



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने सनातन को लेकर एक पुस्तक लिखी है। शनिवार को दिल्ली में इस किताब का विमोचन हुआ। दिल्ली के कांस्टीट्यूशनल क्लब ऑफ़ इंडिया में एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए धीरेंद्र शास्त्री ने मंच से इस पुस्तक का विमोचन किया। पुस्तक विमोचन के इस कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन के संत चिन्मयानन्द जी, राज्यसभा सांसद व भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी, दिल्ली बीजेपी पूर्व अध्यक्ष व सांसद मनोज तिवारी व बीजेपी नेता नीलकांत बक्शी मौजूद रहे।

किताब का नाम सनातन धर्म क्या है। बताया जा रहा है कि इस पुस्तक को लिखने में लगभग दो साल लग गए हैं। कार्यक्रम में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बागेश्वर पीठाधीश्वर ने कहा कि यह किताब कोयंबटूर के 5 दिन के एकांतवास में लिखी गई है और वह देश भर में हो रही लव जिहाद जैसी घटनाओं से आहत थे इसलिए यह किताब लिखने का उनके मन में विचार आया...बाबा बागेश्वर ने कहा कि सनातन धर्म के सब हैं और सनातन धर्म सबका है क्योंकि अकेले सनातन धर्म में भगवान कृष्ण ने कहा है कि मैं ईश्वर हूं बाकी किसी मत या संप्रदाय के प्रमुख ने अपने को या तो ईश्वर का दूत कहा है या फिर ईश्वर का पुत्र..बाबा बागेश्वर ने दावा किया कि उनके द्वारा लिखित पुस्तक पढ़ने के बाद सनातन धर्म के लाखों विरोधियों के बीच आप ललकार कर बता पाएंगे कि हमारे धर्म में यह विशेषताएं हैं ऐसे में यह पुस्तक अवश्य पढ़ी जानी चाहिए।

बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री दिल्ली के भजनपुरा में राम कथा कही। दो फरवरी को बाबा बागेश्वर धाम का दिव्य दरबार लगाया गया। कथा से एक दिन पहले दिन महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हनुमंत कथा का पाठ किया। छठी मैया और मृदुल फाउंडेशन के सहयोग से पूर्वी दिल्ली में इसका आयोजन किया गया है।

बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 4 फरवरी तक रोज दिल्ली के भजनपुरा क्षेत्र में स्थित करतारनगर में चौथा पुस्ता के पास होगी। कथा के लिए लगाए गए पंडाल में 70 हजार भक्तों के एक साथ बैठने की व्यवस्था की गई है। कथा करने के लिए बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री दिल्ली में हैं। बता दें कि बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री की कथा में सबसे महत्वपूर्ण आकर्षण बाबा के दिव्य दरबार का होता है। दिल्ली के भजनपुरा में शुरू हुई बाबा बागेश्वर धाम की कथा में दो फरवरी को दिव्य दरबार लगाया गया। दिव्य दरबार के दिन बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री भक्तों के पर्चे निकालकर उनकी समस्याओं का समाधान करते हैं। बताया जाता है कि एक कथा के आयोजन के लिए बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री 21 लाख रूपये फीस के रूप में वसूल करते हैं। कथा के लिए ली जाने वाली 21 लाख रूपए की फीस बाबा बागेश्वर धाम वाले धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री दक्षिणा का नाम देते हैं।

## कलर्स सागर में प्यार की मशाल लेकर आया

**सागर , एजेंसी।** एक बार फिर से प्यार की दुनिया में खो जाइए क्योंकि भारत के अग्रणी एचजीईसी कलर्स ने रात 9:30 बजे से 11 बजे तक अपने प्राइम-टाइम स्लॉट को दिल जीत लेने वाली तीन प्रेम कहानियां प्रसारित करके एक रोमांटिक महोत्सव में बदल दिया है, जिनसे दर्शकों के दिल रोमांचित हो उठते हैं। तीन अलग-अलग प्रेम कहानियों से दर्शकों का नॉन-स्टॉप मनोरंजन करने के वादे के साथ, पहली प्रेम कहानी 'मेरा बलम थानेदार' है, जो दो विपरीत व्यक्तियों के बीच रोमांस का उतार-चढ़ाव भरा सफर है, और राजस्थान में नाबालिग विवाह की पृष्ठभूमि पर आधारित है जिसमें शगुन पांडे (वीर) व श्रुति चौधरी (बुलबुल) मुख्य भूमिकाओं में हैं। इसके बाद भारतीय इतिहास के पन्नों को फिर से लिखने वाली भव्य प्रेम कहानी 'प्रचंड अशोक' है जिसमें अदनान खान (सम्राट अशोक) और मल्लिका सिंह (राजकुमारी कौर्वकी) मुख्य भूमिका में हैं। तीसरा शो 'कयामत से कयामत तक' है, जो पुनर्जन्म पर आधारित एक सच्ची कहानी है जिसमें करम राजपाल (राज) और तृप्ति मिश्रा (पूर्णिमा) मुख्य भूमिका में हैं। शाश्वत प्रेम का उत्सव मनाते हुए, कलर्स ने एक मशाल जलाई है, जिसके साथ यह 'प्यार की मशाल' के अपने अभियान को आगे बढ़ाते हुए सागर पहुंचा है, जहां यह लौ एक? विजुअल प्रदर्शन के साथ दर्शकों के दिलों में प्यार की मशाल जलाएगी।

प्यार का जादू जीवंत हो उठा है क्योंकि एक अनोखी मूविंग वैन (कैंटर) उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश और गुजरात के प्रमुख शहरों की यात्रा करते हुए प्रेम का प्रसार कर रही है। यह मंत्रमुग्ध कर देने वाला कैंटर इन तीन शो में प्रदर्शित प्रेम की लौ को बढ़ाने के लिए सागर में रुका है। चैनल सागर के लोगों को सोमवार 5 फरवरी को गोपाल गंज, पोद्दार कॉलोनी, झांसी रोड और भगवान गंज में 'प्यार की मशाल' देखने के लिए आमंत्रित करता है। इस सफल गतिविधि में भाग लेने वाले भाग्यशाली विजेताओं को मुंबई जाने और शो की शूटिंग का अनुभव करने का मौका मिलेगा।

सड़क सुरक्षा कैलेण्डर और सड़क सुरक्षा पर आधारित डाटा बुक का मुख्यमंत्री ने किया विमोचन

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने परिवहन विभाग और परिवहन निगम के 122 अभ्यर्थियों को प्रदान किये नियुक्ति पत्र

- राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रैली का फ्लैग ऑफ किया
- 16 महिलाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण के बाद प्रदान किये ड्राइविंग लाइसेंस

सुनील तिवारी



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय स्थित मुख्य सेवक सदन में परिवहन निगम के अन्तर्गत चालक एवं परिचालक पद के लिए 106 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इन अभ्यर्थियों को मृतक आश्रित के रूप में परिवहन विभाग में नियुक्ति दी गई है। परिवहन विभाग के अन्तर्गत चयनित 16 सहायक लेखाकारों को भी मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्रदान किये। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सड़क सुरक्षा माह के अन्तर्गत राज्य स्तरीय सड़क सुरक्षा जन-जागरूकता रैली का फ्लैग ऑफ किया। इस अभियान के तहत सभी जनपदों में सड़क सुरक्षा के प्रति जन-जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने सड़क सुरक्षा कैलेण्डर और सड़क सुरक्षा पर आधारित डाटा बुक का विमोचन भी किया। 16 महिलाओं को परिवहन विभाग द्वारा निःशुल्क ड्राइविंग प्रशिक्षण देने के बाद मुख्यमंत्री ने उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस भी प्रदान किये। मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने पर परिवहन निगम और परिवहन विभाग के सभी अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपनी नौकरी की शुरूआत से ही अपने कर्तव्यों का ईमानदारी, सच्ची लगन और कड़ी मेहनत से निर्वहन करें। परिवहन सेवा को सुचारू रखने के लिए चालक और परिचालक का महत्वपूर्ण दायित्व होता है। उन्होंने कहा कि सरकारी सेवा में आत्म अनुशासन का होना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि नौकरी की शुरूआती चरण से ही अपनी नियमित दिनचर्या के साथ कार्य करना शुरू करेंगे, तो यही दिनचर्या आदत में शामिल हो जायेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में श्रद्धालुओं और पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। इनकी सुख-सुविधाओं को और बेहतर बनाने की भी परिवहन विभाग और परिवहन निगम पर बड़ी जिम्मेदारी है। इस दशक को उत्तराखण्ड का दशक बनाने के लिए हम सबको अपने-अपने क्षेत्रों में अहम योगदान देना है, सबके सहयोग से उत्तराखण्ड को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाने के लिए राज्य सरकार कृत संकल्प के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए सरकार द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से अनेक भर्ती प्रक्रियाएं गतिमान हैं। पिछले दो सालों में तेजी से भर्ती प्रक्रियाएं पूर्ण की गई हैं। सभी भर्तियां पूर्ण पारदर्शिता के साथ हों, इसके लिए राज्य में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया है। इस कानून के लागू होने के बाद तेजी और पूर्ण पारदर्शिता से सभी परीक्षाएं सम्पन्न हुई हैं। मुख्यमंत्री ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए निःशुल्क ड्राईविंग प्रशिक्षण दिलाने के लिए परिवहन विभाग के प्रयासों की सराहना भी की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, सचिव परिवहन अरविंद सिंह ह्यांकी, प्रबंध निदेशक परिवहन निगम डॉ. आनन्द श्रीवास्तव एवं परिवहन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

## एक-एक कर पूरी हो रही मोदी की गारंटी, नारायणपुर में सीएम साय ने दिया करोड़ों के विकास कार्यों का तोहफा



**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय नारायणपुर और महासमुंद जिले के दौरे पर रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सल प्रभावित जिले नारायणपुर के लिए करोड़ो रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी है। अपने एक दिवसीय दौरे में विष्णुदेव साय ने 108 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया है। इनमें से 86 करोड़ 12 लाख रुपए के काम क्षेत्र के विकास में खर्च किए जाएंगे। वहीं 22 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत से नए कामों का लोकार्पण किया गया है।

नारायणपुर में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत 1 करोड़ 28 लाख रुपए से 7 विकास कार्य होंगे। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के 4 करोड़ 61 लाख रुपए से 9 सोलर आधारित नल जल योजना, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के लिए 20 लाख रुपए की लागत से सर्व कुर्मी क्षत्रीय समाज भवन, जनपद पंचायत ओरछा के अंतर्गत साढ़े 6 लाख रुपए लागत के 03 कार्य, जनपद पंचायत नारायणपुर के अंतर्गत 75 लाख रुपए लागत के 04 कार्य, जल संसाधन विभाग के अंतर्गत 01 करोड़ 94 लाख रुपए लागत के 04 कार्य और क्रेडा की मदद से 13 करोड़ 82 लाख रुपए लागत से स्थापित 88 सोलर ड्यूल पम्प जनता को भेंट किए जाएंगे। आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का नारायणपुर का सीएम बनने के बाद पहला दौरा था। इस दौरान सीएम साय के नारायणपुर पहुंचने पर पारंपरिक तरीके से सीएम विष्णुदेव साय का स्वागत किया गया।

## नाश्ता नहीं मिलने पर नाबालिग बेटे ने की मां की हत्या, फिर पुलिस के सामने किया सरेंडर

**बेंगलुरु।**
बेंगलुरु में एक नाबालिग लड़के ने नाश्ता नहीं मिलने पर अपनी मां की हत्या कर दी। हत्या के बाद उसने खुद को थाने में जाकर सरेंडर किया। नाबालिग का कहना है उसकी मां अच्छे से उसकी देखभाल नहीं करती थी, जिस वजह से उसने मां की हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि ये घटना केके पुरम की है, जहां शुक्रवार सुबह बहस के बाद एक नाबालिग लड़के ने 40 वर्षीय मां को मार दिया। पुलिस ने बताया कि घटना सुबह करीब साढ़े सात बजे हुई, जब घर पर कोई नहीं था।

पुलिस के अनुसार, छात्र की उम्र 17 साल है और डिप्लोमा कर रहा है। उसने अपनी मां के सिर पर एक रॉड से हमला किया और फिर पुलिस स्टेशन जाकर सरेंडर कर दिया।

पुलिस ने बताया कि पूछताछ में लड़के ने बताया कि उसकी मां उसकी अच्छे से देखभाल नहीं करती थी और न ही उसे ठीक से खाना देती थी। नाबालिग ने कहा कि शुक्रवार की सुबह जब वह कॉलेज के लिए निकल रहा था, तो उसकी मां ने उसे किसी बात पर डांटा, जिसके बाद उनके बीच बहस हुई। बहस के दौरान ही लड़के ने गुस्से में आकर एक रॉड से मां के सिर पर हमला कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई।

इस मामले पर पुलिस ने बताया कि फिलहाल लड़के के दावों की जांच की जाएगी। हमने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है और लड़के को हिरासत में ले लिया है। पुलिस के मुताबिक, लड़के की बड़ी बहन जॉर्जिया में मेडिकल की पढ़ाई कर रही है।

## ऑनलाइन ठगी का शिकार हुई महिला, स्टॉक मार्केट और गेमिंग में किया 3.16 करोड़ निवेश

**हैदराबाद।** हैदराबाद साइबर क्राइम पुलिस ने ट्रेडिंग धोखाधड़ी के मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने स्टॉक मार्केट में निवेश करके हाई रिटर्न हासिल करने की आड़ में महिला को धोखा दिया था।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्वयं तिमानिया, मीत तिमानिया, ब्रजेश पटेल, हर्ष पंड्या और शंकर लाल के रूप में हुई है।

हैदराबाद पुलिस के अनुसार, नवंबर 2023 में हैदराबाद के निवासी महिला से एक शिकायत मिली थी। उसने बताया कि आरोपी व्यक्ति ने उससे संपर्क किया और यूनिटी स्टॉक नामक कंपनी में 100 प्रतिशत उच्चतम रिटर्न के साथ शेयर बाजार में निवेश करने पर जोर दिया। इसके बाद उसने स्टॉक मार्केट और ऑनलाइन गेमिंग कंपनी डैफाबेट, टी20 आईपीएल में पैसे जमा करने के लिए कहा।

पीड़िता के अनुसार, उसने आरोपी की बात में आकर इन जगहों पर निवेश कर दिया। आरोपियों की तरफ से आश्वासन दिया गया था कि अगर वह अधिकतम पैसा निवेश करती हैं तो उन्हें निवेश की गई राशि का न्यूनतम 30 प्रतिशत रिटर्न मिल सकता है। पीड़िता ने आरोपी द्वारा उपलब्ध कराए गए बैंक खातों में 3.16 करोड़ करोड़ रुपये निवेश किया था।

पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत के बाद साइबर क्राइम पुलिस एक्शन में आई और उन्होंने अलग-अलग धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। इस मामले में एक आरोपी रौनक तन्ना को 31 दिसंबर, 2023 को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कहा कि पहले गिरफ्तार किए गए आरोपी के खुलासे के बाद सभी पांच आरोपियों को अहमदाबाद और गांधी नगर से गिरफ्तार किया गया है, जो मुख्य आरोपी अर्जुन और युग की मदद कर रहे थे।

## नारायणपुर में जवानों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़, 2 माओवादी ढेर

**नारायणपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में एक बार फिर जवानों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में जवानों ने नक्सलियों पर गोलीबारी करते हुए 2 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। वही जवानों ने दोनों नक्सलियों के शव को भी बरामद किया है। मुठभेड़ में मारे गए यह दोनों नक्सली की अब तक पहचान नहीं हो पाई है। वहीं घटना स्थल से जवानों को 2 रायफल भी मिला है, जिसे जप्त कर लिया गया है। बतादें कि अबूझमाड़ के गोमागाल जंगल में जवानों की टीम हमेंशा कि तरह सर्चिंग के लिए नकली हुई थी। जंगल के अंदर जैसे ही जवानों की टीम जाने लगी उन्हें नक्सलियों के होने की आहट मिली। जिसके बाद जवानों ने सतर्कता बरतते हुए नक्सलियों को घेरना शुरु कर दिया। वहीं दूसरी तरफ जैसे ही नक्सलियों को जवानों के आने की भनक मिली उन्होंने अंधाधुंध फायरिंग करना शुरु कर दिया। जवाब में जवानों ने भी नक्सलियों पर गोली चलाई है। घंटों तक चली इस गोलीबारी के बाद नक्सली उल्टे पैर भाग गए। वहीं जब जवानों ने इलाके में सर्चिंग की तो घटना स्थल से दो नक्सलियों के शव के साथ 2 रायफल भी बरामद किया है। वहीं आज छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री [illegible]देव साय का नारायणपुर का दौरा था।

## ...तो बन गई होती हमारी सरकार, डोटासरा ने राजस्थान विधानसभा चुनाव में गिनाई कांग्रेस की खामियां

**जयपुर , एजेंसी।**
कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने शनिवार को कहा कि यदि प्रदेश नेतृत्व ने विधानसभा चुनाव में कुछ और वांछित टिकट दिलवा दिए होते तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार दोबारा बन गई होती। डोटासरा ने स्वीकार किया कि कुछ नेताओं के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर थी, इसके बावजूद उन्हें टिकट मिल गया। इसकी वजह से कांग्रेस राज्य में दोबारा सरकार बनाने में असफल रही। हम स्टैंड लेने में असफल रहे। पीसीसी चीफ बाड़मेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाता को संबोधित कर रहे थे।



जब डोटासरा से पूछा गया कि क्या वह उम्मीदवारों के चयन के संबंध में उनकी प्रतिक्रिया को नजरअंदाज करने के लिए कांग्रेस आलाकमान को दोषी ठहरा रहे हैं। इस पर डोटासरा ने स्पष्ट किया कि यह उनकी गलती थी कि वे जमीनी स्थिति का ठीक से आकलन करने में विफल रहे। कुछ नेताओं के खिलाफ सत्ता विरोधी लहर थी लेकिन उन्हें टिकट मिल गया और राज्य नेतृत्व कोई स्टैंड लेने में विफल रहा... सब कुछ ठीक था, योजनाएं बढ़िया थीं, शासन ठीक था। इसके बावजूद हम सरकार दोबारा बनाने में असफल रहे क्योंकि हमने समय पर स्टैंड नहीं लिया।

कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि इस बार पार्टी कार्यकर्ताओं के फीडबैक को प्राथमिकता दे रही है। इसके लिए कांग्रेस नेता सीधे कार्यकर्ताओं से मिलकर फीडबैक ले रहे हैं। आम चुनाव में उम्मीदवारों का चयन पूरी तरह से कार्यकर्ताओं के सुझाव पर आधारित होगा। इसके साथ ही डोटासरा ने बीजेपी पर हमला बोलते हुए कहा कि ईडी से पूछा जाना चाहिए कि क्या सिर्फ वही लोग भ्रष्ट हैं जो कांग्रेस के साथ हैं। क्या भाजपा के पास नेताओं को साफ करने वाली वॉशिंग मशीन है? कांग्रेस नेताओं ने कहा कि महाराष्ट्र और बिहार इस बात के उदाहरण हैं कि उनकी पार्टी में आने वाले लोग बेदाग हैं, जबकि दूसरी पार्टियों में आने वाले लोग भ्रष्ट हैं।

गौरतलब है कि एक दिन पहले प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने बीकानेर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए भी यही विचार साझा किए थे। रंधावा का कहना था कि डोटासरा और मैं कुछ नेताओं को टिकट देने से इनकार करना चाहते थे, लेकिन हम ऐसा नहीं कर सके। हम स्टैंड लेने में असफल रहे। यदि हमारे फैसले पर अमल किया गया होता तो राजस्थान में कांग्रेस की सरकार बन गई होती।

इंडिया वर्सेस इंग्लैंड



## 10वां इंटरनेशनल शतक लगाकर

# गिल ने तोड़ा सहवाग और युवराज का रिकॉर्ड

## इंग्लैंड के खिलाफ खेली 104 रन की पारी

**विशाखापटनम, एजेंसी।** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने भारत के लिए दोहरा शतक लगाया था तो वहीं दूसरी पारी में शुभमन गिल ने मुश्किल स्थिति में शतकीय पारी खेली। गिल के टेस्ट क्रिकेट करियर का यह तीसरा शतक था तो वहीं यह इंग्लैंड टीम के खिलाफ उनका पहला टेस्ट शतक रहा। इसके अलावा गिल ने भारतीय धरती पर तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट क्रिकेट में 7 साल के बात शतक लगाने का भी कमाल किया। गिल के इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का यह 10वां इंटरनेशनल शतक था और उन्होंने वीरेंद्र सहवाग, युवराज सिंह और रवि शास्त्री का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया।

### गिल ने तोड़ा शास्त्री, सहवाग और युवराज का रिकॉर्ड

शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ विजाग टेस्ट मैच की दूसरी पारी में इंग्लैंड टीम के खिलाफ 147 गेंदों पर 2 छक्के और 11 चौकों की मदद से 104 रन की पारी खेली। यह उनके इंटरनेशनल क्रिकेट करियर का 10वां शतक था और उन्होंने शास्त्री, सहवाग और युवराज का रिकॉर्ड एक साथ तोड़ दिया। भारत के लिए 24 साल की उम्र में गिल ने 10वां इंटरनेशनल शतक लगाया जबकि शास्त्री, सहवाग और युवराज सिंह ने इस उम्र में 9-9 शतक लगाए थे। भारत के लिए 24 साल की उम्र में सबसे ज्यादा इंटरनेशनल शतक सचिन तेंदुलकर ने लगाए थे।

### 24 साल की उम्र में भारत के लिए सर्वाधिक अंतर्राष्ट्रीय शतक

30 – सचिन तेंदुलकर
21 – विराट कोहली
10 – शुभमन गिल
9 – रवि शास्त्री
9 – वीरेंद्र सहवाग
9 – युवराज सिंह

गिल ने भारत में लगाया डब्ल्यूटीसी का दूसरा शतक

गिल ने वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत में खेलते हुए दूसरा शतक लगाया। इंग्लैंड के खिलाफ 104 रन की जो उन्होंने पारी खेली वह टेस्ट चैंपियनशिप में भारत में लगाया उनका दूसरा शतक था। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में भारत के लिए भारत में सबसे ज्यादा शतक रोहित शर्मा (5) ने लगाया है जबकि मयंक अग्रवाल इस लिस्ट में 4 शतक के साथ दूसरे नंबर पर हैं।

### भारत में भारत के लिए डब्ल्यूटीसी में सर्वाधिक शतक

5 – रोहित शर्मा
4 – मयंक अग्रवाल
3 – विराट कोहली
2 – शुभमन गिल



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

## अय्यर के लिए समस्या हुई खड़ी, भारत की टेस्ट टीम से कट सकता है पत्ता

**विशाखापट्टनम, एजेंसी।** दूसरे टेस्ट मैच से पहले जिन दो खिलाड़ियों को भारत की प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप किए जाने की बात हो रही थी उनमें एक शुभमन गिल थे और दूसरे श्रेयस अय्यर। गिल ने तो फिलहाल के लिए अपनी पोजिशन पक्की कर ली है, लेकिन श्रेयस अय्यर के लिए समस्या खड़ी हो गई है। शुभमन गिल ने विशाखापट्टनम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में खबर लिखे जाने तक अर्धशतक जड़ दिया, लेकिन श्रेयस अय्यर फिर से फेल रहे। ऐसे में अब उनको प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप किया जा सकता है, क्योंकि उनकी फॉर्म पिछले कई मैचों से टेस्ट क्रिकेट में खराब चल रही है।

शुभमन गिल अभी तक खराब फॉर्म से गुजर रहे थे, लेकिन दूसरे टेस्ट मैच में उन्होंने अर्धशतक जड़ा और इससे उनकी तो कुर्सी बच गई, लेकिन श्रेयस अय्यर 29 रन बनाकर आउट हो गए। पहली पारी में उन्होंने 27 रन बनाए थे। ऐसे में तीसरे टेस्ट मैच में उनको शायद बाहर बैठना पड़ सकता है। अगर विराट कोहली की वापसी होती है तो निश्चित तौर पर श्रेयस अय्यर बाहर होंगे, क्योंकि वे नंबर चार पर खेल रहे हैं और लगातार रन बनाने में सफल हो रहे हैं। उनके बल्ले से शतक तो करियर के पहले ही टेस्ट मैच में आया था, लेकिन दूसरे शतक तक अभी वे एक बार भी नहीं पहुंचे। इतना ही नहीं, श्रेयस अय्यर के बल्ले से टेस्ट मैच में अर्धशतक 22 दिसंबर 2022 को आया था। इसके बाद से उन्होंने एक भी फिफ्टी टेस्ट क्रिकेट में नहीं जड़ी। पिछली 14 पारियों में उनका सर्वाधिक स्कोर 35 रन है। यही कारण है कि उनको प्लेइंग इलेवन से ड्रॉप किया जा सकता है, क्योंकि अगले मैच में केएल राहुल भी वापसी कर सकते हैं, जो चोट के कारण दूसरे मैच से बाहर हो गए थे। हालांकि, श्रेयस अय्यर ने इस टेस्ट सीरीज की चारों पारियों में शुरुआत हासिल की, लेकिन स्पिनरों पर अटैक करने के लिए जाते समय उनको अपना विकेट गंवाना पड़ा है। उनका औसत टेस्ट में 37 से भी नीचे आ गया है।

# भारत ने इंग्लैंड को दिया 399 का टारगेट

अश्विन ने भारत को दिलाया पहला विकेट, डकेट आउट



भारत ने 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दूसरे मुकाबले में इंग्लैंड को 399 रन का टारगेट दिया है और तीसरे दिन का खेल समाप्त होते-होते दूसरी पारी में इंग्लैंड को 67 रन पर एक झटका भी दे दिया है। स्टंप्स पर जैक क्रॉले 29 और रेहान अहमद 9 रन पर नाबाद रहे। अभी इंग्लैंड को जीत के लिए 332 रन और बनाने हैं। बेन डकेट (28 रन) को रविचंद्रन अश्विन ने केएस भरत के हाथों कैच कराया। विशाखापट्टनम में रविवार को भारत ने दूसरी पारी में 28/0 से खेलना शुरू किया और 255 रन बनाए। शुभमन गिल ने 104 और अक्षर पटेल ने 45 रन की पारी खेली। इंग्लैंड से टॉम हार्टले ने 4 और रेहान अहमद ने 3 विकेट लिए। भारत को पहली पारी के बाद 143 रन की बढ़त मिली थी। डॉ वायएस राजशेखर स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 396 और इंग्लैंड ने 253 रन बनाए।

स्टंप्स...इंग्लैंड का स्कोर 67/1, अभी 332 रन और बनाने हैं. आखिरी पारी में इंग्लैंड का स्कोर 67/1 है। स्टंप्स तक जैक क्रॉले 29 और रेहान अहमद 9 रन पर नाबाद हैं। इंग्लिश टीम को यह मैच जीतने के लिए 332 रन और बनाने हैं।

विकेटकीपर केएस भरत ने बेन डकेट का शानदार कैच पकड़ा। इंग्लैंड की दूसरी पारी के दूसरे ओवर में रविचंद्रन अश्विन ने भारत को पहली सफलता दिलाई। यहां बेन डकेट 28 रन बनाकर आउट हुए। अश्विन ने उन्हें विकेटकीपर केएस भरत के हाथों कैच कराया।



# विरुष्का के घर फिर गूँजने वाली है किलकारी, एबीडी ने किया खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** विराट कोहली के इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों में नहीं खेलने के कारण का खुलासा करते हुए दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान और उनके एक समय के रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम के साथी एबी डिविलियर्स ने बताया कि पूर्व भारतीय कप्तान और उनकी अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रही हैं। एबी डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो में कहा, ÷विराट कोहली और अनुष्का शर्मा अपने दूसरे बच्चे की उम्मीद कर रहे हैं, इसलिए विराट कोहली अपने परिवार के साथ समय बिता रहे हैं÷विराट और अनुष्का की शादी 11 दिसंबर 2017 को हुई थी। उनके घर पहली संतान - बेटी वामिका - 11 जनवरी 2021 को हुई।

कोहली ने हैदराबाद में श्रृंखला का पहला मैच शुरू होने से ठीक पहले इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैचों से अपना नाम वापस ले लिया था और कप्तान रोहित शर्मा तथा भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को सूचित किया था कि वह व्यक्तिगत कारणों से अपना नाम वापस ले रहे हैं।बीसीसीआई ने 22 जनवरी को एक विज्ञप्ति में बताया, विराट कोहली ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से इंग्लैंड के खिलाफ आगामी आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट सीरीज के पहले दो टेस्ट से हटने का अनुरोध किया है। ीसीसीआई के बयान में कहा गया है, विराट ने कप्तान रोहित शर्मा, टीम प्रबंधन और चयनकर्ताओं से बात की है और इस बात पर जोर दिया है कि देश का प्रतिनिधित्व करना हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है, लेकिन कुछ व्यक्तिगत स्थितियां उनकी उपस्थिति और पूरे ध्यान की मांग करती हैं।÷उनके हटने के बाद से सोशल मीडिया पर उनके फैसले के कारणों के बारे में अटकलें लगाई जा रही हैं। कुछ लोगों ने अनुमान लगाया कि वह और अनुष्का एक और बच्चे की उम्मीद कर रहे थे, जबकि अन्य ने अनुमान लगाया कि वह अपने परिवार में एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या के कारण टीम से दूर रह रहे हैं।

कोहली और अनुष्का ने चुप्पी साध रखी थी और भारतीय टीम तथा बीसीसीआई के सदस्यों को भी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने भी गोपनीयता बनाए रखी। लेकिन एबी डिविलियर्स ने आखिरकार शनिवार को अपने यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो पोस्ट में राज खोल दिया।नवीनतम पोस्ट में, डिविलियर्स ने बताया कि कैसे उन्होंने कोहली को उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछने के लिए फोन किया था और उन्हें बताया गया था कि वह इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट से दूर रह रहे हैं क्योंकि वह अपने परिवार के साथ रहना चाहते थे क्योंकि यह उनके लिए एक महत्वपूर्ण समय है।

वीडियो में एबी डिविलियर्स ने कहा, ÷उन्होंने सिर्फ इतना कहा आप कैसे हैं, अभी मुझे अपने परिवार के साथ रहने की जरूरत है। परिवार और चीजें जो आपके लिए महत्वपूर्ण हैं और यदि आप स्वयं के प्रति सच्चे और वास्तविक नहीं हैं तो आप यह भूल जाते हैं कि आप यहाँ किसलिए हैं, आप इस धरती पर किसलिए हैं और आपका उद्देश्य क्या है। मुझे लगता है कि हममें से अधिकांश लोग यहाँ परिवार के लिए हैं। डिविलियर्स के इस खुलासे ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, हालांकि विराट कोहली और अनुष्का शर्मा दोनों ने इस मुद्दे पर चुप्पी जारी रखी है।

# केन विलियमसन ने तोड़ा सर डॉन ब्रैडमैन और विराट कोहली का रिकॉर्ड



**ओवल, एजेंसी।** न्यूजीलैंड की टीम के दिग्गज बल्लेबाज केन विलियमसन ने ऑस्ट्रेलिया के महान बल्लेबाज सर डॉन ब्रैडमैन और भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया है। केन विलियमसन टेस्ट क्रिकेट में 30वां शतक लगाने के साथ ही ब्रैडमैन और विराट से आगे निकल गए हैं।

विराट कोहली और डॉन ब्रैडमैन ने टेस्ट क्रिकेट में 29-29 शतक जड़े हैं, जबकि केन विलियमसन ने अब 30वां शतक टेस्ट क्रिकेट में पूरा किया। रविवार को माउंट मॉनगनुई में केन विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 241 गेंदों में दो मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले में 30वां शतक पूरा किया। इसी के साथ वे विराट कोहली और ब्रैडमैन से आगे निकल गए। इतना ही नहीं, वे टेस्ट क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 30 शतक जड़ने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गए हैं। केन विलियमसन से पहले सचिन तेंदुलकर (159), स्टीव स्मिथ (162) और मैथ्यू हैडेन (167) ने ये कमाल किया है। केन विलियमसन न्यूजीलैंड के पहले ऐसे बल्लेबाज बन गए हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 30 या इससे ज्यादा शतक जड़ने का गौरव हासिल किया है।

कीवी टीम के लिए टेस्ट क्रिकेट में दूसरे सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले बल्लेबाज रॉस टेलर हैं, लेकिन उनके बल्ले से सिर्फ 19 शतक निकले हैं, लेकिन केन विलियमसन ने अब 30 शतक जड़ दिए हैं। विलियमसन पिछले काफी समय तक चोट से परेशान रहे हैं, लेकिन अब फिर से हर फॉर्मेट में खेल रहे हैं। विलियमसन ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ जारी पहले टेस्ट मैच में पहले दिन के खेल के बाद नाबाद लौटे हैं।

वे बड़ी पारियां खेलने के लिए फेमस हैं और मेहमान टीम की कमजोर गेंदबाजी के खिलाफ वे दूसरे दिन अपने शतक को दोहरे शतक में तब्दील कर सकते हैं। केन विलियमसन ने इस मैच में 241 गेंदों में शतक पूरा किया, लेकिन वे चाहेंगे कि दूसरे दिन रन गति को बढ़ाया जाए, क्योंकि अभी टीम 300 तक भी नहीं पहुंच पाई है।

## पैरा-एथलीट सुवर्णा राज के साथ इंडिगो की फ्लाइट में हुआ दुर्व्यवहार, कंपनी ने मांगी माफी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पैरा-एथलीट सुवर्णा शुक्रवार को नई दिल्ली से चेन्नई जा रही थी। इस दौरान क्रू मेंबर्स ने उनके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया। सुवर्णा का दावा है कि उनकी बात को अनसुना किया गया। भारतीय पैरा-एथलीट सुवर्णा राज के साथ इंडिगो की फ्लाइट में क्रू मेंबर्स द्वारा दुर्व्यवहार किया गया। इसकी जानकारी महिला खिलाड़ी ने खुद दी। सुवर्णा ने बताया कि उन्होंने एयरलाइंस से व्हीलचेयर मांगी, लेकिन किसी ने उनकी बात नहीं सुनी।

मामला सामने आने के बाद इंडिगो ने भारतीय खिलाड़ी से माफी मांगी है। उसने कहा कि कंपनी इसकी गहन जांच कर रही है। समाचार एजेंसी बात करते हुए सुवर्णा ने बताया, मैंने उनसे (इंडिगो एयरलाइंस) से 10 बार कहा कि मुझे फ्लाइट के दरवाजे पर मेरी पर्सनल व्हीलचेयर चाहिए, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। आप उन्हें कितनी बार भी, वे नहीं सुनते। इसके अलावा उन्होंने एक वीडियो भी जारी किया है।

### इंडिगो ने क्या कहा?

इंडिगो ने इस पूरे मामले पर बयान जारी किया है। उसने कहा, हम एक समावेशी एयरलाइन होने की अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हैं और इस मामले को तुरंत संबोधित करने के लिए समर्पित हैं। हम सुवर्णा राज के संपर्क में हैं और मामले की गहन जांच कर रहे हैं। हम ग्राहक अनुभव के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए समर्पित हैं और सुवर्णा राज को हुई असुविधा के लिए क्षमा चाहते हैं।

### क्या है पूरा मामला?

पैरा-एथलीट सुवर्णा शुक्रवार को नई दिल्ली से चेन्नई जा रही थी। इस दौरान क्रू मेंबर्स ने उनके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया। सुवर्णा का दावा है कि उनकी बात को अनसुना किया गया। इस संबंध में महिला खिलाड़ी के पति प्रदीप राज ने एक वीडियो जारी किया है। इसमें सुवर्णा ने इंडिगो के क्रू मेंबर्स पर बुरे बर्ताव का आरोप लगाया है।

सुवर्णा ने कहा, मैं इंडिगो के साथ यात्रा कर रही थी, मैंने दिल्ली हवाई अड्डे पर 10 बार कहा कि मुझे विमान के दरवाजे पर मेरी व्हीलचेयर चाहिए, लेकिन आप कितनी भी बार कहें, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता इंडिगो हो या कोई दूसरी एयरलाइंस, वे सुनते ही नहीं। उन्होंने मेरी व्हीलचेयर भी खराब कर दी। व्हीलचेयर की कीमत तीन लाख है और यह हमारी जरूरतों के हिसाब से बनाई गई है। अगर आप उनसे कुछ कहते हैं तो वे कहते हैं कि यह लगेज (सामान) के साथ में जाएगी।



# पीएसजी का साथ छोड़ रियाल मैड्रिड के साथ जुड़ेंगे किलियन एम्बाप्प

**नई दिल्ली, एजेंसी।** फ्रांस के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने अपना क्लब बदलने का फैसला कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार वह इस सत्र के अंत में पीएसजी का साथ छोड़ देंगे। वह रियाल मैड्रिड के साथ जुड़ सकते हैं। फ्रांस के स्टार फुटबॉल खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे अपना क्लब बदल सकते हैं। फ्रांसीसी मीडिया के अनुसार वह इस साल गर्मियों के बाद रियाल मैड्रिड से जुड़ सकते हैं।

गर्मियों में पेरिस सेंट जर्मन के साथ उनका अनुबंध खत्म हो रहा है। 25 वर्षीय एम्बाप्पे ने 2024-25 सीजन में रियाल मैड्रिड के लिए खेलते दिख सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार वह लगातार रियाल मैड्रिड के अधिकारियों के संपर्क में रहे हैं।

हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यह सौदा अभी तक पूरा नहीं हुआ है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि एम्बाप्पे पहले लिवरपूल क्लब में जाने के बारे में सोच रहे थे, लेकिन बाद में उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। अब वह अगर रियाल मैड्रिड में शामिल होते हैं तो क्लब के लिए यह अहम बात होगी। यह खबर ऐसे समय में आई है, जब एम्बाप्पे को कथित तौर पर टीम छोड़ने के बारे में कई संदेह थे, जिसे उन्होंने 2018 में पीएसजी के लिए मोनाको छोड़ने के बाद से अपना घर कहा है। एम्बाप्पे को पीएसजी ने 180 मिलियन यूरो में अपने साथ जोड़ा था। उन्होंने इस क्लब के लिए 288 मैचों में 241 गोल किए हैं।

अब पीएसजी बुधवार को फ्रेंच कप के अंतिम 16 में ब्रेस्ट से अपने घरेलू मैदान में भिड़ेगा। अगले शनिवार को लीग 1 में इस क्लब का मुकाबला लिली से होगा। एम्बाप्पे पिछले कुछ समय में दुनिया के सबसे बेहतरीन फॉरवर्ड खिलाड़ियों में शामिल रहे हैं। 2018 फीफा विश्व कप में फ्रांस को चैंपियन बनाने के बाद उन्होंने 2022 विश्व कप में भी अपनी टीम को फाइनल में पहुंचाया।

हालांकि, फाइनल में तीन गोल करने के बावजूद वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। उन्होंने गोल्डन बूट भी अपने नाम किया था, लेकिन खिताब नहीं जीत पाने का दुख उनके चेहरे पर साफ झलक रहा था। वह अगले विश्व कप में यह कसक मिटाना चाहेंगे।

# खेल मंत्रालय का बड़ा फैसला, भारतीय पैरालंपिक समिति को किया निलंबित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** खेल मंत्रालय ने बताया कि 28 मार्च 2024 को चुनाव कराने का पीसीआई का निर्णय उसके संविधान और खेल संहिता दोनों का उल्लंघन करता है, जो पदाधिकारियों के कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम एक महीने पहले चुनाव कराना अनिवार्य करता है। चुनाव के संचालन में जानबूझकर देरी के कारण निलंबन हुआ है। खेल मंत्रालय ने शनिवार (तीन फरवरी) को भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) को निलंबित कर दिया है। मंत्रालय ने यह फैसला समिति की चुनाव प्रक्रियाओं में अनियमितताओं के बाद लिया है। उसने यह कदम पिछली कार्यकारी समिति के कार्यकाल की समाप्ति के लगभग दो महीने बाद पीसीआई द्वारा चुनावों की घोषणा के बाद उठाया। मंत्रालय ने कहा कि यह भारतीय पैरालंपिक समिति के संविधान और खेल संहिता दोनों का उल्लंघन है। देश में पैरा-स्पोर्ट्स के लिए राष्ट्रीय खेल महासंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता प्राप्त भारतीय पैरालंपिक समिति (पीसीआई) का आखिरी चुनाव सितंबर 2019 में हुआ था। हालांकि, कानूनी जटिलताओं के कारण परिणाम 31 जनवरी 2020 तक घोषित नहीं किए गए थे। खेल मंत्रालय ने बताया कि 28 मार्च 2024 को चुनाव कराने का पीसीआई का निर्णय उसके संविधान और खेल संहिता दोनों का उल्लंघन करता है, जो पदाधिकारियों के कार्यकाल की समाप्ति से कम से कम एक महीने पहले चुनाव कराना अनिवार्य करता है। चुनाव के संचालन में जानबूझकर देरी के कारण निलंबन हुआ है। सरकारी परिपत्र और खेल संहिता के अनुसार, संविधान में निर्धारित चुनाव कराने में विफलता या सरकारी दिशानिर्देशों का अनुपालन न करना निलंबन का आधार है।

## भारत ने पाकिस्तान को हराकर विश्व ग्रुप-आई में प्रवेश किया



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** भारतीय टीम रविवार को यहां 60 साल बाद पड़ोसी देश की ऐतिहासिक यात्रा पर पाकिस्तान पर जीत के साथ डेविस कप 2024 के विश्व ग्रुप-आई में पहुंच गई। विश्व ग्रुप द्ध के दूसरे दिन के प्ले-ऑफ मुकाबले में 2-0 की बढ़त के साथ प्रवेश करते हुए, युकी भांबरी और साकेत मिनेनी की जोड़ी ने युगल मैच में अकील खान और मुजम्मिल मुर्तजा की देर से मिली चुनौती पर काबू पाकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भांबरी-मिनेनी की जोड़ी ने दो घंटे तक चले मुकाबले में पाकिस्तानी जोड़ी को हराकर 6-2, 7-6(7-5) से जीत दर्ज की। डेविस कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत की यह लगातार आठवीं जीत है। पहले दिन रामकुमार रामनाथन और श्रीराम बालाजी द्वारा दर्ज की गई एकल जीत के साथ, भारत ने 3-0 की अजेय बढ़त ले ली।

शनिवार को शुरुआती दिन, रामनाथन ने ऐसाम-उल-हक कुरेशी को 6-7(7-3), 7-6(7-4), 6-0 से हराया, जबकि श्रीराम बालाजी ने अकील खान पर सीधे सेटों में 7-5, 6-3 से जीत दर्ज की।

## एक नजर

### शराब के नशे में एक व्यक्ति गिरफ्तार

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** नवीनगर थाना क्षेत्र के बस स्टैंड सेंट्रल बैंक रोड निवासी निरंजन सिंह को पुलिस गश्ती के दौरान पिएसआई राजू कुमार एवं सशस्त्र बल के द्वारा शराब के नशे में घर के समीप से पकड़ा गया है थानाध्यक्ष मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उक्त व्यक्ति को रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच कराने के दौरान शराब पीने की पुष्टि होने पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई किया गया।

### खाली पड़े थानों में जल्द तैनात होंगे थानाध्यक्ष



**(औरंगाबाद) (का. सं.)।** औरंगाबाद जिले के विभिन्न थानों के थानाध्यक्ष और सर्किल इंस्पेक्टर के तबादले के बाद 25 से अधिक थाने खाली पड़े हैं। यहां थानाध्यक्ष नहीं हैं और उनकी जगह दूसरे पुलिस पदाधिकारी यहां का जिम्मा संभाल रहे हैं। दूसरे जिलों से स्थानांतरित होकर पुलिस पदाधिकारी यहां पहुंच रहे हैं और अगले एक से दो दिनों के भीतर पुलिस पदाधिकारी की तैनाती यहां कर दी जाएगी। औरंगाबाद की एसपी स्वप्ना गौतम मेश्राम ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिले के चार सर्किल इंस्पेक्टर, 25 थानाध्यक्ष और 87 सब इंस्पेक्टरों का तबादला किया गया है। इसके अलावा 268 की संख्या में पीटीसी सिपहियों का तबादला भी किया गया है। वर्तमान में मदनपुर थाना, बारूण, दाउदनगर, नगर थाना, मुफस्सिल, ओबरा, हसपुरा, अंबा, कुटुंबा, एनटीपीसी खैरा, नरारी कला खुर्द, माली, देव, सलैया, एससी-एसटी थाना, जम्होर, फेसर, पौथू, कासमा, देवकुंड, सिमरा, यातायात थाना, ढिबरा, टंडवा, रिसियप थाना के पुलिस पदाधिकारी का तबादला हो चुका है। इसके अलावा मदनपुर अंचल, दाउदनगर अंचल, मुफस्सिल और नवीनगर अंचल के सर्किल इंस्पेक्टर का तबादला अन्यत्र हुआ है। एसपी ने बताया कि दूसरे जिलों से पुलिस पदाधिकारी धीरे-धीरे योगदान दे रहे हैं। एक से दो दिनों के भीतर सभी पुलिस पदाधिकारी यहां योगदान देंगे। उसके बाद थानाध्यक्ष की तैनाती की जाएगी। एसपी ने बताया कि सभी पुलिस पदाधिकारियों की तैनाती के बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# सक्षमता परीक्षा फार्म न भरने का आह्वान

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** रविवार को बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई औरंगाबाद स्थित श्री कृष्णा नगर अहरी में राज्य संघ के आह्वान पर जिला सचिव अमिताभ रंजन तथा जिला अध्यक्ष सारंगधर सिंह की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गई। बैठक में बिहार सरकार के आदेश के अनुसार नियोजित शिक्षकों को सक्षमता परीक्षा हेतु फॉर्म नहीं भरने के खिलाफ संकल्प लिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष सारंगधर सिंह ने कहा कि सभी शिक्षकों को एकजुटता के साथ सरकार के आदेश का विरोध कर फॉर्म नहीं भरना है ,राज्य कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र कुमार उर्फ उमा बाबू द्वारा सरकार द्वारा निर्गत पत्र के बारिकियों को समझाते हुए बताया गया कि कोई भी सरकार द्वारा सरकारी कर्मी को परीक्षा के आधार पर सेवा से नहीं हटाया जा सकता है, इसी कड़ी में औरंगाबाद अनुमंडल सचिव इंद्रजीत कुमार सिंह द्वारा शिक्षकों को फॉर्म नहीं भरने का भी आह्वान किया जब तक सरकार नियमावली में ऐच्छिक का स्थानांतरण, ऑफलाइन परीक्षा आदि मुद्दों पर सकारात्मक संशोधन नहीं करती है। सदर अनुमंडल अध्यक्ष सैयद तफवीजुल हक ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार को इतना मजबूर कर दें कि वह आपकी मांगों को मानने पर विवश हो जाए । अंत में वरिष्ठ शिक्षक एवं जिला संघ के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त हुआ बैठक में प्रमंडल उपाध्यक्ष अशोक कुमार, पूर्व जिला अध्यक्ष हजारी सिंह, कृष्णा सिंह, कालिका सिंह, जिला मूल्यांकन परिषद सचिव अजीत कुमार सिंह, प्रवीण कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार सिंह, सरफराज आलम, राजेश पाठक, पंकज कुमार सुरेंद्र कुमार, अनीश कुमार सिंह,रेवती रमन सिंह, सत्येंद्र नारायण शर्मा इत्यादि बहुत से शिक्षक उपस्थित हुए।

# वीमेंस हेल्प डेस्क पर तैनात महिला पुलिसकर्मियों को मिला प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद की पुलिस अधीक्षक स्वपना गौतम मेश्राम के निर्देशन में रविवार को शहर के पुलिस केंद्र स्थित मनोरंजन भवन में जिले के विभिन्न थानों में महिला हेल्प डेस्क पर प्रतिनियुक्त महिला पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को उनके उद्देश्य एवं कर्तव्य की जानकारी हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। गौरतलब है कि महिलाओं के शिकायतों के निवारण एवं कानूनी सहायता हेतु थानों में महिला हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है, जहां घरेलू हिंसा या किसी भी तरह से पीड़ित महिलाओं की समस्याओं के समाधान हेतु महिला पुलिस कर्मी एवं पदाधिकारी तैनात हैं।

# लोस चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम ने किया झारखंड से सटे ईलाकों का भ्रमण

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** आगामी लोकसभा के मद्देनज़र औरंगाबाद के जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने रविवार को झारखंड से सटे क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इसी क्रम में सीमावर्ती क्षेत्र के मुख्य सड़क मार्ग पर बने चार उत्पाद चेक पोस्टों का भी भ्रमण एवं निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने चेक पोस्टों पर उपस्थित पदाधिकारियों को आवासन की आवश्यक सुविधा देने का निर्देश अधीक्षक, मद्यनिषेध को दिया। उन्होंने सभी चेक पोस्टों पर गहनता से जांच हेतु ट्राली की संख्या बढ़ाने का निर्देश भी दिया। साथ ही एरका चेक पोस्ट पर ओवरलोड वाहनों की जांच हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी को एक अधिकारी प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया। इस भ्रमण एवं निरीक्षण के क्रम में जिला परिवहन पदाधिकारी, परिवहन विभाग के अन्य पदाधिकारी, अधीक्षक मद्य निषेध एवं विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# क्रिकेट टूर्नामेंट के फाईनल में तिरंगा क्लब आंजन ने केताकी को हराया, बना विजेता

निज संवाददाता



**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर के छोटकी छेछानी में यादव क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में तिरंगा क्लब, आंजन विजेता रहा। वही क्रिकेट क्लब, केताकी उप विजेता रहा। दोनों टीमों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। विजेता टीम को जिला पार्षद शंकर यादव ने ट्रॉफी प्रदान किया। उपविजेता टीम को एएसआई दशरथ यादव ने शील्ड प्रदान किया। इस अवसर पर जिला पार्षद प्रतिनिधि बबलू पासवान, पैक्स अध्यक्ष पिंकू गुप्ता, समाजसेवी मो. फिरोज समेत कार्यक्रम में हजारों की संख्या में दर्शकों ने खेल का आनंद उठाया। इस मौके पर जिला पार्षद शंकर यादव ने कहा कि मदनपुर के सुदूरवर्ती इलाके में इस तरह के आयोजन से इस इलाके में छिपी प्रतिभा में निखार आएगा। हमारी शुभकामना है कि इस फील्ड पर खेलने वाले खिलाड़ी आगे चलकर भारतीय टीम में खेले और इलाके का नाम रोशन करें।

### सीडीपीओ कार्यालय के पास से बाइक चोरी प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)(नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के पास से बाईक चोरी के मामले में औरंगाबाद टाउन थाना के गंगटी गांव निवासी दीपक कुमार ठाकुर ने रफीगंज थाना में आवेदन दिया। उल्लेख किया कि अपने पत्नी के साथ अपने छोटे भाई का बाइक बी आर 26 एस 4596 स्प्लेंडर प्लस कार्यालय के बाहर लगा दिए थे। 4 बजे आये तो उक्त बाइक नहीं देखे।काफी खोजबीन किये कोई पता नहीं चला।अज्ञात चोर के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई। थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर मामले की तहकीकात की जा रही है।

## बनारसी बाबू दीवानी मामलों के विधिवेत्ता थे



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** रविववार को जिला विधिक संघ औरंगाबाद में दिवंगत वरीय अधिवक्ता बनारसी प्रसाद का 9 वीं पुण्यतिथि मनाई गई जिसकी अध्यक्षता जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह और संचालन संदीप कुमार ने किया, सर्वप्रथम उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया, पूर्व जीपी, गरीबों के हितैषी, सिविल धारा कंठस्थ रखने वाले , दर्जनों सिविल मामले के अधिवक्ताओ के आदर्श और सीनियर रहे थे, उनकी कमी आज़ भी व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में खलती है,इस अवसर पर उपस्थित थे महासचिव नागेंद्र सिंह, वरीय अधिवक्ता बैजनाथ प्रसाद, प्रदीप कुमार, सतीश कुमार स्नेही सहित अन्य उपस्थित थे।

# एसडीपीओ ने की लंबित कांडों की समीक्षा

निज संवाददाता



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद सदर एसडीपीओ मो. अमानुल्लाह खान ने रविवार को रफीगंज थाना में पूर्व एवं वर्तमान में लंबित कांडों की समीक्षा की। लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन हेतु थानाध्यक्ष एवं अनुसंधानकर्ता पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। एसडीपीओ ने कहा कि रफीगंज थाना की समीक्षा के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनज़र पुलिस प्रशासन की चौकसी बढ़ाई जा रही है। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। इस मौके पर थानाध्यक्ष गुफरान अली, एसआई परमजीत कुमार मंडल, एसआई कुशो कुमार, संजय कुमार, वर्षा कुमारी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एसडीओ-एसडीपीओ ने किया अवैध खनन रोकने हेतु बनाए गए चेकपोस्ट का निरीक्षण



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषिराज एवं अनुमंडल पदाधिकारी मनोज कुमार ने रविवार को दाउदनगर थाना क्षेत्र में अवैध खनन को रोकने के उद्देश्य से तेजपुरा चेक पोस्ट का निरीक्षण किया। चेक पोस्ट पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य पुलिस कर्मियों के कार्यों का निरीक्षण किया। अवैध खनन के रोकथाम हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# छठू सिंह के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन

निज संवाददाता



**बारूण (औरंगाबाद)।** बारुण प्रखंड के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप ए-वन प्लाजा के सभागार में उत्क्रमित मध्य विद्यालय रतनपुरा के शिक्षक छठू सिंह के सेवा निवृत्ति के बाद एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सम्मान समारोह की अध्यक्षता शिक्षक संघ के सक्रिय सदस्य मृत्युंजय कुमार सिंह ने किया।जबकि, संचालन योगेंद्र दुबे एवं मंकू सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर नबीनगर के विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू बाबू, बारुण प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल प्रखंड प्रमुख धनिकलाल मंडल, समाजसेवी एवं शिक्षक संघ के सक्रिय नेता राम प्रसाद सिंह, बारुण के पूर्व थाना प्रभारी अनिल दुबे, शिक्षक नेता संतोष कुमार सिंह, धनंजय कुमार सिंह,अशोक पाण्डेय, सासाराम के शिक्षक नेता बबलू सिंह,बीआरपी रेवती रमन शर्मा, सहित अन्य लोगों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होते हैं। उनका सारा जीवन शिक्षा को समर्पित रहता है।लोगों ने यह भी छठू सिंह शिक्षक का पेशा अपनाकर शिक्षा में क्रांति लाने का कार्य किया था। कार्यक्रम संयोजक रविशंकर सिंह एवं धर्मेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर किया गया। आज के सम्मान समारोह में मनोज कुमार सिंह अरविंद कुमार सिंह श्रवण कुमार रोशन कुमार जगदीश साहू विनय यादव नवलेश सिंह , सतीश पांडेय, ज्योति शकर कमेंद्र कुमार संतोष कुमार सिंह अनिल कुमार दुबे सहित अन्य उपस्थित थे।

# वृद्धजनों के हित में चलाए जा रहे योजनाओं की दी गई जानकारी

निज संवाददाता

**बारूण (औरंगाबाद)।** बारूण के सर्वेश्वरी सूमह आश्रम में बुनियाद केन्द्र के द्वारा बिहार माता पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण एवं कल्याण नियमावली 2012 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता जिला प्रबंधक बुनियाद केंद्र के धर्मपाल पियूष ने की। इस अवसर पर वृद्धजनों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं एवं बुनियाद केंद्र की सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन पेंशन योजना, बिहार माता पिता भरण पोषण अधिनियम, राष्ट्रीय वायोश्री योजना, मुख्यमंत्री वृद्धजन आश्रय स्थल योजना सहित बुनियाद केंद्र द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। वृद्धजनों के सम्मान हेतु समाज में जागरूकता लाने के विषय पर चर्चा किया गया एवं इसमें बुनियाद केंद्र की भूमिका को रेखांकित किया गया।इस मौके पर बिहार माध्यमिक शिक्षक संघ सह राज्य कार्यकारिणी सदस्य व सेवानिवृत्त हजारी सिंह, देवनंदन सिंह, बद्रीनारायण , मणि पाण्डेय, दामोदर दास गुप्ता के साथ कई सेवा निवृत शिक्षक व वृद्ध उपस्थित रहें।


## राजकीय मध्य विद्यालय, जम्होर

जम्होर, जिला-औरंगाबाद (बिहार)

**कोटेशन आमंत्रण की सूचना**

राजकीय मध्य विद्यालय, जम्होर के सन् 1905 ई0 के 06 कमरों वाले खपरैल जर्जर भवन को तोड़कर, मलवे को हटाते हुए, समतलीकरण करने के लिए कोटेशन डालने की अंतिम तिथि 03/02/2024 से बढ़ाकर 10/02/2024 की संध्या 05 बजे तक की जाती है। कोटेशन की शर्तें प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

सम्पर्क नं0-
9430609791
9122503422

प्रधानाध्यापक
रा.म. विद्यालय, जम्होर
जिला - औरंगाबाद


## दो मार्च से दो दिवसीय सीता थापा महोत्सव का होगा आयोजन

निज संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** दो दिवसीय सीता थापा महोत्सव का आयोजन 2 मार्च से होगा। महोत्सव का उद्देश्य सीता थापा को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाना एवं अपेक्षित है। स्थानीय कलाकारों और छात्र छात्राओं को मंच प्रदान करना प्राथमिकता हैर। यह निर्णय जिले के सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं बुद्धिजीवियों की बैठक में लिया गया। बैठक काइजर स्कूल में शिवगंज में उसके निर्देशक हरिद्वार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने बताया की सीता थापा को पर्यटन स्थल का दर्जा दिलाने एवं अपेक्षित विकास करने हेतु दो एवं तीन मार्च को सीता थापा महोत्सव शिवगंज में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष तेलडीहा निवासी विनय कुमार सिंह, सचिव प्रोफेसर दिनेश प्रसाद, उपाध्यक्ष अभय कुमार सिंह, सदस्य के रूप में गोकुल सिंह, सत्यचंडी महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह का चयन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी के रूप में हरिद्वार सिंह और निखिल कुमार का चयन किया गया।आयोजन प्रायोजक विधि से आयोजित करने एवं इसमें स्थानीय कलाकारों और छात्र-छात्राओं को मंच प्रदान करने का निर्णय लिया गया । विदित हो कि श्री राम ,मां सीता एवं लक्ष्मण अपने पिता राजा दशरथ के पिंड दान करने हेतु गया जाने के क्रम में सीता थापा में ठहरे थे। यहां रात्रि विश्राम किया था। मां सीता की उंगलियों की पहचान आज भी सीता थापा में विद्यमान है। इसके बावजूद इसे नहीं तो पर्यटन स्थल का दर्जा दिया गया और नहीं तो अपेक्षित विकास ही किया गया। इसी हेतु महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है ।बैठक में प्रोफेसर दिनेश प्रसाद, गोकुल सिंह, विनय सिंह, अभय सिंह , विजय सिंह, हरिद्वार सिंह, निखिल कुमार,विकास कुमार, सत्यचंडी महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## स्कूल प्रबंधक के घर डकैती मामले में तीसरा बदमाश गिरफ्तार

**पटना(नि.सं.)।** रामकृष्णा नगर थाना इलाके के खेमनीचक में दो दिन पहले निजी स्कूल के प्रबंधक मनोज कुमार के घर हुई डकैती के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपित गौतम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपित के पास से घटना में इस्तेमाल की गई बाइक, एक कट्टा और एक कारतूस बरामद कर लिया। रविवार को नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी भारत सोनी ने बताया कि बीते एक फरवरी को नयाचक खेमनी चक निवासी मनोज कुमार के घर में घुसकर अपराधियों ने मारपीट करने के साथ ही लूटपाट की थी।


बिहार सरकार
समाज कल्याण विभाग
समेकित बाल विकास सेवाएं (ICDS) निदेशालय

# लाभार्थी पंजीकरण में सेविकाओं की भूमिका

सभी सेविकाएं ध्यान दें

आँगनवाड़ी केंद्रों मे प्रदान की जाने वाली सम्पूर्ण सेवाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु लाभार्थियों का आधार कार्ड के साथ पंजीकरण आवश्यक है तथा साथ मे निम्नलिखित कार्य सुनिश्चित करें:-



1. लाभार्थी का पोषण–ट्रैकर मे नामांकन /पंजीकरण
2. योग्य लाभार्थियों को आभा आई.डी. बनाना ("आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता")
3. लाभार्थियों का मोबाईल नंबर एवं आधार संख्या सत्यापन के पश्चात ही आभा आई.डी. बनाना है।

ABHA

आभा कार्ड में लाभार्थी का मेडिकल रिकॉर्ड संधारित रहता है, जिसे लाभार्थी अपने डॉक्टर के साथ साझा कर सकते हैं।



PR No.- 016505 (SWD)D. 2023-24

आई.सी.डी.एस. निदेशालय
इंदिरा भवन, राम चरित्र सिंह पथ
पटना - 800001

दूरभाष संख्या – 9471002783, ई–मेल : icds.bih.gov@gmail.com, वेबसाईट : icdsbih.gov.in
Follow us on: ICDSBR @IcdsDirectorate icds_directorate www.youtube.com/@icdsdirectoratebihar